द्विभाषी राष्ट्रसेवक

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 ❖ अंक : 8/9 ❖ नवंबर/दिसंबर, 2023

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 **अंक : 8/9** **नवंबर/दिसंबर, 2023**

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

डॉ. किरण हजारिका
सम कुलपति, इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय
नयी दिल्ली-68

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :

प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32

फोन : 9101541395, 9101541380

ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : ₹100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : इंटरनेट से साभार

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्ट्रियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ
	हिंदी विभाग		
	संपादकीय		*4*
1.	एक गुमनाम कहानीकार जानकीवल्लभ शास्त्री	✍ डॉ. अमरेंद्र त्रिपाठी	5
2.	विस्थापन की समस्या और हिंदी उपन्यास	✍ डॉ. शगुन अग्रवाल	9
3.	समकालीन भारतीय नेपाली कविता और सुधा एम. राई की रचना दृष्टि	✍ डॉ. प्रदीप त्रिपाठी	19
4.	भारत रत्न भूपेन हजारिका और बाबा नागार्जुन के काव्य में सामाजिक चेतना	✍ सुनील साहनी	23
5.	दलित स्त्री जीवन का यथार्थ दस्तावेज : हिंदी दलित कहानी	✍ अनामिका	30
6.	मुक्तिबोध का अंतर्द्वंद्व : जैनेन्द्र कुमार के पुरस्कृत उपन्यास मुक्तिबोध के संदर्भ में	✍ अर्पणा कुमारी	35
7.	महाभारत में पर्यावरण संरक्षण संबंधित चिंतन	✍ उज्ज्वल दास	41
8.	राष्ट्र की सांस्कृतिक मौलिकता के रस-स्रोत लोकगीत	✍ शेषांक चौधरी	49
9.	भारतीय जाति व्यवस्था में अन्य पिछड़े वर्ग की स्थिति	✍ अविनाश जाटव ✍ प्रो. नीता बोरा शर्मा	54
10.	फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों में निर्मित ध्वनि चित्र	✍ दिगंत बोरा	60
11.	महात्मा गाँधी : शैक्षिक विचार और उनकी प्रासंगिकता	✍ धर्मवीर	65
	অসমীয়া বিভাগ		
12.	‘ টাই-আহোম ভাষাৰ সৰ্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন’	✍ উদয়ন বড়া	70
13.	মামণি ৰয়ছমৰ ‘পৰশু পাতৰৰ নাদ’ আৰু আৰ. কে. নাৰায়ণৰ ‘ইঞ্জিন ট্ৰাব’ল’ ঃ এটি তুলনামূলক আলোচনা	✍ ড° গকুল কুমাৰ দাস	77
14.	অসমৰ মেচ জনগোষ্ঠী ঃ এটি ঐতিহাসিক অৱলোকন	✍ ফণীধৰ মেচ	83
15.	অসমীয়া আৰু ইংৰাজী অভিধানৰ শব্দসম্ভাৰ ঃ গঠন, উৎস আৰু পৰিৱৰ্তনৰ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ বনশ্ৰী হাজৰিকা	90
16.	পৰিৱেশ মাৰ্ক্সবাদী দৃষ্টিভঙ্গীৰ আধাৰত নৱকান্ত বৰুৱাৰ কবিতা ঃ এক অধ্যয়ন	✍হিৰণ্য কুমাৰ বৰা	97
17.	স্থাননাম আৰু প্ৰব্ৰজন (নলবাৰী জিলাৰ স্থাননামৰ বিশেষ উল্লিখন সহ)	✍ ভাস্কৰজ্যোতি ডেকা	105
18.	কালিকাপুৰাণত প্ৰতিফলিত অসম ঃ এক আলোকপাত	✍ অৰুণ শৰ্মা	111
19.	বীৰেন্দ্ৰকুমাৰ ভট্টাচাৰ্যৰ উপন্যাসত ৰাজনৈতিক চেতনা	✍ কস্তুৰী বৰা	117
20.	অসমীয়া ভাষাৰ ব্যক্তিবাচক নিৰ্দেশক শব্দৰ ব্যৱহাৰত সামাজিক প্ৰেক্ষাপটৰ ভূমিকা ঃ এটি প্ৰসংগাৰ্থবিজ্ঞানভিত্তিক অধ্যয়ন	✍ ভায়োলিনা ডেকা ✍ ড° দীপামণি হালৈ মহন্ত	126
21.	লক্ষ্মীনন্দন বৰাৰ ‘গঙা চিলনীৰ পাখি’ উপন্যাসৰ আলোচনা	✍ বনজিৎ শৰ্মা	134
22.	গীত	✍ উমেশচন্দ্ৰ চৌধাৰী	139

संपादकीय

हिंदी कविता की भाषा

'असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति' की स्थापना का उद्देश्य यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत में हिंदी का प्रचार-प्रसार हो। एक तरह से यह संस्था पूरी तरह से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार से जुड़ गई। इस संस्था ने फरवरी 1951 में समिति के मुखपत्र 'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' का प्रकाशन आरंभ किया। पूर्वोत्तर भारत का यह पहला हिंदी-असमीया मुखपत्र था। फरवरी 1951 से अनवरत इसका प्रकाशन हो रहा है। चूँकि यह संस्था पूर्णत: भाषा, समाज, साहित्य और संस्कृति के प्रचार-प्रसार से जुड़ी हुई है, इसलिए इस बार हिंदी कविता की भाषा पर संपादकीय लिखना उचित लग रहा है। भावों की अभिव्यक्ति के तमाम संसाधनों में भाषा एक सशक्त माध्यम है। इस क्रम में रचनाकार की भाषा सामान्य जन की भाषा की तुलना में संप्रेषणीयता के स्तर पर कई गुना अधिक शक्तिशाली होती है। अपनी अभिव्यक्ति को अर्थपूर्ण बनाने के क्रम में रचनाकार किन-किन कोनों-अंतरों में भटकता है, यह कहना अत्यधिक कठिन है। रचनाकार की अनुभूति जितनी अधिक सामाजिक यथार्थ से जुड़ी होगी, उसकी भाषा उतनी ही ऊर्जा-संपन्न होगी। हिंदी कविता की समृद्ध विकास-परंपरा इस बात का प्रमाण है। विद्यापति से लेकर वीरेन डंगवाल तक की सुदीर्घ कविता की भाषा-परंपरा इस बात का प्रमाण है कि कालजय और ठोस रचनाकार रूढ़ और जर्जर भाषा का त्याग कर नए भाषिक आयाम स्थापित करते हैं।

सन् उन्नीस सौ पचहत्तर के आसपास हिंदी कविता के कथ्य और शिल्प में भारी परिवर्तन के लक्षण दिखाई देने आरंभ हो गए हो, जो क्रमश: विकसित होकर एक नए काव्यानुभव काव्य-वस्तु की एक नई सौंदर्य चेतना काव्यरूप की एक नई दीप्ति के साथ समकालीन काव्य-परिदृश्य पर एक नई दस्तक दे रहे हैं। एक कालखंड में चार पीढ़ियों का एक साथ सर्जनरत होना अपने-आप में सुखद अनुभव है। निश्चित रूप से इन कवियों का रचनात्मक बोध और रचना-पद्धति इतनी ताजगी से युक्त एवं ऊर्जावान है कि वयस्क होती कविता अपनी संपूर्ण संभावनओं के साथ अपनी ओर आकर्षित करती है। इनकी रचना-प्रक्रिया की जमीन अधिक उर्वर और बेहतर सृजन की संभावनाओं से युक्त है। ये सभी रचनाकार एक ऐसी वैचारिक और भावात्मक तैयारी के साथ सामने आए हैं, जिसमें जीवन के प्रति एक अकुंठ रागात्मकता दिखाई पड़ती है। कविता एक बार पुन: घर-गृहस्थी, जंगल, पेड़, नदी, गुफा, तालाब, मेंड़, खेत-खलिहान, मछली, सागर, घर, माँ, पिता, बहन, बेटी, आग, भूख, रोशनी, तवा, चूल्हा, रोटी जैसे आत्मीय प्रसंगों की ओर लौट रही है। यह 'पीछे देखूँ' वाली स्थिति नहीं है बल्कि अपनी जमीन का पुनराविष्कार है। बिना इस भव्यताबोध के कि पुराना स्वर्णिम था। भाषा, विचार और संस्कृति की गहरी पहचान लिए हुए ही कविता एक बार पुन: अपने आदिम हथियारों, सामानों, कबीलों, जंगलों, कटते पेड़ों, शिकारों, उत्तेजनाओं और अन्यान्य व्यापारों को नए सिरे से समझने-बूझने का प्रयत्न करती है। इस क्रम में कविताओं का तेवर अपेक्षाकृत अधिक ऐंद्रीयता प्राप्त कर रहा है।

यह पहला अवसर है जब समकालीन परिवेश को, उसके अनुभवों को समूचे संदर्भ के साथ सशक्त भाषा में अभिव्यक्ति मिली। पहली बार भाषा को उसकी मूल्यवत्ता प्राप्त हुई। भाषा में निहित अर्थ से अतिरिक्त अर्थ-संप्रेषण की कामना से रचनाकारों ने एक-एक शब्द को अर्थपूर्ण सिद्ध करने के क्रम में समूचे संदर्भ को पकड़ने की कोशिश की। इस क्रम में रचनाकार की सोच, अनुभूति तथा जीवन दृष्टि व्यापक रूप से प्रभावित हुई। इन तीनों को परिवर्तित और संवर्धित करने में युग की मानसिकता व संवेदना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह समकालीन कवियों के संदर्भ-फलक की व्यापकता एवं गहराई के कारण भाषा पहले के दौरा की भाषा से पूरी तरह अलग जमीन तैयार करती है। कविता की भाषा में परिवर्तन की यह प्रक्रिया अज्ञेय, मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना और धूमिल से ही प्रारंभ हो गई थी। इसे क्रमश: और भी ठोस आकार दिया राजेश जोशी, अरुण कमल, भगवत रावत, कुमार अंबुज, विनोद दास, मंगलेश डबराल, लीलाधर मंडलोई, देवी प्रसाद मिश्र, वीरेन डंगवाल आदि रचनाकारों ने। इन रचनाकारों के हाथों में पड़कर भाषा इस काल के गहरे सरोकारों से जुड़ी। इसमें आम आदमी की बोलचाल की भाषा, उसकी शैली और उसकी संवेदनाओं का समावेश हुआ। बिंब, प्रतीक, मिथक, द्वंद्व, रूपक, उपमान, लयात्मकता आदि काव्यभाषा के निकष संतुलित और सार्थक रूप से प्रयुक्त हुए। भाषा-प्रयोग में कहीं भी किसी प्रकार की हड़बड़ी नहीं दिखलाई देती है। यहाँ तक कि आक्रोश तथा विद्रोह जैसी प्रवृत्ति भी शांत-संयत परंतु मारक तथा तिलमिला देने वाली भाषा में व्यक्त हुई हुई है। यही इस काल की सबसे बड़ी विशेषता है। कविता की इन्हीं विशेषताओं ने मुझे भाषा पर संपादकीय लिखने के लिए प्रेरित किया।

अंत में इस अंक के लेखकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

एक गुमनाम कहानीकार जानकीवल्लभ शास्त्री

डॉ अमरेन्द्र त्रिपाठी

सह-आचार्य, हिंदी विभाग
इलाहबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
7697425204
amarrgu@gmail.com

हिंदी साहित्य में अक्सर यह हुआ है कि किसी एक विधा के सफल लेखक द्वारा अन्य विधाओं में किए गए लेखन पर पाठकों-आलोचकों का ध्यान कम गया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, अज्ञेय या मुक्तिबोध की तरह यदि भिन्न-भिन्न विधाओं में समान गति-लय से विचरण करने की क्षमता लेखक में है, तब तो उसको 'इग्नोर' कर पाना कठिन है। पर अगर किसी विधा में शिखर पर विराजमान लेखक अन्य विधा में गाहे-बगाहे कुछ लिखता है तो उस पर ध्यान नहीं ही जा पाता है। हिंदी साहित्य-जगत के प्रसिद्ध कवि-गीतकार जानकीवल्लभ शास्त्री के साथ भी ऐसा ही हुआ। एक कवि के रूप में उनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर की रही, लेकिन लगभग पंद्रह वर्षों के अंतराल में लिखे गए उनके तीन कहानी-संग्रहों को खास मान्यता नहीं मिल पाई। स्वयं शास्त्रीजी इन कहानियों की कलात्मक श्रेष्ठता को लेकर आश्वस्त नहीं थे, *'ये कहानियाँ हिंदी के कथा-साहित्य का भंडार भरेंगी, युग-पूजित धुरंधर कलाकारों का स्नेह-आदर प्राप्त करेंगी, इतने बड़े भ्रम का मैं कायल नहीं; ऐसी गगनचुंबी आशा मेरे संकुचित मन में नहीं मँडरा रही।'*[1]

यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उनके कथाकार व्यक्तित्व का विकास उनके कवि-मन के विस्तार के साथ-साथ ही हुआ, जिसका असर उनकी कहानियों पर भी है। भावुकता इनकी कहानियों का मूलाधार है, जो स्त्री-पुरुष संबंधों का नया आकाश खोलती है। कुल तीन कहानी-संग्रहों- 'कानन' (1939 ई), 'अपर्णा' (1941 ई), 'लीला कमल' (1955 ई)- के द्वारा शास्त्रीजी ने स्त्री-जीवन के कारुणिक आख्यान के साथ-साथ पारिवारिक जीवन के मूल, स्त्री-पुरुष के रिश्तों को नया मोड़ देने का प्रयास किया है, जिस पर हिंदी जगत में कम ध्यान दिया गया है। वर्ष 2014 में प्रकाशित 'बरगद के साए में' शास्त्रीजी के शुरुआती दो कहानी-संग्रहों- 'कानन' और 'अपर्णा' की समस्त कहानियों का क्रमवार संकलन है, पर इसमें संकलित अंतिम तीन कहानियाँ बिल्कुल नई हैं, जो

उनके किसी भी पूर्ववर्ती संग्रह में शामिल नहीं हैं। 'कानन' की एक कहानी 'भाई बहन' का नाम बदलकर नए संग्रह में 'एक थी शांति' कर दिया गया है, शेष कहानियों का शीर्षक समान है।

'बरगद के साए में' कहानी-संग्रह की अधिकांश कहानियाँ सन 1942 के पहले ही लिखी और प्रकाशित हो चुकी थीं। वह समय देश में आजादी की लड़ाई के साथ-साथ समाज-सुधार का भी था। आर्य-समाज, प्रार्थना-समाज, गाँधीवाद और मार्क्सवाद जैसी विभिन्न चिंतन-धाराओं द्वारा उस समय लोगों की सोच में तेजी से बदलाव की कोशिशें हो रही थीं। इस दौर के समाज-सुधार का ज्यादा बल स्त्री पर था। बाल-विवाह, विधवा जीवन, स्त्री-अशिक्षा, सती-प्रथा जैसी स्त्री-जीवन की तमाम समस्याओं पर लोग अपने तरीके से लिख-बोल रहे थे। बंगाल इस मामले में देश का नेतृत्व कर रहा था। कलकत्ता में स्त्री के जीवन में बदलाव का न केवल दम भरा जाता था, बल्कि वहाँ की स्त्रियाँ देश के अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा समझदार और स्वतंत्र हो गई थीं। शास्त्रीजी के युवाकाल का अधिकांश कलकत्ता में बीता, जिस कारण स्त्री को लेकर उनकी सोच में बदलाव हुआ। उनकी चाहत थी कि बंगाल की तरह ही बिहार के साथ-साथ तमाम हिंदीभाषी समाज भी स्त्री को घर और सोच के कारागृह से मुक्त करे। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर भावुक गीतकार जानकीवल्लभ शास्त्री ने कहानी लेखन की ओर यह कहते हुए कदम बढ़ाया कि, *'मेरी कोशिश तो महज औसत दर्जे के पाठकों के लिए है, जो सिफारिशी कला को बला समझकर टाल जाते हैं; जिन्हें दिल बहलाव के साथ-साथ थके-माँदे दिल पर चुपके से एक प्रभाव छोड़ जाने वाली कहानियाँ ही रफ्ता-रफ्ता थपकियाँ दे-देकर सुलातीं, ख्वाब बनकर मूँदी पलकों के पालने पर पैंगे भरातीं और खुले में पर खोले पंछी की प्रभाती तान बनकर सुबह मीठी नींद से जगा जाती हैं।'*[2]

शास्त्रीजी ने अपनी कहानियाँ भले ही 'औसत दर्जे' के पाठकों के लिए लिखी हों लेकिन वह औसत दर्जे की नहीं हैं, कम-से-कम कथ्य के स्तर पर। वैसे भी साहित्य का अधिकांश पाठक-वर्ग, जो समाज का बड़ा हिस्सा होता है, औसत दर्जे का ही होता है। तो शास्त्रीजी का उद्देश्य बेहतर कहानियाँ लिखना नहीं, बल्कि अपनी कहानियों के माध्यम से बेहतर समाज बनाना था। यही कारण है हिंदी साहित्य के किसी भी इतिहास में जानकीवल्लभ शास्त्री का नाम एक कहानीकार के रूप में दर्ज नहीं है।

'बरगद के साए में' कहानी-संग्रह में कुल तेईस कहानियाँ हैं, जिनमें से पंद्रह कहानियाँ सीधे-सीधे किसी स्त्री के जीवन से संबंधित हैं। इन कहानियों में स्त्री-जीवन के अनेकानेक संकटों को भिन्न-भिन्न कथा-परिदृश्यों में बाँधकर प्रस्तुत किया गया है। संग्रह की पहली कहानी 'कानन' है, जिसमें विवाहित युवक ललित समाजिक दबाव में हुए अपने विवाह से असंतुष्ट होकर अपनी सहपाठी कानन से प्रेम करने लगता है, जिससे दुखी होकर उसकी पत्नी लीला मायके जाकर अपनी जीवन-लीला समाप्त कर लेती है। इस अपराध-बोध से ग्रस्त होकर ललित और कानन भी एकाकी जीवन जीने के लिए अभिशप्त होते हैं। यह कहानी उस पारंपरिक भारतीय विवाह पद्धति पर बहुत धीमे वार करती है, जिसमें गाँव, मुहल्ला,

जाति, समुदाय, परिवार, प्रतिष्ठा सबकी परवाह कर उसका तो मेल किया जाता है, बस जिसका मेल नहीं किया जाता वह उन दो व्यक्तियों के दिल होते हैं, जिनको जीवन भर साथ-साथ रहना होता है। कहानी का नायक ललित कहता है कि *'शादी की है पिताजी के निष्ठुर हठ ने, समाज के अंगारों की भाँति जलती हुई आँखों से मुझ जैसों को खाक कर देनेवाले इशारे ने, तिलक ने, दहेज ने, पर मैंने हरगिज नहीं।'*[3]

भारत में स्त्री का समस्त जीवन विवाह-व्यवस्था में बँधा होने को अभिशप्त रहा है। स्त्री का मरण और मुक्ति दोनों ही उसके वैवाहिक जीवन से ही जुड़ा है। अविवाहित स्त्री के जीवन की परिकल्पना ही यहाँ संभव नहीं और न ही पतिविहीन जीवन की। शास्त्रीजी ने इस संग्रह की तमाम कहानियों के द्वारा भारतीय विवाह व्यवस्था में विद्यमान कुरीतियों पर जोरदार प्रहार करते हुए उसका विकल्प प्रस्तुत किया है। विवाह प्रेम की परिणति होना चाहिए, न कि विवाह के बाद प्रेम। 'कानन', 'गंगा', 'दो बहनें', 'प्रभा' और 'बरगद के साए में' नामक कहानियाँ विवाहेत्तर प्रेम संबंधों को केंद्र में रखकर बुनी गयी हैं। 'एक थी शांति', 'गंगा' और 'रोदन का राग' में बाल-विधवा का दर्द समाहित है और 'वेश्या' तथा 'प्रभा' में बेमेल-विवाह की त्रासदी को चित्रित किया गया है। इन अधिकांश कहानियों में विवाह-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने के बावजूद शास्त्रीजी आधुनिक स्त्री-विमर्श की तरह इस व्यवस्था को ही खत्म करने की वकालत नहीं करते बल्कि उसमें बदलाव की दिशा तय करते हैं। वे जानते हैं कि इस विषमतापूर्ण समाज में परिवार से बाहर जा कर भी स्त्री सुरक्षित और स्वतंत्र नहीं रह सकेगी। 'अभिनेत्री' कहानी की नायिका पारिवारिक बंधनों में नहीं बँधी है, पर बाहरी दुनिया का सच जानकर उसकी एकमात्र ख्वाहिश किसी के साथ विवाह करने की ही है। 'वेश्या' कहानी की ज्योति बेमेल विवाह को अस्वीकार कर घर से बाहर तो निकल जाती है, लेकिन उस बाहरी दुनिया में भी उसके लिए एक मात्र जगह वेश्यालय ही है, जहाँ एक दूसरे तरह का शोषण है। घर और बाहर के बीच भटक रही स्त्री की पीड़ा को 'वेश्या' कहानी के अंत में रचनाकार ने बहुत सुंदर तरीके से व्यंजित किया है, जहाँ अपने जीवन से तंग नीलम तय करती है कि वह ज्योति को वेश्या नहीं बनने देगी, और घर से बेघर हुई ज्योति को लगता है कि अब वेश्या बन जाना ही उसके लिए एकमात्र विकल्प है।

दरअसल शास्त्रीजी की तमाम कहानियों का प्लाट भले ही अलग-अलग हो और उसके नारी और पुरुष पात्रों के नाम भी अलग-अलग हों, लेकिन हैं वह एक ही नारी और पुरुष। ये पात्र तत्कालीन व्यवस्था से नाराज हैं और अपने जीते-जी उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। यही कारण है कि इनकी कहानियों के अधिकांश सदचरित्र तत्काल अपनी जान दे देते हैं। वह वक्त ही ऐसा था कि जिस सोच पर वे चल रहे थे, उसमें जीवन मुश्किल और मौत आसान थी, कई मामलों में आज भी है। वे स्त्री-पुरुष समानता के पक्षधर और उदात्त प्रेम को प्रतिष्ठा प्रदान करने वाले थे। शास्त्रीजी ने अपनी कहानियों में बहुत ही बारीकी से समाज के दोगले चरित्र पर भी प्रहार किया है। 'ईश्वर' कहानी का लोभी वैद्य पैसा पाने के लिए तो किसी भी जाति के घर जाने से नहीं हिचकता लेकिन अपने बेटे नरेन के सबसे प्रिय दोस्त ईश्वर को केवल इसलिए घर आने से रोक देता है, क्योंकि वह भंगी है। 'विनाश के पथ पर' कहानी का नायक रमारमण अपने आदर्शों के खातिर डॉ. अविनाश के यौन-शोषण का शिकार हुई सुवासिनी का पक्ष लेता है, लेकिन अविनाश अपने पैसे के दम पर सारे समाज को अपने पक्ष में कर लेता है (यहाँ तक कि सुवासिनी को भी) और रमारमण बेघर हो जाता है।

शास्त्रीजी ने अपने दूसरे कहानी संग्रह 'अपर्णा' की भूमिका में लिखा है कि *'मेरी शैली अच्छी है या बुरी पता नहीं। मगर वह किसी की नकल नहीं है, इतनी सी असलियत मैं जानता हूँ।'*[4]

यह सच है कि शास्त्रीजी की कहानियाँ किसी की नकल नहीं हैं, पर उन पर जयशंकर प्रसाद का खासा प्रभाव है – कथानक से लेकर कहन के अंदाज तक पर। शिल्प के स्तर पर शास्त्रीजी की कहानियाँ थोड़ी कमजोर हैं, शायद इसीलिए एक कथाकार के रूप में उनको वैसी प्रतिष्ठा नहीं मिली जैसी उन्हें मिलनी चाहिए थी। पर, कथ्य के स्तर पर ये कहानियाँ अपने समय से बहुत आगे हैं। इसमें स्त्री के साथ-साथ पुरुषों के जीवन में भी रंग भर देने की क्षमता है। ये कहानियाँ 'मर्दवादी' समाज की सोच, संवेदना और मूल्यबोध पर कड़ा प्रहार करते हुए उनके भीतर स्त्री और उसकी समस्याओं के प्रति संवेदित करती हैं। शास्त्रीजी के कवि रूप के आभामंडल में उनका कहानीकार व्यक्तित्व दब गया। उन्होंने उसे प्रतिष्ठित करने का प्रयास भी नहीं किया, लेकिन उनकी कहानियाँ अपने समय के साथ बेहतर संवाद करती हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. 'जानकारी वल्लभ शास्त्री, 'बरगद के साए में' (2014 ई.), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली : भूमिका से
2. वही
3. वही : 12
4. जानकी वल्लभ शास्त्री 'अपर्णा' : भूमिका से

कहानी वह रचना है, जिसमें जीवन के किसी एक अंग या किसी मनोभाव को प्रदर्शित करना ही लेखक का उद्देश्य रहता है। उसके चरित्र, उसकी शैली, उसका कथा-विन्यास उसी एक भाव की पुष्टि करते हैं। उपन्यास की भाँति उसमें मानव जीवन का संपूर्ण तथा बृहत रूप दिखाने का प्रयास नहीं किया जाता। वह ऐसा रमणीय उद्यान नहीं, जिसमें भाँति-भाँति के फूल, बेल-बूटे सजे हुए हैं, बल्कि एक गमला है जिसमें एक ही पौधे का माधुर्य अपने समुन्नत रूप में दृष्टिगोचर होता है।

- मुंशी प्रेमचंद

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

विस्थापन की समस्या और हिंदी उपन्यास

डॉ. शगुन अग्रवाल

प्रोफेसर, हिंदी विभाग
श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय,
दिल्ली विश्वविद्यालय
9911409460
shagagar945@gmail.com

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य का इतिहास' के आरंभ में ही यह लिखकर, ''जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। जनता की चित्तवृत्ति बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, सांप्रदायिक तथा धार्मिक परिस्थितियों के अनुसार होती है''[1] - साहित्य और समाज के अनिवार्य संबंध को बड़ी गंभीरता से रखांकित कर दिया था। साहित्य जनता की चित्तवृत्ति का वाहक होने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में जोड़ने और परवर्ती काल की जनता को पूर्ववर्ती सामाजिक संरचना, जीवन शैली, कला संस्कृति आदि से अवगत कराने का जरिया भी होता है। 'कला, कला के लिए' (Art for the sake of Art) हो या कला, जीवन के लिए (Art for the sake of Life)- इस बहस में पड़े बिना भी यह बेझिझक कहा जा सकता है कि कला के मानदंड कहीं-न-कहीं जीवन के, समाज के संदर्भों से जुड़े होते हैं। कलाकार, जो कि माध्यम है, कला को अभिव्यक्त करने का, समय और समाज के प्रभाव से बच नहीं सकता है। विजयदेव नारायण साही 'साहित्य और साहित्यकार का दायित्व' में लिखते हैं - 'एक स्तर पर भाषा, विचार और साहित्य- ये भिन्न नहीं रह जाते और जैसे-जैसे उनमें घनत्व बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे लेखक जो उस भाषा से दिन-रात उलझ रहे हैं, उनके अनुभव समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं।'[2]

यहाँ जिस अनुभव की बात साही जी कर रहे हैं, वह अनुभव लेखक समाज के अच्छे-बुरे, खट्टे-मीठे यथार्थ से अर्जित करता है और उन्हीं के कारण उसकी अभिव्यक्ति और दृष्टि में परिवर्तन और प्रयोग होते हैं।

पिछले कुछ दशकों में भूमंडलीकरण, नव्य उदारतावाद, उपभोक्तावाद, शहरीकरण आदि के चलते समाज में बदलाव और तथाकथित विकास का एक अजब मंजर सामने आया। पूँजी, सत्ता और आतंक के गठजोड़ ने

देश और समाज को हिला कर रख दिया। आजादी के बाद से विकास के बारे में सबसे ज्यादा चर्चाएँ हो रही हैं। यह सच है कि विकास हो रहा है, पर सवाल यह है कि किस तरह का और किस कीमत पर यह विकास हो रहा है। आज हमारा सामाजिक पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था संकटग्रस्त है। पानी का संकट है, जंगलात के नष्ट होने का संकट है, नाले जाम पड़े हैं, पर्यावरण प्रदूषण का संकट है। शहरों में जितनी तेजी से विकास के नाम पर बहुमंजिला इमारतें, फ्लाईओवर, एलिवेटेड कॉरीडोर बन रहे हैं, उतनी ही तेजी से झुग्गी झोंपड़ियों की संख्या बढ़ रही है। शहरों में जितने लोग घरों में रहते हैं, उससे ज्यादा सड़कों, गंदी बस्तियों में रहते हैं।

विकास के इस दौर की सबसे बड़ी महामारी है उपभोक्तावाद। अकेले भारत और चीन में दुनिया के बीस फीसद उपभोक्ता रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, किंतु असमानता कम नहीं हो रही। उपभोक्ता संस्कृति के विकास की सामाजिक स्तर पर हर व्यक्ति को बड़ी भारी कीमत अदा करनी पड़ती है। उपभोग की सबसे बड़ी कीमत कर्ज के रूप में अदा होती है, साथ ही उपभोग समय, संबंधों, परिवार, मित्रों को अपदस्थ कर देता है। अनेक देशों में मोटापा, अपराध, अवसाद आत्महत्या, नशीले पदार्थों का सेवन, एकाकीपन, लिंग की जटिल समस्याएँ, सांस्कृतिक पहचान का क्षय आदि समस्याओं को बढ़ावा मिला है। पूँजी के अबाध आवागमन और सूचना तकनीक के प्रसार ने एकदम नए किस्म की दुनिया निर्मित की है, अमेरिकी सभ्यता और समाज को पश्चिम के आदर्श मॉडल के रूप में पेश किया है। मध्यवर्ग इस दुनिया की चमक में खो गया है और गरीब किसान और मजदूर अवाक हो गया है। इस नई व्यवस्था के दबाव से व्यक्ति का बचना मुश्किल है और इसके चलते विस्थापन, पलायन, बेगानापन इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। समय, समाज और संबंधों का यह बदलता हुआ स्वरूप हिंदी के कथा साहित्य में लगातार



दर्ज होता रहा है।

मानव सभ्यता का इतिहास और विस्थापन संभवत: समानांतर धाराएँ हैं। पहला विस्थापन कब हुआ, यह जान पाना तो संभव नहीं है, परंतु इतना तय है कि विभिन्न सभ्यताओं के अंतर्गत साम्राज्यों की सीमाओं के विस्तार हेतु होने वाले युद्धों और नगरों और भौतिक संपदाओं के निर्माण ने संभवत: विस्थापन की नींव रखी होगी। भारत के संदर्भ में जहाँ तक विस्थापन का सवाल है, तो इसके तीन मुख्य कारण दिखाई देते हैं – औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों द्वारा जबरदस्ती मजदूरों के रूप में विभिन्न देशों में भेजे गए गरीब, लाचार भारतीय, जिन्हें गिरमिटिया के नाम से जाना जाता है। विस्थापन का दूसरा दौर भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी, देश विभाजन के समय का है। इन दोनों ही कारणों से हुआ विस्थापन अपनी प्रकृति में स्थायी, बलात और अंतर्राष्ट्रीय था। स्वतंत्र भारत में विस्थापन का सबसे बड़ा कारण बनी विकास हेतु चलाई गई

विभिन्न परियोजनाएँ। इन तीनों ही कारणों से हुए विस्थापन की त्रासद सच्चाई हिंदी के उपन्यास साहित्य में बड़ी ईमानदारी के साथ व्यक्त हुई है।

इतिहास के अनुसार औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों द्वारा गिरमिटिया प्रथा सन 1834 में शुरू की गई थी, जिसमें गरीबी, लाचारी, बेरोजगारी, भुखमरी से बेहाल 10 से 15 हजार भारतीय मज़दूरों को हर साल गुलाम बनने की शर्त पर एक एग्रीमेंट करवाकर फिजी, ब्रिटिश गुयाना, डच गुयाना, कीनिया, मॉरीशस, ट्रिनीदाद, टोबैगो, नेटाल (दक्षिण अफ्रीका) आदि देशों में भेज दिया जाता था। चूँकि ये लोग एग्रीमेंट के तहत जाते थे और भारतीय लोग इस अंग्रेजी शब्द का उच्चारण गिरमिट करते थे, अत: शनै:-शनै:अंग्रेज भी उनको गिरमिट मजदूर कहने लगे। गिरमिटिया प्रथा बाकायदा सरकारी नियमों और सरकारी संरक्षण प्राप्त लोगों के कारोबार के तहत खूब फली-फूली। जिन देशों में ये भारतीय गुलाम इस प्रथा के तहत भेजे गए, आज भी वे देश गिरमिटिया देशों के नाम से जाने जाते हैं।

उस समय भले ही इन मजबूर मजदूरों की देशभक्ति ने परिवार के भरण-पोषण की जरूरत के आगे घुटने टेक दिए, लेकिन उन देशों में पहुँचकर भी इन्होंने अपने देश की संस्कृति, त्योहारों और परंपराओं को नहीं छोड़ा। वे वहाँ गन्ने के खेतों में काम करते हुए मानस की चौपाइयों का गान करते थे और संकट में हनुमान चालीसा पढ़ते थे। एग्रीमेंट के कारण वे पाँच साल बाद छूट तो सकते थे, लेकिन उनके पास इतना धन नहीं होता था कि वे भारत वापिस लौट सकें। गिरमिटिया एग्रीमेंट के तहत ये मजदूर बेचे जा सकते, काम न करने की स्थिति में अथवा कामचोरी करने पर बुरी तरह दंडित भी किए जा सकते थे। यहाँ तक कि गिरमिटियों को विवाह करने की भी छूट नहीं थी और यदि कुछ गिरमिटिया विवाह कर भी लेते थे तो उनके परिवार पर भी गुलामी वाले नियम लागू होते थे। इसके तहत उनकी स्त्रियाँ और बच्चे किसी और को बेचे जा सकते थे। शिक्षा, मनोरंजन आदि मूलभूत आवश्यकताओं से भी उनको वंचित रखा जाता था। इन सभी सख्तियों में बँधे उन निरीह भारतीयों को किसी भी तरह से अपना हृदय कठोर बनाकर हजारों किलोमीटर दूर उन विदेशी भूमियों में ही बसना पड़ा। अपने लोग, अपना देश सब छूट गया था, शेष था तो सिर्फ मन में गहरे बसी अपनी संस्कृति, परंपराएँ और अपनी भाषा हिंदी, जिनको गिरमिटिया मजदूरों से कोई एग्रीमेंट किसी भी प्रकार से छीन नहीं सकता था। वैसे तो सन 1917 में ब्रिटिश सरकार ने इस गिरमिटिया एग्रीमेंट को महात्मा गांधी, गोपाल कृष्ण गोखले के साथ-साथ ब्रिटिश सी.एफ. एंड्रयूज और हेनरी पोलाक सहित अनगिनत भारतीयों के लिए इस अमानवीय प्रथा को समाप्त करने की मुहिम छेड़ने के चलते निषिद्ध घोषित कर दिया था, परंतु जो भारतीय उन देशों से कभी नहीं आ पाए, वे मजबूरन वहीं बस गए।

हिंदी साहित्य में प्रवास प्रक्रिया का वैचारिक प्रारंभ मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'यह मेरी जन्मभूमि है'(1903) से माना जा सकता है। प्रेमचंद की एक अन्य कहानी 'शूद्रा' मॉरीशस के गिरमिटिया मजदूरों के जीवन पर आधारित है। गरीब, लाचार जनता को छल से मॉरीशस भेजने के संदर्भ में इस कहानी का एक अंश दृष्टव्य है-

'गौरा के प्राण नहों में समा गए। मालूम हुआ जहाज अथाह जल में डूबा जा रहा है। समझ गई बूढ़े ब्राह्मण ने दगा किया। अपने गाँव में सुना करती थी कि गरीब लोग मिरिच में भरती होने के लिए जाया करते हैं। मगर जो वहाँ जाता है, वह फिर नहीं लौटता। बोली - यह सब क्यों लोगों को इस तरह छलकर मिरिच भेजते हैं?'[3]

अंग्रेजों की शोषण और दमनकारी नीतियों के चलते विस्थापित हुए इन गिरमिटियों के जीवन और संघर्ष को समझने में तोताराम सनाढ्य का लेखन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वे स्वयं इक्कीस वर्षों तक फिजी में रहे। पहले वे बंधुआ मजदूर थे, बाद में किसान हो गए। सन 1914 में वे फिजी से भारत लौटे। लौटने के दौरान उन्होंने अपनी पूरी कहानी बनारसीदास चतुर्वेदी को बताई, जो भारतीय राष्ट्रवादी व्यक्ति थे और प्रकाशन का कार्य भी करते थे। 1915 से 1922 के बीच यह कहानी 'फिजी द्वीप में मेरे इक्कीस वर्ष' शीर्षक से अनेक भागों

में भारतीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई। फिजी में अनुबंधित श्रमिकों की त्रासद जीवन गाथा को उन्होंने बड़ी गहराई से समझा और ईमानदारी से व्यक्त किया। दुर्व्यवहार और अत्याचार का सिलसिला जहाज पर चढ़ने से ही शुरू हो जाता था। उन्होंने लिखा है – 'उस समय पाँच सौ भारतीय अपनी मातृभूमि को छोड़ कौदियों और गुलामों की तरह फिजी को जा रहे थे। जब हम लोग बैठ चुके तो हर एक को चार-चार बिस्कुट और आधी-आधी छटांक चीनी दी गई। इन बिस्कुटों को गोरे लोगों द्वारा बिस्कुट कहा जाता है और ये कुत्तों को खिलाए जाते हैं। पीने के लिए दिन में दो बार एक-एक 'बोतल पानी मिलता है, फिर नहीं मिलता चाहे प्यासे क्यों न मरो। वहीं मछली पकती थी और वहीं भात बनता था। समुद्री बीमारी (sea-sickness) से भी बहुत आदमी पीड़ित हो गए। कई तो बेचारे कै करके इस संसार से सदा के लिए विदा हो गए। वे लोग समुद्र में फेंक दिए गए। इस प्रकार तीन महीने बारह दिन में हमारा जहाज सिंगापुर, बोर्निया इत्यादि के किनारे होता हुआ फिजी पहुँचा।'[4]

इस संदर्भ में महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा और 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह का इतिहास' में प्रवास से संबंधित अपने अनुभवों का विस्तार से वर्णन किया है। यहाँ पर गिरिराज किशोर द्वारा महात्मा गांधी के अफ्रीका प्रवास पर आधारित बृहत उपन्यास 'पहला गिरमिटिया' का उल्लेख भी बहुत जरूरी है। इस उपन्यास के नायक मोहनदास हैं, महात्मा गांधी नहीं। इंग्लैंड से वकालत की पढ़ाई पूरी कर 1893 में मोहनदास दक्षिण अफ्रीका पहुँचते हैं। रेलगाड़ी का टिकट होने के बावजूद उन्हें रेल के डिब्बे से सामान समेत बाहर निकाल फेंका जाता है। इस रंगभेद नीति के पहले अनुभव ने युवा गांधी पर गहरी छाप छोड़ी। रंगभेद नीति की आड़ में दक्षिण अफ्रीका में काम कर रहे भारतीय मजदूरों पर हो रहे अन्याय गांधी को बर्दाश्त नहीं होते और वे उन्हें उनके अधिकार दिलाने के संघर्ष में पूरी तरह जुट जाते हैं।

इस उपन्यास में दक्षिणी अफ्रीका में हो रहे भारतीय व्यक्तियों पर जुल्मों की दास्तान लंदन तक गोखले जैसे



नेताओं के द्वारा पहुँचाई जाती है। एक दूसरी धरती पर अपने लोगों पर हो रहे अत्याचारों से देश तड़प उठा। लार्ड हार्डिंग वायसराय हो गए थे। भारतीयों के प्रतिनिधि मंडल उनसे इस बारे में मिल रहे थे। वायसराय होने के बावजूद लार्ड हार्डिंग ने दक्षिणी अफ्रीका की सरकार पर खुला हमला किया – 'दक्षिणी अफ्रीका में भारतीयों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वे किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक हैं।'[5]

19वीं और 20 वहीं सदी के दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक, राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस उपन्यास में गिरमिटियों के संत्रास और संघर्ष को बड़ी सच्ची संवेदना के साथ उकेरा गया है।

भारतीय लेखकों से इतर प्रवासी भारतवंशियों ने भी इस दिशा में बहुत काम किया है। मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम आदि देशों में लिखे जा रहे अधिकांश हिंदी साहित्य के रचनाकार वे लोग हैं, जिनके पूर्वज अनुबंधित श्रमिकों के रूप में इन देशों में गए थे। उपन्यास के क्षेत्र में मॉरीशस के अभिमन्यु अनत का नाम विशेष रूप से

उल्लेखनीय है। अनत ने अपने देश के गूंगे एवं चीखते इतिहास को 'लाल पसीना', 'गांधी जी बोले थे' तथा 'और पसीना बहता रहा' की उपन्यास त्रयी के रूप में प्रस्तुत किया। रामदेव धुरंधर के 'पूछो इस माटी से' तथा एक त्रिखंडी उपन्यास 'पथरीला सोना' में भी गिरमिटिया मजदूरों के संघर्षपूर्ण जीवन की अभिव्यक्ति मिलती है। इसके अतिरिक्त दीपचंद बिहारी का 'मसीहे नर्क जीते हैं', विष्णुदत्त मधु का 'फट गई धरती', आदंद देवी का 'कसूर किसका' आदि अनेकानेक लेखकों द्वारा रचित विपुल साहित्य मिलता है।

फिजी के हिंदी उपन्यास को समृद्ध करने वालों में जोगिन्द्र सिंह कंवल का योगदान महत्वपूर्ण है। इन्होंने फिजी में प्रवासी भारतीयों के जीवन को आधार बनाकर कुल चार उपन्यास 'सवेरा', 'धरती मेरी माता', 'करवट' तथा 'सात समुद्र पार' की रचना की है। विवेकानंद शर्मा का उपन्यास 'अनजान क्षितिज की ओर' और डॉ. सुब्रमणी का 'डउका पुराण' श्री गिरमिटिया भारतीयों के जीवन पर आधारित है। कमला प्रसाद मिश्र, बाबू हरनाम सिंह, ज्ञानीदास, सलीम बख्श, विजयेन्द्र सुधाकर आदि फिजी में हिंदी लेखन से जुड़े कुछ अन्य प्रमुख नाम हैं। भारत से जिन देशों में गिरमिटिया मजदूर गए उनमें सूरीनाम सबसे अधिक दूरी पर है, लेकिन वहाँ भी भारतीय प्रवासियों तथा उनके वंशजों ने हिंदू धर्म, संस्कृति तथा आचार-व्यवहार को जीवित रखा। यहाँ सूरनामी हिंदी लोकप्रिय है, जिसमें भोजपुरी, अवधी, हिंदी, ब्रज, उर्दू, मगही, डच, अंग्रेजी आदि का मिश्रण है। सूरीनाम के कुछ प्रमुख लेखक हैं - रहमान खान, चंद्रमोहन, रामदेव रघुबीर, उषा गोपी, अमित अयोध्या आदि। त्रिनिदाद एवं टोबैगो दो सुंदर द्वीपों का सदाबहार देश है। 30 मई, 1845 को 212 भारतीय मजदूरों को लेकर जलपोत यहाँ के बंदरगाह पोर्ट ऑफ स्पेन पहुँचा था। यहाँ प्रो. हरिशंकर आदेश हिंदी प्रवासी साहित्य में सर्वाधिक योगदान के लिए जाने जाते हैं। दूर देशों में बसे इन भारतवंशियों के साहित्य के संदर्भ में उषा राजे सक्सेना का कहना है-

'प्रवासी हिंदी साहित्य का अपना ऐतिहासिक महत्व रहा है, जो सीधा हमें हमारे उन पूर्वजों, गिरमिटिया श्रमिकों के दर्दनाक इतिहास से जोड़ता है, जो सौ वर्ष पूर्व छलावे से उन बंजर पराए देशों के यातना शिविरों में ले जाए गए थे।'[6]

भारत के इतिहास में विस्थापन का एक अन्य बहुत बड़ा और त्रासद कारण था सन 1947 में देश का विभाजन। काल प्रवाह में कुछ ऐतिहासिक क्षण ऐसे होते हैं, जिनकी काली छाया से आने वाली कई पीढ़िया जूझती रहती हैं। भारत विभाजन का क्षण भारतीय इतिहास में ऐसा ही अभूतपूर्व दूरगामी प्रभाव डालने वाला था। आरंभ में आजादी की लड़ाई में सभी संप्रदाय के लोग मिलकर भाग ले रहे थे, परंतु अंग्रेजों ने समय के साथ राष्ट्रीय आंदोलन को समाप्त करने के लिए सांप्रदायिकता का बीज बोकर हिंदू, मुसलमानों में फूट डाल दी। धीरे-धीरे हिंदू-मुस्लिम भेदभाव तथा सांप्रदायिकता की भावना बढ़ती चली गई।

विभाजन और स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले ही पंजाब और बंगाल में विस्थापन और पलायन के पीड़ाजन्य प्रभाव दिखाई देने लगे थे और विभाजन के पश्चात यह भयानक, विकराल रूप में उपस्थित हुए। विभाजन का मूल कारण था हिंदू-मुस्लिम सम्प्रदायवाद। विभाजन के पहले की समस्या विभाजनोपरांत भी बनी रही कि इन देशों का सीमा निर्धारण कैसे होगा ? कौन से राज्य हिंदुस्तान में रहेंगे और कौन से राज्य नवनिर्मित पाकिस्तान में जाएँगे।

इस दुविधा की स्थिति में चारों तरफ भय, तनाव, अविश्वास, प्रतिशोध, लूटपाट, आगजनी व बलात्कार का वातावरण बन गया। नतीजा यह हुआ कि जिस इलाके में जिस धर्म के लोगों का प्रभुत्व था उन्होंने दूसरे धर्म के लोगों को वहाँ से खदेड़ना शुरू कर दिया और उनके सामने विस्थापन की समस्या आ खड़ी हुई। इस तरह थोड़े ही समय में लाखों लोग घर से बेघर हो गए और उन्हें शरणार्थी शिविरों में, अपनों से बिछड़कर, बदहाली में वर्षों जीवन व्यतीत करना पड़ा। इस त्रासदी के परिणामों के बारे में पक्के आँकड़े तो उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन आम राय यही है कि कम-से-कम डेढ़ करोड़ लोग अपना घर

बार छोड़ने पर मजबूर हुए। न सिर्फ देश बँटा, बल्कि लोगों के दिल भी बँट गए।

इस विभीषिका ने संवेदनशील साहित्यकारों को झकझोर कर रख दिया। विभाजन ने विस्थापित मानव आबादी की बर्बरता के सबसे आदिम रूप को निकालकर रख दिया। इस घटना ने केवल उपमहाद्वीप के टुकड़े नहीं किए, बल्कि जिस समावेशी संस्कृति को पाने में सदिया लगी थीं, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए। हिंदी साहित्य में विभाजन से हुए हाहाकार की गूँज बार-बार सुनाई देती है। यशपाल, भीष्म साहनी, मंजूर एहतेशाम, असगर वजाहत, मोहन राकेश, कृष्णा सोबती आदि तमाम लेखकों ने अपने तरीके से इस त्रासदी को देखा-समझा और इस पर लिखा।

प्रख्यात उपन्यासकार यशपाल का दो खंडों में प्रकाशित उपन्यास 'झूठा सच' विभाजन की त्रासदी पर हिंदी में लिखा गया ऐसा उपन्यास है, जो इसे विराट ऐतिहासिक-राजनैतिक फलक पर प्रस्तुत करता है और विभाजन के बाद स्वाधीन भारत में शुरू होने वाली राजनीतिक प्रक्रियाओं तथा स्वाधीनता संघर्ष के मूल्यों में होने वाले क्षय को यथार्थवादी ढंग से चित्रित करता है। सांप्रदायिक दंगों के चलते बड़ी संख्या में लोग अपने घरों, अपने देश से विस्थापित हुए। 'झूठा-सच' में यशपाल ने लोगों के पलायन और रातों रात अपने ही देश में शरणार्थी बन जाने के दर्द का बेहद हृदय विदारक और प्रभावी चित्रण किया है। अपने वतन पश्चिम पंजाब से निकाल दिए गए त्रस्त शरणार्थियों की बसों का काफिला भारतीय सशस्त्र सैनिकों की रक्षा में अपने देश पहुँचकर शरणार्थी कैंप के द्वार पर खड़ा हुआ। रात हो चुकी थी, सब लोग जो कुछ सामान साथ ला सके थे, उसे बसों से उतारने में व्यस्त हो गए। शेखूपुरा से आई स्त्रियों को भोजन कराकर नत्थासिंह छोलदारी के सामने आकर बोले 'बीवियों, भैणों, धियों, अपना-अपना नाम पीहर-ससुराल के पूरे पते लिखवा दो। तुम लोगों के परिवारों के लोग किसी कैंप से आए होंगे तो रजिस्टर देखकर तुम्हें उनका पता दे दिया जाएगा कि वे कहाँ गए हैं। उन्हें भी खबर देने का यत्न करेंगे। रेडियो से भी खबर करवा देंगे कि तुम्हें कहाँ पहुँचाया जाना चाहिए।'[7]

पलायान के समय जिसे जिस हालत में भागने का मौका मिला उसी तरह भागा, कोई बैलगाड़ियों से तो कोई रेल से कोई पैदल तो कोई अन्य सवारी से। इस तरह वे अपने-अपने नए वतन पहुँच गए। उपन्यास की मुख्य महिला पात्र तारा जब गाड़ी से उतरी तब ड्राइवर कह रहा था- 'यह काफिला भी वतन छोड़कर अपने देश को जा रहा है । मनुष्यों के देश, धर्मों के देश बन गए।'[8]

हिंदी साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर कृष्णा सोबती का विभाजन की पृष्ठभूमि पर, आत्मकथात्मक शैली में लिखा उपन्यास 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिन्दुस्तान' बहुत महत्वपूर्ण है। जहाँ एक तरफ अधिकतर उपन्यास इस डिसक्लेमर के साथ शुरू होते हैं कि सभी पात्र और घटनाएँ काल्पनिक हैं, ये उपन्यास एक अनोखे दावे से शुरू होता है कि इस उपन्यास के सभी पात्र और घटनाएँ सच और ऐतिहासिक हैं। इस उपन्यास में उनकी अपनी जिंदगी के वो अनुभव दर्ज हैं, जो उन्हें विभाजन के बाद एक रिफ्यूजी के रूप में दिल्ली आने से लेकर सिरोही (गुजरात) के राजपरिवार के इकलौते वारिस की गवर्नेस बनने के दौरान हुए। उन जैसे लाखों लोगों को एक आजाद देश बनने की खुशी अपने घर, जिंदगी, इज्जत, मान और खुद को खोने की कीमत पर मिली।

भीष्म साहनी कृत 'तमस' एक ऐसा उपन्यास है, जिसकी रचना विभाजन के लगभग ढाई दशक बाद हुई। यह सांप्रदायिक उन्माद और उसके पीछे की राजनीति को उजागर करने वाला उपन्यास है। 'तमस' विभाजन से ठीक पहले पंजाब के उस हिस्से की कहानी कहता है, जो बाद में पाकिस्तान का हिस्सा बना और जहाँ से हिंदुओं और सिखों को अपना घरबार और काम-धंधा छोड़कर भागना पड़ा था। मानव इतिहास में शायद पहली बार लाखों-लाख लोगों को उन जगहों से उजड़ जाना पड़ा, जहाँ वे कई-कई पीढ़ियों से रहते आए थे। 'तमस' आदमियों के आँकड़ा बन जाने की भयावह त्रासदी की

कहानी कहता है – 'मुझे राम कहानी नहीं चाहिए, मुझे केवल आँकड़े चाहिए। कितने मरे, कितने घायल हुए, कितना माली नुकसान हुआ, रिलीफ कमेटी का कार्यकर्ता, रजिस्टर खोले झल्लाकर कहता, पर रिफ्यूजी थे कि समझते ही नहीं थे। पर इनसे कोई क्या कहे–बर्बाद होकर आये हैं, बेघर, बेसरो–सामान के।'[9]

इसी तरह राही मासूम रजा का मशहूर उपन्यास 'आधा गांव' भी विभाजन के दंश पर लिखा गया है। उपन्यास की घटनाएँ पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक गाँव में घटती है, जहाँ भोले–भाले गाँव वाले सांप्रदायिक बहकावे में आ जाते हैं, जिससे गाँव का समावेशी सामजिक और सांस्कुतिक ताना–बाना छिन्न–भिन्न हो जाता है। अमृता प्रीतम कृत–पिंजर उपन्यास में लेखिका ने विभाजन के दौरान, विस्थापित स्त्रियों पर हुए अत्याचार, अन्याय एवं शोषण की दास्ता बयाँ की है। कमलेश्वर द्वारा रचित 'कितने पाकिस्तान' उपन्यास भी मानवता के दरवाजे पर इतिहास और समय की एक दस्तक है। इस उम्मीद के साथ कि भारत ही नहीं, दुनिया भर में एक के बाद दूसरे पाकिस्तान बनाने की लहू से लथपथ यह परंपरा अब खत्म हो। नब्बे के दशक में भोपाल के मंजूर एहतेशाम का लिखा उपन्यास 'सूखा बरगद' भी स्वातंत्र्योत्तर भारत में विभाजन के परिणामस्वरूप आए सामुदायिक जीवन के बदलाव की कथा कहता है। इसके केन्द्र में भारतीय मुस्लिम समाज है जिसके अंतर्विरोध और द्वंद्व उपन्यासकार ने बेहद मार्मिक ढंग से उद्घाटित किए हैं। असल में भारतीय सामुदायिक जीवन की बरगद जैसी बहुलता के सूखते जाने का मर्सिया है 'सूखा बरगद'।

वस्तुत: देश ने बँटवारे का दर्द 1947 में सहा, लेकिन इसके घाव अब तक नहीं भरे। यह सच है कि अंग्रेजों के औपनिवेशिक शासन से भारत की मुक्ति के 70 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन दूसरा और बहुत ही दु:खद सत्य यह भी है कि यह दिन भारतीय उपमहाद्वीप के विभाजन की सत्तरवीं वर्षगाँठ का दिन भी है। विभाजन और उससे हुए विस्थापन की विभीषिका की काली छाया हिंदी साहित्य में इसीलिए बड़ी गहराई से दिखती रही है।

आजादी के साथ मिली विभाजन की त्रासदी को तो देशवासियों ने झेला ही, लेकिन विस्थापन, पलायन और अपने स्थान से खदेड़े जाने का सिलसिला आजाद भारत में भी बदस्तूर जारी रहा। आजाद भारत के पाँच–छह दशक लगातार न उम्मीद होते जाने और जबरदस्त मोहभंग के साल हैं। इन वर्षों में विकास की मरीचिका के पीछे दौड़ती इस देश की अधिसंख्य आबादी के हिस्से सिर्फ नाउम्मीदियाँ ही आई हैं। विद्रूप यह है कि इन्हीं वर्षों में सत्ता और शक्ति के केंद्रों से जुड़ा एक छोटा–सा समूह इस बड़ी आबादी की सारी जरूरतों को रौंदते हुए, उसे हर स्तर पर विस्थापित करते हुए, अपने लिए एक हरा–भरा मरुद्यान बनाने के छल में सफल हुआ है।

विकास की सीढ़ी चढ़ते मनुष्य ने अपने सामने आई हर वस्तु को बाधा समझा और थोड़े से लोगों के आराम व मनोरंजन के निमित्त उसने जंगलों, पहाड़ों को नष्ट किया, जीव–जंतुओं का संहार किया। धरती, आकाश व समुद्र को इस हद तक प्रदूषित कर डाला है कि अब उनके पूर्व स्थिति में आने की संभावनाएं नित्य प्रति धूमिल होती जा रही हैं।

बांध, कारखानों, रेल, हवाईअड्डा, औद्योगिक क्षेत्र, शहरों की बसाहट, सुरक्षित वन, बाघ अभयारण्य, सड़क निर्माण, परमाणु एवं ताप विद्युत गृह, खेल के स्टेडियम आदि के लिए भूमि अधिग्रहण के कारण यह अनुमान है कि आजादी के बाद से करीब 10 करोड़ नागरिक विस्थापित हुए हैं। विस्थापन की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए अरूंधति राय कहती हैं – 'लाखों लाख विस्थापितों का अब कोई वजूद नहीं है। उनमें से कुछ लगातार तीन बार और चार बार विस्थापित हुए हैं। बाँध के लिए, चांदमारी के इलाके के लिए, यूरेनियम की खान के लिए, बिजली परियोजा के लिए। इनमें से बहुत बड़ी संख्या आखिरकार हमारे बड़े शहरों की परिधि पर झोपड़पट्टियों में खप जाती है, जहां यह सस्ते निर्माण मजदूरों की बहुत बड़ी भीड़ में बदल जाती है।'[10]

आजादी के बाद हमारे देश में जो विकास योजनाएँ शुरू हुईं, उन्हीं की शुरुआती कड़ी में एक योजना बनी थी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की बुंदेलखंड सीमा पर स्थित बेतवा नदी के तट राजघाट पर बाँध बनाने की। इसी परियोजना के तहत भारतीय ग्रामीण जन के शासन और समाज द्वारा किए गए सुनियोजित दमन, शोषण और उपेक्षा का मर्मस्पर्शी दस्तावेज है वीरेन्द्र जैन कृत 'डूब'। लोगों की जमींन, मकान, कुंए आदि सरकार द्वारा किश्तों में अधिग्रहित किए जाने लगते हैं। जमीन के साथ उनकी संवेदनाएँ, सुख, दुख, स्मृतियाँ गहरे रूप में समन्वित हैं। किसानों से उनकी जमीन छीनकर उनके पुनर्वास का कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं किया जाता। मुआवजे के लिए उनकी आँखें राह देखती रहती हैं। जैसे ही डूब क्षेत्र घोषित होता है, इन्हें सारी सुविधाएँ देना बंद हो जाता है। उपन्यास के एक मुख्य पात्र माते के अनुसार 'हमसे तो बस लेने ही लेने का रिश्ता है न तुम्हारा। हमें तो यहीं छेंककर मारना है तुम्हें। यहीं डुबोना है न। हम अभागों ने दुनिया देखी ही नहीं, फिर जाएं तो जाएं कहां। खाली हाथ, सपाट दिमाग लेकर जा भी कहां सकते हैं हम।'[11]

वीरेन्द्र जैन जी का 'पार' उपन्यास 'डूब' की दूसरी कड़ी है, जिसकी पृष्ठभूमि में बुंदेलखंड अंचल का आदिवासी समाज है। 'डूब' की विस्थापन की पीड़ा 'पार' में उतरकर और भी सघन हो जाती है। विस्थापित होते गाँव का प्रभाव आदिवासियों के समाज पर भी पड़ता है। लड़ैई गाँव के पास पहाड़ पर बसी आदिवासी संस्कृति जीरोन खेरा, गाँव वालों के विस्थापन से खुद को खतरे में पड़ा पाती है। जीरोन खेरा के मुखिया की आशंका सच साबित होती है, जब धूरेसाव कहता है – 'पांच पीढ़ी पहले हमरे पुरखों ने बसाया था जीरोना, हमरे पास सबूत है इसका। तुम जबरन उस पर काबिज हो अब ये गांव–गांव से उजड़े हमारे किसान बसेंगे वहां।'[12]

गाँव वाले जमीन और जीवन से विस्थापित होते जा रहे हैं। जीरोन खेरे के राउत जनजाति के लोग भी शोषित और प्रताड़ित हो रहे हैं। अरविन्द पाण्डे बाँध निर्माण का विरोध करता है, क्योंकि इससे पूरे इलाके में प्रगति नहीं विनाश और विस्थापन के ही आसार दिख रहे हैं – 'बहुत से लोग जगह–जगह पर विरोध कर रहे हैं टिहरी बाँध का, नर्मदा घाटी परियोजना का, सरदार सरोवर का। आखिर ऐसी योजनाओं से लाभ क्या जो सदियों में पूरी हों और जब पूरी हों तब हमारी जरूरतें इतनी भी पूरी न हो सकें कि हम एक दशक भी चैन से रह पाएं।'[13]

'डूब' और 'पार' उपन्यासों में जो घटित हुआ वह देशव्यापी छल का हिस्सा है। इनमें चित्रित चिंता समूचे भारत को चिंता है। समकालीन उपन्यासों में आदिवासी जीवन के अनछुए प्रसंगों, संश्लिष्ट अनुभवों और बहुस्तरीय संघर्षों को नए ढंग से देखने की कोशिश की गई है। इस संदर्भ में 'ग्लोबल गांव के देवता' तथाकथित आधुनिक समाज के विकास संबंधी मॉडल को नकारता एक विचारोत्तेजक आख्यान प्रस्तुत करता है।

इस उपन्यास में ग्लोबल गाँव के देवताओं के साथ स्थानीय देवताओं के कारनामों का भी बखान है। एक तरफ भिन्न–भिन्न सभ्यता संस्कृति और भाषाई विविधता को कमजोर कर वैश्विक गाँव के निर्माण का छद्म गढ़ा जा रहा है तो दूसरी ओर उसकी आड़ में आदिवासियों को उनके इतिहास–भूगोल से वंचित किया जा रहा है। वैश्वीकरण आज खुद को मुख्य धारा की संस्कृति के रूप में प्रतिस्थापित कर चुका है और मुख्य धारा की संस्कृति के ठेकेदारों द्वारा आदिम जन जातीय समूहों को मिटाने की कोशिश की जा रही है –

'सामान्य तौर पर इन आकाशचारी देवताओं को जब अपने आकाश मार्ग से या सेटेलाईट की आंखों से छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों की खनिज संपदा, जंगल और अन्य संसाधन दिखते हैं तो उन्हें लगता है कि इन पर तो हमारा हक है। इन खनिजों पर जंगलों में घूमते हुए लंगोट पहने असुर–बिरिजिया, उरांव–मुंडा आदिवासी, दलित सदान दिखते हैं तो उन्हें बहुत कोफ्त होती है। वे इन कीड़ों, मकोड़ों

से जल्द निजात पाना चाहते हैं'[14]

रणेंद्र इस रचना में व्यवस्था की लूट का शिकार असुर आदिवासी समुदाय की भयावह त्रासदी को तो व्यक्त करते ही हैं, साथ ही अंसारी, ठेकेदार, कन्हैया पाण्डेय आदि पात्रों के माध्यम से आंतरिक उपनिवेशवाद की ओर भी हमारा ध्यान खींचते हैं। इस उपन्यास में बड़े विस्तार के साथ इस विमर्श को उठाया गया है। असुरों के मिटते जाने की कथा के साथ विश्व के अन्य आदिवासी समूहों के खत्म होते जाने के ज्वलंत प्रसंग भी उठाए गए हैं। इस उपन्यास पर टिप्पणी करते हुए मिथिलेश लिखते हैं – 'ग्लोबल गांव के देवता वैश्वीकरण, मुख्यधारा की संस्कृति के बजाय हाशिये की समानांतर संस्कृति के बीच छिड़े संघर्ष के सवालों को बड़ी शिद्दत से उभारता है।'[15]

विकास किसके लिए किया जा रहा है? मुट्ठी भर पूँजीपतियों के लिए या उस अंतिम व्यक्ति के लिए, जिसके पास न रूतबा है, न ताकत है और न ही पूँजी का अथाह भंडार। सवाल यह भी है कि विकास किस कीमत पर किया जा रहा है? विकास से जुड़े इन तमाम सवालों से जूझती एक अन्य रचना है महुआ माजी का 'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ'। समाजशास्त्रीय, मानव शास्त्रीय और पर्यावरणीय शोधपूर्ण समझ से लिखी गई यह रचना झारखंड की यूरेनियम खदानों से निकलने वाले विकिरण, प्रदूषण और उसके बीच आदिवासियों के विस्थापन की पीड़ा को व्यक्त करती है। उपन्यास में विनाश के व्यापक खतरों की ओर संकेत करते हुए माजी लिखती हैं कि – 'परमाणु संयंत्रों में एक हजार मेगावाट बिजली पैदा करने से करीब 27 किलोग्राम रेडियोधर्मी कचरा उत्पन्न होता है और उसे निष्क्रिय होने में एक लाख साल से ज्यादा लग जाते हैं।'[16]

इन उपन्यासों में विकास के पूँजीवादी मॉडल की गंभीर विसंगतियों को पूरी ईमानदारी से विश्लेषित और प्रश्नांकित किया गया है। आदिवासियों के विस्थापन और उसके फलस्वरूप उपजे उनके प्रतिरोध की अनुगूँजें इनमें साफ सुनी जा सकती हैं।

इसी कड़ी में मनीषा कुलश्रेष्ठ द्वारा लिखित 'शिगाफ़' भी एक महत्वपूर्ण उपन्यास है। आंतकवाद के चलते कश्मीर से विस्थापित हजारों कश्मीरियों की पीड़ा तथा वहाँ जीवन व्यतीत कर रहे लाखों के दर्द, घुटन और छटपटाहट की वास्तविक तस्वीर उजागर करता है यह उपन्यास। विस्थापन का दर्द महज एक सांस्कृतिक, सामाजिक विरासत से कट जाने का दर्द नहीं है, बल्कि अपनी खुली जड़ें लिए भटकने और कहीं भी न जम पाने की भीषण विवशता है।

वस्तुतः विस्थापन इक्कीसवीं सदी की एक प्रमुख, भयावह और वैश्विक समस्या है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि तमाम कारणों से लोगों को उस स्थान को छोड़ना पड़ता है, जहाँ वो पीढ़ियों से रह रहे हैं, जिससे सामाजिक संरचना और संगठन विघटित हो जाते हैं। विस्थापन के कारण लोगों में सामाजिक और मानसिक तनाव तो उत्पन्न होता ही है, साथ ही उनके मानवाधिकारों के हनन का खतरा भी बढ़ जाता है। विस्थापन सदैव बलात ही होता हो यह आवश्यक नहीं है। उच्च शिक्षा, बेहतर नौकरी, विवाह आदि के चलते स्वेच्छा से भी यह निर्णय लिया जाता है, लेकिन अपनी धरती, परिवेश और संस्कृति के लिए कसक तब भी बरकरार रहती है। विस्थापन के अनेक आयाम समकालीन हिन्दी उपन्यासों का विषय बने हैं। इस आलेख में भारतीय संदर्भ में विस्थापन के तीन मुख्य कारणों, जिनकी वजह से एक साथ, बड़ी संख्या में लोगों को अपने स्थान से उखड़ना पड़ा, पर विचार किया गया है। साहित्य में इसकी अभिव्यक्ति बड़ी संवेदनशीलता और समझदारी के साथ उपन्यासों, कहानियों और कविताओं में होती रही है और हो रही है। कुछ प्रमुख उपन्यासों को आधार बनाकर विस्थापन के कारणों तथा व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले उसके दूरगामी प्रभाव को समझने का प्रयास इस आलेख में किया गया है, किंतु यह प्रयास अखिलेश कृत– 'निर्वासन' उपन्यास के उल्लेख के बिना अधूरा ही रह जाएगा। यह उपन्यास पलायन, विस्थापन, बेगानापन

और इस सबसे जुड़े हर पहलू, हर आयाम को अपने भीतर समेटे हुए हैं। मुद्दा चाहे गिरमिटिया मजदूरों का हो, मानवीय रिश्तों का, पर्यावरण का या फिर अमेरिका की चकाचौंध की ओर भागने का - यहाँ सब मौजूद है। इस संदर्भ में काशीनाथ सिंह लिखते हैं - 'निर्वासन को कई चेहरे दिये हैं इक्कीसवीं सदी के विकास के मॉडल ने। एक तो यह कि सूर्यकांत गौरी से प्रेम के कारण अपने मां-बाप के घर से निर्वासित है। निर्वासन का दूसरा चेहरा मानवीय रिश्तों से बाहर के जगत में है, जहाँ पानी नदियों से, हरियाली पेड़-पौधों से, स्वाद अन्न, फलों और सब्जियों से बाहर हो चुके हैं। तीसरा चेहरा इस उपन्यास के केंद्रीय आख्यान में दिखाई पड़ता है। इस आख्यान के केन्द्र में हैं रामअजोर पांडे। वे गोसांईगंज के उसी भगेलू के पोता हैं, जो करीब सवा सौ साल पहले गिरमिटिया मजदूर होकर सूरीनाम गए थे। वह उन्नीसवीं सदी थी और आज इक्कीसवीं सदी है जब उसी सुल्तानपुर-गोसाईगंज के खाते-पीते घर के युवा डॉक्टर-इंजीनियर मुँह बाए अमेरिका के लिए मारा-मारी कर रहे हैं - जैसे न उनकी अपनी धरती हो, न आकाश, न जड़ें।'[17]

शोध आलेख के आरंभ के अनुरूप ही मैं इसका अंत भी आचार्य रामचंद्र शुल्क के उल्लेख के साथ करना चाहूँगी। उन्होंने कहा था, 'साहित्य में युग परिवर्तन' 'जनता की चित्तवृत्ति में बदलाव' के साथ आता है।[18] साहित्य में युग परिवर्तन जीवन में युग परिवर्तन' से जुड़ा होता है। जब 'जीवन में युग परिवर्तन' होता है तो उससे साहित्य के अगले लेखन के मिजाज में ही फर्क नहीं पड़ता है, बल्कि पहले लिखे जा चुके साहित्य के अर्थ ग्रहण में भी फर्क पड़ जाता है। इस फर्क के साथ जो साहित्य अर्थवान बना रहता है, उसे प्रासंगिक माना जाता है। विस्थापन की विभीषिका से जुड़े ये तमाम उपन्यास विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक कारणों से लोगों के जीवन में आए परिवर्तन का दस्तावेज हैं और इस अर्थ में हिंदी साहित्य को समृद्ध करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी भी हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, ना. प्र. स. वा., 23वां संस्करण
2. साहित्य और साहित्यकार का दायित्व पृ. 30
3. Premchand.kahani.org
4. hindifisamay.com
5. पहला गिरीमटिया, पृ. 860, भारतीय ज्ञानपीठ, 2011
6. नया ज्ञानोदय, दिसम्बर 2008, पृ. 05
7. झूठा सच, यथपाल, पृ.सं. 249/2, लोकभारती प्रकाशन 1987
8. झूठा-सच, यशपाल, पृ. सं. 218 लोकभारती प्रकाशन 1987
9. तमस, भीष्म साहनी, पृ.सं.-234, राजकमल पेपरबैक्स 1995
10. hindi.indiawaterporal.org
11. वीरेन्द्र जैन 'डूब' पृ. 177, वाणी प्रकाशन, 1991
12. वीरेन्द्र जैन, पार, वाणी, प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 13
13. वीरेन्द्र जैन, पार, वाणी, प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 134
14. रवेन्द्र, ग्लोबल गांव के देवता, भारतीय ज्ञानपीठ, चुतर्थ सं. 2013 पृ.93
15. मिथिलेश, वैश्वीकरण का त्रासद आख्यान : ग्लोबल गांव के देवता, आलोचना, दिल्ली, अप्रैल-जून, 2013, पृ. 10
16. महुआ माजी, मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, प्र.सं 2012, पृ. 37
17. अखिलेश, निर्वासन, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, प्र.सं. 2014, फ्लैप।
18. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, ना.प्र.स.वा, 23वाँ संस्करण।

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

समकालीन भारतीय नेपाली कविता और सुधा एम. राई की रचना-दृष्टि

डॉ. प्रदीप त्रिपाठी

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक
6294913900
ptripathi@cus.ac.in

शोध-सारांश :

समकालीन हिंदी कविता के समानांतर भारतीय नेपाली कविता के समकालीन परिदृश्य को देखें तो दोनों कविताओं के कालखंड में काफी एकरूपता है। समकालीन भारतीय नेपाली कविता की पृष्ठभूमि भी 1960 के बाद से ही मानी जाती है। इस दौर में कविता का ध्यान उन विषयों की ओर अधिक गया, जो अब तक कविता की परिधि से बाहर थे। हाशिए के समाज का स्वर कविता में केंद्रीय विषय के रूप में उभरा। भारतीय नेपाली कविता के सशक्त हस्ताक्षर राजेन्द्र भण्डारी, मनप्रसाद सुब्बा, रेमिका थापा, सुधा एम. राई आदि की कविताएँ उक्त संदर्भ में अत्यंत उल्लेखनीय हैं। प्रस्तुत शोध-आलेख में समकालीन भारतीय नेपाली कविता के परिदृश्य में सुधा एम. राई की रचनात्मक संवेदना को रेखांकित किया गया है।

बीज शब्द :

भारतीय नेपाली कविता, सुधा एम. राई, विमर्श, संवेदना, शिल्प।

शोध-प्रविधि :

प्रस्तुत शोध-आलेख में आगमनात्मक शोध-प्रविधि का प्रयोग किया गया है। विषय-विश्लेषण के क्रम में शोध-पद्धति के रूप में आलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धतियों का प्रयोग शामिल है। संदर्भ-ग्रंथ सूची में APA शैली का प्रयोग किया गया है।

विषय-विश्लेषण :

भारतीय नेपाली कविता के परिदृश्य में सुधा एम. राई की रचनात्मक-उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुधा एम. राई भारतीय नेपाली कविता की महत्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं। मनुष्यता को बचाए रखने की जद्दोजहद उनकी कविताओं का मूल स्वर है। उनकी अधिकांश कविताएँ दु:ख, निराशा, संताप, अवसाद और संघर्ष से होकर गुजरती हैं। प्रतिरोध उनकी कविता का मूल स्वभाव है। सुधा एम. राई की कविताओं में आजादी के पचहत्तर वर्ष के बाद की ऐसी तस्वीरें दर्ज हैं, जहाँ आक्रोश, असुरक्षा, मोहभंग,

संत्रास और बेचैनी के स्वर अधिक मुखर हैं। सुधा एम. राई एक कविता में अपने समय के संदर्भ में लिखती हैं- 'कितना कठिन है/ हाशिये पर धकेल दिए गए व्यक्ति को/ ऊंची उठती मन की दीवार से/ तृष्णा की एड़ी उठाकर ताक-झांक करना/ और / जब दौड़ते हैं निरंकुश बेलगाम घोड़े/ स्वाभिमानी छाती पर/ तो अप्रभावित बन जिंदा रहना। (अनुवाद- सुवास दीपक, कंचनजंघा पत्रिका, जनवरी-दिसंबर, 2021)

समकालीन भारतीय नेपाली कविता के वर्तमान परिदृश्य के संदर्भ में राजेन्द्र भण्डारी की यह टिप्पणी अत्यंत समीचीन है- 'आज की भारतीय नेपाली कविता संक्रमणकाल से गुजर रही है। इसीलिए यह प्रारंभिक कविता से भिन्न है। नए रूप, शिल्प और स्वर उभर रहे हैं। भारतीय गोरखा राजनीति पीड़ित है। उनकी कविता में राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने का तिक्ततताबोध है, जातीय पहचान का संकटबोध है, असुरक्षाबोध है। यही आज की भारतीय नेपाली कविता का स्वर है। यह नारे की शक्ल में नहीं कला के रूप में है।' (भण्डारी, राजेंद्र, छोटी-छोटी खुशियाँ, पृ. 10) इस दौर की कविताओं में अपने समय एवं समाज की चिंता प्रमुखता से दर्ज हुई है। उक्त संदर्भ में राजेन्द्र भण्डारी की एक कविता के अंश के द्वारा पूरे समाज की मनोवृत्ति को समझा जा सकता है। वे लिखते हैं- 'अपराध के लिए/ अब रात का इंतजार नहीं करना पड़ता है/ एकांत का भी नहीं। / हत्यारों का दावा है / हत्या एक कला है।/ इसे कला का दर्जा दिया जाना चाहिए।' (अनुवादक : सुवास दीपक, 2021)

भारतीय नेपाली कविता के परिदृश्य में सुधा एम. राई की कविताओं का तेवर बहुत ही सशक्त है। सुधा एम. राई की कविताओं में हमारे समय के जरूरी प्रश्न दर्ज हैं। उनकी कविताएँ न सिर्फ इन सवालों से टकराती हैं, बल्कि उनसे मुठभेड़ करती हैं। उनकी कविताओं में भारतीय नेपाली समाज के स्त्री जीवन एवं संघर्ष प्रमुखता से दर्ज हैं। अस्मिता उनकी कविता की मूल चिंता है और अस्तित्व का प्रश्न उनकी कविता की ताकत। कविता के समकालीन परिदृश्य को देखें तो राहुल देव का कथन अत्यंत उल्लेखनीय है - 'समकालीन कविता एक प्रकार से विमर्शों की कविता है। इस दौर की कविता ने नवीन सर्जनात्मकता को तलाशा है। इन कविताओं में भाव की जगह विचार महत्वपूर्ण है।' (देव, राहुल, पृ.27) सुधा एम. राई की कविताएँ सामाजिक-संघर्ष एवं जनसरोकारों से गहरे रूप में संपृक्त हैं। उनकी कविताओं की वैचारिकी में हाशिये के समाज के लिए पर्याप्त स्पेस है। अपनी एक कविता में वह लिखती हैं - 'कितना कठिन है/ मौत की काली गुफा में/ जीवन के रंग पोतना / और मरुभूमि में/ समय के अपने पदचिह्न तराशना।' (अनुवाद- सुवास दीपक, कंचनजंघा पत्रिका, जनवरी-दिसंबर, 2021)

सुधा एम. राई की कविताओं में अस्मिता का प्रश्न बहुत ही संजीदगी के साथ उभरा है। सुधा एम. राई का मानना है कि कविता हमारे अवसाद का विरेचन करते हुए हमें संवेदित करती है। अमानुषिक चित्त में बेचैनी पैदा कर देना ही, कविता की ताकत है। वह अपनी एक कविता में लिखती हैं - 'कविता आग नहीं होती/

कविता बारूद नहीं होती/ यह तो पाठक को सिर्फ संदेश देती है।' (सुधा एम. राई, 2023)

जीवन की चारित्रिक जटिलता हमारे मानस पर इस कदर हावी होती जा रही है कि हम धीरे-धीरे विवेकशून्य होते जा रहे हैं। सबकी उपस्थिति के मध्य सब कुछ अनुपस्थित है। यहाँ भीड़ में भी नितांत अकेलापन है। मिसाल के तौर पर उनकी कविता का एक अंश द्रष्टव्य है - 'भीड़ है / शोर है / अकेले हैं मगर सभी।' (सुधा एम. राई, 2023)

सुधा एम राई का यहाँ 'अकेलापन' गहरे अर्थ-विस्तार के साथ आता है। इस अकेलेपन की परिधि किसी व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है। इस अकेलेपन में नदियाँ, पहाड़, जंगल, भूख, नींद और स्वप्न सभी शामिल हैं। सुधा की कविताओं में लुप्त हो रहीं भाषाओं और नदियों की गहरी चिंता है। अपनी एक कविता में वह लिखती हैं - 'भाषा अक्सर जो मैंने सुनी है / ओझल है काफी दिनों से /हमारी भाषा की नदी /बह रही है कहाँ /आजकल ?' (सुधा एम. राई, 2023)

सुधा एम राई की कविताओं में चिंता से कहीं अधिक चिंतन है। खत्म होते पहाड़ों, प्रकृति एवं मनुष्य के बीच क्षीण हो रहे साहचर्य भाव की आहट को भी उनकी कविताओं में महसूस किया जा सकता है। हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं, जहाँ न्याय, सत्य और धर्म खूंटियों पर टाँग दिए गए हैं। झूठ की दीवार और मजबूत होती जा रही है। तमाम निराशा और हताशा भरे समय में उम्मीद को बचाए रखने का एहसास सुधा एम. राई की कविताओं को विशिष्ट बना देता है। उनकी कविताओं में एक ऐसी खूबसूरत दुनिया का स्वप्न है, जिसकी बुनियाद उम्मीद है। यही उम्मीद उनकी कविता की ताकत है।

प्रेम सुधा एम. राई की कविताओं का स्थायी भाव है। उनकी कविताएँ समाज में समता, समानता और बंधुत्व के लिए निरंतर जद्दोजहद करती हैं। उनका मानना है कि नफरत को खत्म करने की पहली और अंतिम कसौटी मोहब्बत ही है। घोर अवसाद और निराशा के समय में भी प्रेम हमारे भीतर समन्वय का भाव पैदा करता है। प्रेम जिजीविषा की उद्दाम परिणति है, वह हमारे जीवन में एक सेतु का कार्य करता है। सुधा अपनी एक कविता में लिखती हैं - 'हमारे बीच यही एक छोटा-सा/ पुल बचा है / प्रेम के आने-जाने का।' (सुधा एम. राई, 2023)

सुधा एम. राई की कविताओं की संवेदना अत्यंत सघन है। कम-से-कम शब्दों में अधिक से अधिक बात कह देना उनकी कविताओं की विशेषता है। उनकी कविताओं में ज्यादातर बिंब प्रकृति केंद्रित होते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि प्रकृति के प्रति उनका गहरा साहचर्य है। अपनी एक कविता में वह लिखती हैं-

'इस जाड़े में आकाश ओढ़कर /हजारों पीड़ाओं की नदियां पार की जा सकती हैं' (सुधा एम. राई, 2023)

सुधा एम. राई की रचना-दृष्टि में मनुष्य का पूरा जीवन समाहित है। उसके सुख और दुख सुधा की कविताओं में समान रूप से सहभागी होते हैं। वह अपनी कविताओं में पितृ सत्तात्मक समाज और उनकी मानसिकता का खुलकर प्रतिरोध करती हैं। अपनी एक कविता में वह लिखती हैं - 'क्या पता मुझे/ तुम्हारे साथ सिर्फ चलने से ही/ इस तरह अचानक अपवाद आ जाएगा' (सुधा एम. राई, 2023)

हिंदी के चर्चित आलोचक ए. अरविंदाक्षन ने अपनी पुस्तक 'समकालीन हिंदी कविता' में कविता की स्वायत्तता एवं स्थापत्य के संदर्भ में बहुत ही महत्वपूर्ण बात कही है। उनका मंतव्य है - 'सार्थक कविता वादों या आंदोलनों की गिरफ्त में कुंठित नहीं हो सकती। वही कविता की सार्थकता है। इसका कारण यह है कि कविता का आभ्यंतर जगत विस्तृत है। इसलिए विज्ञान की अनिवार्यता के इस युग में भी कविता की आवश्यकता का अनुभव होता है। कविता प्रत्येक अवसर पर नई अर्थवत्ता का परिचय देती है।' (अरविंदाक्षन, ए., 2018) सुधा एम. राई की कविताओं का वितान अत्यंत विस्तृत है। उनकी कविताएँ समय सापेक्ष नई अर्थवत्ता के साथ अपने विषय एवं संरचना को विस्तार देते हुए आगे बढ़ती हैं।

सुधा एम. राई की कविताओं में प्रकृति के प्रति चिंता प्रमुखता से दर्ज हुई है। उनका मानना है कि 'प्रकृति ही मानव जीवन का आधार है। हमें अपनी

आधारशिला को हमेशा मजबूत रखना चाहिए। प्रकृति के बिना मनुष्य की कल्पना हमेशा अधूरी है, यह एक सार्वभौमिक सत्य है।' (राई, सुधा एम., 2022) उनकी एक चर्चित कविता का एक अंश द्रष्टव्य है – 'अहो !/ कहाँ लोप हो गई नदी ? / छोड़कर पीछे /केवल नीला इतिहास' (सुधा एम. राई, 2023)

नदियाँ हमारे जीवन की सहयात्री हैं। आज नदियाँ हमारे जीवन से दूर होती जा रही हैं, इस विसंगति का जिम्मेदार कहीं-न-कहीं हमारा समाज ही है। कामायनी के एक उद्धरण के भावार्थ को देखें तो – 'सभ्यता चाहे जहां तक पहुँच जाए, अंतत: उसे रहना तो प्रकृति राज्य में ही होगा। प्रकृति और सभ्यता में जब कभी द्वंद्व समर होगा, सभ्यता हर हाल में परास्त होगी।' (कामायनी, 1935) प्रकृति के प्रति बढ़ रही संवेदनहीनता के प्रति सुधा एम. राई की कविताएँ काफी सचेत हैं। उनकी कविताओं में सहज भाव के साथ गहरा आक्रोश है। हम कह सकते हैं कि सामाजिक परिवर्तन और मूल्यबोध उनकी कविताओं के केंद्रीय विषय हैं। समाज में पनप रहे अवसाद के प्रति वह आवाज उठाती हैं, ऐसे में वह अपनी कविताओं में ईश्वर को भी कटघरे में खड़ा कर देती हैं। अपनी एक कविता में वह लिखती हैं –

'हर सुबह/ खुलती है जब आँख / मंदिर के बुर्ज की परछाई तले / याद करती हूँ / एक लोलुप दरिद्र पुजारी / ऊंघ रहा है एक कोने में / निकम्मा ईश्वर / अर्धमुदित नयन अंधेरे में।' (सुधा एम. राई, 2023)

निष्कर्ष :

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भारतीय नेपाली कविता के समकालीन परिदृश्य में सुधा एम. राई की उपस्थिति विशिष्ट है। उनकी कविताओं की जनपक्षधरता हमें अपनी ओर सहज ही आकृष्ट करती है। स्त्री जीवन का मनोविज्ञान और प्रकृति चेतना उनकी कविताओं में मूल प्रश्न के रूप में उभरे हैं। उनकी दृष्टि-प्रखरता एवं काव्य-विवेक ही उनकी रचना को और अधिक विशिष्ट बना देता है। सुधा एम. राई की कविताओं का आभ्यंतर अत्यंत विस्तृत है, इसे एक खाके अथवा दायरे में बाँधकर नहीं देखा जा सकता है। उनकी कविताओं में स्थानीय भाव-प्रवणता बहुत ही संजीदगी के साथ दर्ज हुई है। सुधा की कविताओं के विषय और उनकी प्रासंगिकता आज भी समीचीन है, यही कारण है कि भारतीय नेपाली कविता के परिदृश्य में उनकी उपस्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ❑

संदर्भ सूची :

भण्डारी, राजेंद्र. (2021). छोटी-छोटी खुशियाँ (अनु. सुवास दीपक). लखनऊ : रश्मि प्रकाशन
अरविंदाक्षन, ए. (2018). समकालीन हिंदी कविता. नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन
अनामिका. (2019). खुरदुरी हथेलियाँ. नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन
चमनलाल. (2006). कविता के मानवीय सरोकार. नई दिल्ली : शिल्पायन प्रकाशन
श्रीवास्तव, जितेंद्र. (2021). कविता का घनत्व. नई दिल्ली : सेतु प्रकाशन
रावत, भगवत. (2006). कविता का दूसरा पाठ और प्रसंग. नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन
वाजपेयी, अशोक (संपा.). (2016). कविता का जनपद. नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन
सिंह, नामवर. (2013). कविता के नए प्रतिमान. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन
सुब्बा, मनप्रसाद. (2013). ऋतु कैनवास पर रेखाएँ. छत्तीसगढ़ : वैभव प्रकाशन
शुक्ल, आचार्य रामचंद्र. (2018). चिंतामणि. नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

भारत रत्न भूपेन हजारिका और बाबा नागार्जुन के काव्य में सामाजिक चेतना

सुनील साहनी

शोधार्थी, हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय, इंफाल-795003
9085561408
sahanisunil818@gmail.com

भूमिका :

भारत एक बहुभाषी देश है, जहाँ बहुत सारी भाषा बोली एवं लिखी जाती हैं। स्वतंत्रता के पहले जब देश में आंदोलन हो रहे थे तो देश के लगभग सभी राज्य के लोगों ने आजादी के आंदोलन में भाग लिया। इसमें केवल क्रांतिकारी ही नहीं, साहित्यकार भी थे। रामचंद्र शुक्ल जी मानते हैं कि साहित्य पर समाज का प्रभाव होता है। एक श्रेष्ठ साहित्यकार अपने समाज से प्रभावित होकर ही रचना करता है, चाहे वह साहित्यकार देश के किसी भी कोने का क्यों न हो। स्वतंत्रता के पश्चात भी जब जनता को वह सब सुख-सुविधा नहीं मिली, जिसकी उसने आशा की थी तो मोह-भंग की इस स्थिति से हताश होकर रचनाकार उन निराशाओं को अपनी रचनाओं में व्यक्त करने लगे। इन्हीं रचनाकारों में से एक हैं, बाबा नागार्जुन, जिन्हें जनकवि भी कहा जाता है। इनकी रचनाओं में सामाजिक चेतना अधिक गहन रूप में दिखाई देती है। इन्होंने समाज का लगभग प्रत्येक कोना झाँका है। बाबा नागार्जुन ने हर उस बात पर व्यंग्य किया है, जो मानवतावाद के खिलाफ है। ठीक इसी प्रकार असम राज्य के तिनसुकिया जिले में जन्मे भूपेन हजारिका की काव्य रचनाओं में भी वही सब सामाजिक चेतना मिलती है, जो जनकवि नागार्जुन के काव्य में है। भूपेन दा मूलत: गीतकार थे, लेकिन गीतकार के अलावा संगीतकार, गायक, कवि, फिल्म निर्माता और असम की संस्कृति के अच्छे जानकार भी थे। भूपेन दा देश में हो रहे स्वतंत्रता आंदोलन से प्रभावित थे और वे राष्ट्र-हित का संदेश अपनी रचनाओं और गीतों के माध्यम से जनता तक पहुँचा रहे थे। नागार्जुन का प्रारंभिक जीवन दरिद्रता में बिता। पिता का देहांत बचपन में हो जाने से 130 रु. पेंशन मिलती थी। उसी में ही पूरे परिवार का गुजारा करना पड़ता था, लेकिन यह स्थिति भूपेन दा के यहाँ नहीं थी। वह एक सुख-सुविधा और संपन्न परिवार से थे। पिता का नाम नीलकांत हजारिका एक शिक्षक थे। दो विपरीत परिस्थितियों में पलने के बावजूद दोनों के विचारों में एकरूपता देखने को मिलती है।

मूल आलेख :

बाबा नागार्जुन और भूपेन हजारिका दोनों के संबंध अलग-अलग भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों में होने के बावजूद दोनों के विचारों में एकरूपता देखने को मिलती है। दोनों की साहित्यिक भाषा अलग है। नागार्जुन हिंदी के रचनाकार हैं तो वही भूपेन दा असमिया भाषा के। बाबा नागार्जुन और भूपेन दा दोनों की रचनाओं में विद्रोह भाव देखने को मिलता है। यह विद्रोह समाज के पेटुवा लोगों के प्रति है। उन्होंने राजनेताओं, उद्योगपतियों, पूँजीपतियों आदि के खिलाफ खुलकर प्रहार किया है। दोनों ने ही समाज के निम्न वर्ग के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है। बाबा नागार्जुन कहते हैं -

'सपने में भी सच न बोलना, वरना पकड़े जाओगे
भइया लखनऊ दिल्ली पहुँचो-मेवा मिसरी पाओगे
माल मिलेगा-रेत सको यदि गला मजूर किसानों का
हम मर-भूखों से क्या होगा चरण गहो श्रीमानों का।'[1]

इस पंक्तियों में बाबा नागार्जुन उद्योगपतियों पर व्यंग्य करते हुए कहते हैं कि समाज में उद्योगपतियों का ही राज है और ये लोग ही गरीबों का खून चूसते हैं। भूपेन दा कहते हैं -

'मानुहे मानुहक बेसिबो खुजे
(मनुष्य मनुष्य को बेचना चाहता है)
मानुहे मानुहक किनीबो खुजे
(मनुष्य मनुष्य को खरीदना चाहता है)
पुरोनी इतिहास दुहरीले
(पुराना इतिहास को दोहराने से)
भूल जानु नोहोबो कुवा, होमोनिया'।[2]
(क्या भूल नहीं होगा, बोलो मेरे बंधु)

भूपेन दा ने समाज पर व्यंग्य करते हुए कहा है कि समाज में मानवता खत्म हो गई है। लोग स्वार्थ में डूब गए हैं और आपस में लड़कर मर रहे हैं।

इन दोनों रचनाकारों ने अलग-अलग विधाओं के द्वारा समाज-परिवर्तन तथा शोषितों एवं वंचितों के अधिकारों की सुरक्षा का प्रयास किया। भूपेन दा मूलतः गीतकार थे। गीत-संगीत ही उनके संघर्ष एवं क्रांति का माध्यम बना। भूपेन दा शब्दों और स्वरों के द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बदलाव लाना चाहते थे ताकि देश के लोग बदहाल और तंगहाल जिंदगी से निकल सके। भूपेन दा क्रांतिकारी स्वर में कहते हैं -

'अग्निजुगर फिरिङति मइ
(अग्नियुग की चिंगारी हूँ मैं)
नतुन असम गढ़िम
(नया असम बनाऊँगा)
सर्बहरार सर्वस्व पुनर फिराई आनिम
(सर्वहारा का सर्वस्व पुनः लौटाऊँगा)
नतुन भारत गढ़िम
(नया भारत बनाऊँगा)
नर कंकालर अस्त्र साजि
(नर कंकाल का अस्त्र बनाकर)
शोषणकारीक बधिम
(शोषणकर्ता का वध करूँगा)
अन्तर भेदि मौ बोवाम
(सबके हृदय भेदकर शहद धार बहाऊँगा)
भेदाभेदर प्राचीर भाङि
(भेदभाव की दीवर को तोड़कर)
सम्यर सरग रचिम।'[3]
(समानता का स्वर्ग रचूँगा)

प्रस्तुत पंक्तियों के माध्यम से भूपेन दा समाज में एक ऐसी क्रांति लाना चाहते हैं, जिस से समाज में ऊँच-नीच, अमीरी-गरीबी का भेद-भाव मिट जाए। ठीक इसी प्रकार की गूँज बाबा नागार्जुन की रचनाओं में भी मिलती है। वह स्वर है -

'झूठ-मूठ सुजलाँ-सुफलाँ
गीत न अब हम गाएँगे
भात-दाल-दरकारी
जब तक नहीं पेटभर पाएँगे
इनको हम दफनाएँगे

गाँव-गाँव पाँतर-पाँतर
भूस्वर्ग बनाएँगे।'[4]

बाबा नागार्जुन की इस कविता में क्रांतिभाव देखने को मिलता है, जिसमें वे कहते हैं कि हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे, जब तक हमें मौलिक अधिकार न मिलें। निम्न वर्ग का क्षेत्र विस्तार न हो। इस प्रकार दोनों रचनाकारों में केवल भाषा का ही अंतर है, विचार में नहीं। दोनों ही रचनाकार समाज में फैली आर्थिक विषमता को दूर करना चाहते हैं। राजनेताओं, उद्योगपतियों, पूँजीपतियों आदि के प्रति नागार्जुन में आक्रोश और नफरत का भाव है।

'नफरत की भट्ठी में
तुम्हें गलाने की कोशिश ही
मेरे अन्दर बार-बार ताकत भरती है
प्रति हिंसा ही स्थायी भाव
है अपने ऋषि का।'[5]

भूपेन दा भी इसी प्रतिहिंसा से प्रेरित होकर अपने को तृतीय श्रेणी का यात्री मानते हैं, जिसमें हजारों मजदूर-किसान यात्रा करते हैं। भूपेन दा ट्रेन के माध्यम से हमें संदेश देते हैं कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करके ही रुकना चाहिए।

'प्रथम नहय द्वितीय नहय
(प्रथम नहीं द्वितीय नहीं)
तृतीय श्रेणी जात्री आमि
(तृतीय श्रेणी के यात्री हैं हम)
जीवन-रेलर डाबात आमि
(जीवन के रेल-डिब्बे में हम)
प्रथम नहय द्वितीय नहय
(प्रथम नहीं द्वितीय नहीं)
तृतीय श्रेणी जात्री आमि
(तृतीय श्रेणी के यात्री हैं हम)
माजे माजे
(बीच बीच में)
एइ रेले सिञ्ङरे
(यह रेल चिल्लाता है)
नोपोवार वेदना जुई हे उरे
(नहीं मिलने का वेदना-अग्नि उड़ता)
आमार एइ जुइरे अग्रगामी।'[6]
(अग्रगामी अग्नि-वेदना हमारा)

भूपेन दा क्रांतिकारी कवि थे। वे भविष्य की आहट को पहले ही भाँप लेते हैं। आज उन्हें इस बात का एहसास है कि समाज किस दिशा में जा रहा है। इसलिए कहते हैं -

'आजि ब्रह्मपुत्र ह'ल बह्निमान
(आज ब्रह्मपुत्र हुआ बह्निमान)

मनर दिगंतत धुंआ उरे
(मन-हृदय में धुआँ उड़ता है)
अकाखत पपीया तरा घूमे
(आकाश में घूमता है धूमकेतु)
पदे-पदे करे काक अपमान
(पग-पग में करता है किसका अपमान)
आजि ब्रह्मपुत्र ह'ल बह्निमान।'[7]
आज ब्रह्मपुत्र हुआ बह्निमान)

वर्ग-संघर्ष का जो भाव भूपेन दा के काव्य में मिलता है, वही संघर्ष नागार्जुन के काव्य में भी देखने को मिलता है। नागार्जुन संवेदनशील व्यक्ति थे। आजादी के बाद जब मोह-भंग की स्थिति लोगों के सामने आई तो नागार्जुन लोगों को चेतावनी देते हुए कहते हैं -

'होशियार कुछ देर नहीं है
लाल सवेरा आने में
लाल भवानी प्रकट हुई हैं
सुना कि तेलंगाने में।'[8]

बाबा नागार्जुन और भूपेन दा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि दोनों ही संवेदनशील कवि हैं। दोनों ही रचनाकारों ने अपनी रचनाओं में निम्न वर्ग को नायक बनाया है। नागार्जुन अपनी 'माँजो और माँजो' शीर्षक कविता में समकालीन कलाकारों और रचनाकर्मियों पर व्यंग्य करते हैं। नागार्जुन रचना के विषय में बदलाव लाने के लिए रचनाकारों से कहते हैं -

'माँजो और माँजो, माँजते जाओं
लय करो ठीक, फिर गुनगुनाओं
मत करो परवाह - क्या है कहना
कैसे कहोगे, इसी पर ध्यान रहे ...।'[9]

ठीक इसी प्रकार से भूपेन दा भी अपने समय के रचनाकार मित्रों से आग्रह करते हैं -

'काहिनी एटा लिखा सबरे बिसये
(एक कहानी लिखो सब के लिए)
कोइसिलो बहू बार
(कहा था बहुत-बार)
बन्धु लेखक, तुमि नुखुनिला
(बन्धु लेखक, तुमने अनसुना कर दिया)
देखुवा मात्रो अहंकार
(दिखाया केवल अहंकार)
तेतिया तुमि लिखी ग 'ला
(तब तो तुम लिखते गए)
मिसा कथा मिसा नायकर
(झूठे नायक की झूठी कहानी)
जि काहिनी तुमि निलिखिला
(जो कहानी तुमने नहीं लिखी)
ताक इतिहासर समये लिखिले।'[10]
(उसे इतिहास के समय ने लिखा)

भूपेन दा अपनी रचनाओं में किसी राजा-महाराजा को नायक नहीं बनाते और न ही उन्हें कोई राजा-रानी की कहानी में दिलचस्पी है। वे तो अपनी रचनाओं में किसी दलित या निम्न वर्ग को स्थान देते हैं। वे आम आदमी की मुक्ति-कथा लिखते हैं।

'धर्म-व्यवस्था ठाई नाई तात
(धर्म-व्यवस्था का जगह नहीं वहाँ)
जातिर अहंकार लय पाय तात.....
(जाति अहंकार कम होता है वहाँ)
हरिजन, पहाड़ी, हिन्दू-मुस्लिम
(हरिजन, पहाड़ी, हिन्दू-मुस्लिम)
ब 'ड़ो, कोच, चुटिया, कछारी, अहोमर
(बोड़ो, कोच, चुटिया, कछारी, आहोमर)
अंतर भेदी मौ बुवाम
(अंतर भेदकर शहद बहाऊँगा)
समानर सरग रसिम
(समानता का सर्ग बनाऊँगा)
नतुन असम गढ़िम
(नया असम बनाऊँगा)
नतुन असम गढ़िम
(नया असम बनाऊँगा)।'[11]

भूपेन दा की तरह नागार्जुन भी आम-जनता के दु:ख-दर्द और पीड़ा से अपनी रचनाओं को सजाते हैं एवं उनके दैनिक जीवन के संघर्ष में अपनी भागीदारी से उसे ठोस और पुख्ता बनाते हैं। बाबा नागार्जुन ने अपनी कविता 'देखना ओ गंगा मइया' में मल्लाहों के बच्चों की तुलना भगवान विष्णु से किया हैं -

'कानपुर-बम्बई की अपनी कमाई में से
डाल गये हैं श्रद्धालु गंगा मइया के नाम
पुल पर से गुजर चुकी है ट्रेन
नीचे प्रवहमान उथली-छिछली धार में
फुर्ती से खोज रहे पैसे
मल्लाहों ने नंग-धड़ग छोकरे
दो-दो पैर
हाथ दो-दो
प्रवाह में खिसकती रेट की ले रहे टोह
बहुधा-अवतरित चतुर्भुज नारायण ओह
खोज रहे पानी में जाने कौस्तुभ मणि।' [12]

भूपेन दा हमेशा राष्ट्रीय एकता पर बल देते थे। वे हमेशा समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने का संदेश देते हैं।

'असमी आइरे लालिता-पालिता
(असम की भूमि में पला हूँ)
म'ई तुलनीय जी
(मैं हूँ पालिता)
असमियार सम्मान सदाये राखिम
(असमिया का सम्मान हमेशा रखूँगा)
आरूनु कउ म'ई कि।' [13]
(और क्या कहूँ मैं)

भूपेन दा की तरह बाबा नागार्जुन ने भी राष्ट्र-प्रेम की भावना स्थापित करना चाहा हैं। वे मानते हैं कि क्षेत्रीयता राष्ट्रीयता का बाधक तत्व है, इसलिए वे उसकी निंदा करते हैं।

'स्थापित नहीं होगी क्या
लाला लाजपतराय की प्रतिमा मद्रास में ?
दिखाई नहीं पड़ेंगे लखनऊ में सत्यमूर्ति
सुभाष एवं जे.ए. सेन गुप्त क्या सीमित रहेंगे ?
भवानीपुर और शाम बाजार की दुकानों तक
तिलक नहीं निकलेंगे पूजा के बाहर ?।' [14]

भूपेन दा ने सामयिक घटनाओं और प्रसंगों को अपनी काव्य में स्थान दिया है। भारत-चीन आक्रमण हो या बांग्लादेश का स्वतंत्रता-संग्राम, इन सारे सामाजिक संदर्भों पर गीत लिखे हैं। इनकी रचनाएँ कालजयी हैं। राजनीतिक विषयों पर सबसे ज्यादा गीत भूपेन दा ने असम के जातीय एवं सांस्कृतिक आंदोलन पर लिखे हैं। 'असमर गात आजि गणतांत्रिक तेजर कलंक, आमि असमिया नहओ दुखिया, आरक्षी बहिनीरे, कुशासन रक्षा किसु दिनहे करिबे पारि, मानुह मानुहर बाबे, रिम जिम रिम जिम बरखुने।' भूपेन दा की तरह नागार्जुन ने भी अपने देश की शासन व्यवस्था पर तीखा-वार किया है।

'बापू के भी ताऊ निकले तीनों बंदर बापू के!
सरल सूत्र उलझाऊ निकले तीनों बंदर बापू के!
सचमुच जीवनदानी निकले तीनों बंदर बापू के!
ज्ञानी निकले, ध्यानी निकले तीनों बंदर बापू के!
जल-थल-गगन-बिहारी निकले तीनों बंदर बापू के
लीला के गिरधारी निकले तीनों बंदर बापू के!' [15]

दोनों ही साहित्यकार शोषण वर्ग के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और जहाँ कहीं भी देखते कि निम्न वर्ग के प्रति कोई अन्याय या अत्याचार हो रहा है तो उस पर टूट पड़ते हैं -

'भाङ भाङ शील भाङ
(तोड़ पत्थर तोड़)
भाङ! भाङ! भाङ! भाङटा !!!
(तोड़! तोड़! तोड़! तोड़ने वाला!!!)
शील भाङ
(पत्थर तोड़)
तोर घामभरा नडठा पीठी
(पसीना से भरा तुम्हारा नंगा पीठ)
तपत र'दत जाय फाटि

(तप्त धूप में जाता है फट)
कोमल भरीर तलुवा जले
(नाजुक पैर का तलवा जलता है)
तपत रंङा रङा माटि
(तप्त लाल लाल मिट्टी)
तथापि तोर नाई गुण गावता
(फिर भी कोई नहीं गाता तुम्हारा गुण)
भाङ! भाङ! भाङ! भाडटा !!!
(तोड़! तोड़! तोड़! तोड़ने वाला!!!)
शील भाङ।'[16]
(पत्थर तोड़)

दोनों ने ही जनता को मोह-भंग तथा स्वप्न-भंग से लड़ने के लिए अपनी रचनाओं से प्रेरित किया। भूपेन दा ने तो जनता को अपने अधिकारों के लिए मर-मिटने की प्रेरणा दी है।

'लुइतपरीया डेका बंधु
(लुइत पार के युवक बंधु)
तुमार तुलना नाई
(तुम्हारी तुलना नहीं)
जियाई थकार जुगते नामिचा
(जिंदा रहने वाले युग में आए हो तुम)
मृत्यृशपत खाई।'[17]
(मृत्यृ का शपथ लेकर)
'जय जय असमीर नतुन पुरुष
(जय हो असम का नूतन पुरुष)
जय जय शहीद वाहिनी
(जय हो शहीदों का दल)
पंचाशीत लिखिलु
(पच्चासी में लिखा है)
त्याग तुमार
(तुम्हारा त्याग)
मृत्यु काहिनी।'[18]
(मृत्यु की कहानी)

बाबा नागार्जुन के यहाँ भी ऐसा ही आत्मविश्वास देखने को मिलता है।

'नए गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें
भीनी-भीनी खुशबू वाले
रंग-बिरंगे
यह जो इतने फूल खिले हैं
कल इनको मेरे प्राणों ने नहलाया था
कल इनको मेरे सपनों ने नहलाया था।'[19]

निष्कर्ष :

अत: यह स्पष्ट है कि भारत रत्न भूपेन हजारिका और बाबा नागार्जुन भिन्न प्रांत, भिन्न भाषा के सर्जक होने के बावजूद संवेदना की दृष्टि से एक हैं। दोनों ही अपने-

अपने क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ रचनाकार हैं। दोनों में केवल भाषा का ही अंतर है। एक असमिया भाषा के महान रचनाकार हैं तो दूसरा हिंदी के। दोनों का मुख्य विषय जनता और जनता का दु:ख-दर्द रहा है। दोनों ने शोषित वर्ग की पीड़ा को रचना में अभिव्यक्त किया है। उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि क्रांति भावना, निम्न वर्ग के प्रति सहानुभूति, शोषणकर्ता के प्रति आक्रोश की भावना, जनता में आत्मविश्वास पैदा करना, अपने अधिकार के प्रति लड़ना, राष्ट्रीयता की भावना, प्रशासन के कूटनीतियों के प्रति आवाज उठाना, समाज प्रेम, रामराज्य स्थापित करना, विद्रोह भाव आदि सब सामाजिक चेतना भूपेन दा और नागार्जुन के काव्य में पाए जाते हैं। ❑

संदर्भ-सूची :

1. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 1, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 106
2. सूर्य हजारिका, डॉ. भूपेन हजारिका गीत समग्र, लावण्य प्रकाशन, 2010,पृष्ठ सं. 393
3. वही, पृष्ठ सं. 41
4. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 1, राजकमल प्रकाशन,पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 100
5. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 2, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 232
6. सूर्य हजारिका, डॉ. भूपेन हजारिका गीत समग्र, लावण्य प्रकाशन, 2010,पृष्ठ सं. 327
7. वही, पृष्ठ सं. 74
8. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 1, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 100
9. वही, पृष्ठ सं. 137
10 सूर्य हजारिका, डॉ. भूपेन हजारिका गीत समग्र, लावण्य प्रकाशन, 2010, पृष्ठ सं. 153
11. वही, पृष्ठ सं. 41
12. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 1, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 256
13. सूर्य हजारिका, डॉ. भूपेन हजारिका गीत समग्र, लावण्य प्रकाशन, 2010, पृष्ठ सं. 56
14. गंगा सहाय प्रेमी, नागार्जुन एवं उनकी प्रतिनिधि कविताएं, हरीश प्रकाशन, पृष्ठ सं. 11
15. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 2, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण, 2003,नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 44
16. सूर्य हजारिका ,डॉ भूपेन हजारिका गीत समग्र, लावनीय प्रकाशन,2010, पृष्ठ सं. 359
17. वही, पृष्ठ सं. 451.
18. वही, पृष्ठ सं. 213.
19. शोभकान्त, नागार्जुन रचनावली 1, राजकमल प्रकाशन, पहला संस्करण 2003, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 334

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

दलित स्त्री जीवन का यथार्थ दस्तावेज : हिंदी दलित कहानी

अनामिका

शोधार्थी, हिंदी विभाग
पांडिचेरी विश्वविद्यालय
कालापेट, पुदुचेरी-605014
8084278143
anamikachaudharyhcu@gmail.com

शोध सार :

'दलित वह है, जिस पर अस्पृश्यता का नियम लागू कर दिया गया है, जिसे कठोर और गंदे कार्य करने के लिए बाध्य किया गया है, जिसे शिक्षा ग्रहण करने और स्वतंत्र व्यवसाय करने से मना किया गया और जिस पर सछूतों ने सामाजिक निर्योग्यताओं की संहिता लागू की, वही और वही दलित है और इसके अंतर्गत वही जातियाँ आती हैं, जिन्हें अनुसूचित जातियाँ कहा जाता है।'[1] कँवल भारती द्वारा दी गई यह परिभाषा दलितों के सामजिक, आर्थिक, राजनीतिक इतिहास को काफी सशक्त रूप से व्यक्त करती है। हमारे देश में दलितों की स्थिति अच्छी नहीं रही है। विशेषकर दलित महिलाओं की। जाति, लिंग तथा वर्ग के आधार पर इनका शोषण होता रहा है। जयप्रकाश कर्दम ने अपनी पुस्तक 'दलित साहित्य एवं चिंतन : समकालीन परिदृश्य' में दलित स्त्रियों के संदर्भ में कहा है, *'दलित स्त्री दोहरे, तिहरे शोषण की शिकार है, क्योंकि वह केवल स्त्री होने के आधार पर शोषित नहीं है, अपितु स्त्री होने के साथ-साथ वह जातीय आधार पर भी अपमान, उपेक्षा और उत्पीड़न की शिकार है। यानी आधी दुनिया का हिस्सा होकर उस दुनिया में भी वह उतनी ही उपेक्षित है, जितनी शेष दुनिया में होती है।'*[2]

बीज शब्द :

दलित, स्त्री, शोषण, उत्पीड़न, जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता आदि।

मूल आलेख :

भारतीय समाज का आधार वर्ण व्यवस्था रहा है। हिंदू वर्ण व्यवस्था के अनुसार चार वर्णों का निर्धारण किया गया। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र। ऋग्वेद में वर्ण के निर्धारण का आधार कर्म था, बाद में इसका आधार जन्म हो गया। इस वर्ण व्यवस्था में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ पायदान पर रखा गया। शूद्रों को अछूत, अस्पृश्य, नीच आदि समझा जाता था। वे सभी प्रकार के अत्याचारों, अनीतियों एवं शोषण को सहते हुए जीने के

लिए अभिशप्त थे। सामजिक वर्ण व्यवस्था एव भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण दलित समुदाय के लोग आर्थिक, शैक्षिक रूप से काफी पिछड़ गए। परिणाम यह हुआ कि समाज के अन्य वर्णों द्वारा उनका हरसंभव शोषण होने लगा। ऐसा नहीं था कि दलित शिक्षा प्राप्त नहीं करना चाहते थे, लेकिन यदि कोई शिक्षा प्राप्त करने की कोशिश करता तो उसे कठोर दंड दिया जाता था। शोषण की पराकाष्ठा ही थी कि यदि कोई अक्षर पढ़े तो उसकी जीभ काट दी जाती थी। यदि कोई वेद मंत्र सुन ले तो उसके कानों में गरम शीशा डाल दिया जाता था। हिंदू धर्म में मान्यता है कि मनुष्य की उत्पत्ति ब्रह्मा जी से हुई है। सभी मनुष्य उस ब्रह्मा की संतान हैं, किंतु उसी संतान को अपने पिता की पूजा करने के अधिकार से भी वंचित कर दिया गया। इनका मंदिरों में प्रवेश वर्जित था। इनके लिए अलग नियम बनाए गए तथा विशेष दंड-नीति निर्धारित की गई।

आधुनिक युग में शूद्रों के लिए दलित शब्द का प्रयोग किया जाता है। 1970 के दशक में जब महाराष्ट्र में दलित पैंथर आंदोलन की शुरुआत हुई, तभी से 'दलित' शब्द प्रचलन में आया। संविधान में दलितों के लिए अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग किया गया है। दलित शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'दल' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है 'तोड़ना', 'हिस्से करना', 'कुचलना'। दलित शब्द का अर्थ है - जिसका दमन और दलन हुआ है, उत्पीड़ित, शोषित, सताया हुआ, उपेक्षित, घृणित, रौंदा हुआ, मसला हुआ आदि। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलित को परिभाषित करते हुए कहा है - 'दलित वर्ग स्वयं में ऐसे लोगों का समूह है, जो मुसलामानों से भिन्न एवं अलग है। यद्यपि उन्हें हिंदू कहा जाता है, किंतु वे हिंदू जाति का किसी भी अर्थ में अविभाज्य अंग नहीं हैं। वे न केवल उनसे अलग रहते हैं, अपितु उन्हें जो दर्जा प्राप्त है, वह भी भारत में अन्य जातियों के दर्जे से बिल्कुल भिन्न है। भारत में अनेक अन्य जातियाँ अत्यंत दयनीय एवं गुलामी की स्थिति में रह रही हैं, किंतु दलित वर्गों की स्थिति बिल्कुल भिन्न है। अंतर केवल इतना है कि कृषि-कर्मियों और नौकरी के साथ अस्पृश्यता का बर्ताव नहीं किया जाता, जबकि दलित वर्ग अस्पृश्यता के अभिशाप का शिकार है। उससे भी खराब बात यह है कि अस्पृश्यता के कारण उन पर लादी गई गुलामी से न केवल सार्वजनिक जीवन में उनके साथ भेद-भाव बरता जाता है, बल्कि उन्हें सामान अवसरों और मानवीय जीवन के लिए आवश्यक नागरिक अधिकारों से भी वंचित रखा जाता है।' डॉ. श्यौराज सिंह 'बेचैन' ने दलित को परिभाषित करते हुए कहा है - 'दलित वह है, जिसे भारतीय संविधान ने अनुसूचित जाति का दर्जा दिया है।' डॉ. कुसुमलता मेघवाल ने दलित की परिभाषा देते हुए लिखा है -'दलित का शाब्दिक अर्थ है कुचला हुआ। अत: दलित वर्ग का सामाजिक संदर्भों में अर्थ होगा, वह जाति समुदाय, जो अन्यायपूर्वक सवर्णों या उच्च जातियों द्वारा दमित किया गया हो, रौंदा गया हो।

दलित शब्द व्यापक रूप से पीड़ित के अर्थ में आता है, पर दलित वर्ग का प्रयोग हिंदू समाज व्यवस्था के अंतर्गत परंपरागत रूप से शूद्र माने जाने वाले वर्णों के लिए रूढ़ हो गया है। दलित वर्ग में वे सभी जातियाँ सम्मिलित हैं, जो जातिगत सोपान क्रम में निम्न स्तर पर हैं और जिन्हें सदियों से दबा कर रखा गया है। भारत में दलितों की स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए अनेक समाज-सुधारकों ने इनकी स्थिति सुधारने के लिए अनेक आंदोलन किये। इन समाज-सुधारकों में सबसे अग्रणी थे फूले दंपति और डॉ. अंबेडकर। फूले दंपत्ति ने जहाँ दलितों के उत्थान के लिए सांस्कृतिक आंदोलन चलाए, वहीं बाबा साहब अंबेडकर ने उसे राजनीतिक स्वरूप प्रदान कर दलितों को संवैधानिक अधिकार प्रदान कर उन्हें मनुष्य के रूप में जीने का अवसर प्रदान किया।

हमारे देश में कभी धर्म के नाम पर तो कभी जाति के आधार पर तो कभी लिंग के आधार पर स्त्रियों का शोषण होता रहा है। इतिहास में यदि स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन किया जाय तो ज्ञात होता है कि पर्दा प्रथा, सती प्रथा, देवदासी प्रथा आदि जैसी कुत्सित सामजिक प्रथाओं के कारण स्त्रियों का हर संभव शोषण हुआ है। भारतीय संविधान ने भले ही सभी को समान नागरिक का अधिकार दिया हो, किंतु भारतीय समाज पितृ सत्तात्मक समाज होने के कारण स्त्रियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार अपनाता है। स्त्री जीवन के बारे में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा है – *'भरतीय समाज-व्यवस्था में स्त्री दलितों में भी दलित है। इस व्यवस्था ने न केवल उसकी अस्मिता को नकारा है, बल्कि उसे हमेशा दूसरा दर्जा दिया है। उसका प्रवेश ज्ञान क्षेत्र से लेकर धर्म क्षेत्र तक वर्जित था। हजारों वर्षों से वह दासत्वपूर्ण जीवन जी रही थी।'*[3]

भारतीय समाज में दलित स्त्रियों की स्थिति तो और अधिक दयनीय है। इनका तिहरा शोषण किया जाता है। एक तो जाति के आधार पर इनका शोषण होता है, दूसरा लिंग के आधार पर और तीसरा वर्ग के आधार पर। समाज द्वारा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। यौन-उत्पीड़न, छेड़खानी, बलात्कार, घरेलू हिंसा जैसी घटनाएँ उनके साथ निरंतर घटती रहती हैं। वरिष्ठ साहित्यकार रमणिका गुप्ता के अनुसार 'सवर्ण और दलित स्त्रियों की कुछ समस्याएँ जरूर साझी हैं। जैसे परिवार द्वारा अवहेलना या उस पर बरती जाने वाली हिंसा या यौन-शोषण, लेकिन दलित स्त्री होने के नाते उनकी समस्याएँ अलग हो जाती हैं और वे स्त्री खेमे से हटकर जाति खेमे में मान ली जाती है।' प्रो. श्यौराज सिंह बेचैन ने कहा है – *'हमारे देश में सर्वाधिक अवहेलना नारी और शूद्र की हुई है। मुझे नहीं लगता कि अन्याय का कोई ऐसा रूप हो, जिसके शिकार ये दोनों न हुए हों।'*[4]

दलित महिलाएँ अपने परिवार तथा समाज में अनेक प्रकार के शोषण का शिकार होती हैं, क्योंकि वे दलित स्त्री हैं। दलित स्त्री सामाजिक व्यवस्था के क्रम में सबसे अंतिम पायदान पर खड़ी तिहरे शोषण की पीड़ा को झेलती है, बावजूद इसके वह पूरे साहित्य में उपेक्षित दिखाई देती है। समाज में संतुलन स्थापित करने के लिए यह आवश्यक है कि समाज के शोषित-पीड़ित वर्गों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें मुख्य धारा में शामिल किया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि साहित्य में भी उन्हें उचित स्थान मिले, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि साहित्य में भी दलित स्त्रियों को उपेक्षित रखा गया है। कहते हैं कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, लेकिन कितनी बड़ी विडंबना है कि इस दर्पण में दलित स्त्रियों की समस्या का कोई प्रतिबिंब दिखाई नहीं देता। यह भी एक प्रमुख कारण है कि दलित स्त्रियों की समस्या बौद्धिक जगत तक नहीं पहुँच पाई है।

फूले दंपति एवं अंबेडकर इस बात से वाकिफ थे कि दलितों तथा स्त्रियों की स्थिति में सुधार तभी आएगा, जब वे शिक्षित होंगी। अत: उन्होंने दलित पुरुषों के साथ-साथ स्त्रियों के लिए भी शिक्षा की व्यवस्था की। ज्योतिबा फूले ने सन 1851 में पूना में दलितों के लिए स्कूल बनवाया। सन 1857 में इन्होनें लड़कियों के लिए भी एक विद्यालय की स्थापना की। जब दलित

धीरे-धीरे शिक्षित होने लगे, तब वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुए। उनमें आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान के साथ जीने की भावना का विकास हुआ। वर्तमान समय में ऐसे अनेक दलित साहित्यकार हैं, जो साहित्य की अनेक विधाओं के माध्यम से दलित समाज की स्थिति का यथार्थ चित्रण कर रहे हैं। दलित साहित्य में कहानियों का विशेष महत्व है। दलित कहानियों में स्त्रियों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया है। दलित स्त्रियों के साथ हुए अन्याय, अत्याचार, शोषण एवं उनके द्वारा किये गए विद्रोह का यथार्थ चित्रण हुआ है।



रजत रानी मीनू की कहानी 'सुनीता' एक प्रेरणास्पद कहानी है। सुनीता का जन्म एक रूढ़िवादी दलित परिवार में हुआ था। इस कारण उसके पिता उसे पढ़ाना नहीं चाहते थे। वे सुनीता से कहते हैं - *'ए सुनीता कान खोल के सुन ले, हमें तुझे कोई कलट्टर-वलट्टर तो बनाना नहीं है, और न ही तू बन पाएगी। फिर तेरी पढ़ाई लल्ला से बढ़कर तो है नहीं, वैसे भी तू पराये घर चली जाएगी तो चिट्ठी-पत्री लायक थोड़ी-सी पढ़-लिख जा। वंश को और इस घर को तो लल्ला ही चलाएगा।*[5] एक तरफ सुनीता को अपनी पढ़ाई के लिए परिवार में संघर्ष करना पड़ रहा था तो दूसरी तरफ समाज के सवर्ण लोगों के व्यंग्य का भी सामना करना पड़ रहा था। वे कहते थे, *'चमारी पढ़-लिख कर अफसर बनेगी। गाँव में बड़ी जाति के लोग तो लड़कियों को पढ़ाना जरूरी नहीं समझते, पर छेदा चमार को अपनी औकात का शायद पता नहीं है।'*[6] इन सब व्यवधानों के बावजूद सुनीता ने हिम्मत नहीं हारी और एम.ए. एल.एल.बी. करने के पश्चात सांसद बन गई। अधिकांश दलित परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर होता है, इसलिए जीविकोपार्जन के लिए परिवार की महिलाएँ भी मजदूरी करने के लिए विवश होती हैं। जब ये स्त्रियाँ काम करने के लिए जाती हैं तो कार्यस्थल पर भी इनका शोषण होता है। दलित मजदूर स्त्रियों की इस स्थिति का यथार्थ चित्रण कावेरी ने अपनी कहानी 'सुमंगली' में किया है। कहानी की मुख्य पात्र सुगिया जहाँ काम करती है, वहाँ का ठेकेदार सुगिया का बलात्कार करता है। सुगिया का जब बलात्कार होता है, तब वह मात्र बारह वर्ष की थी। सुगिया ठेकेदार का विरोध नहीं कर पाती है, क्योंकि पापी पेट का सवाल था। सुगिया को सांत्वना देते हुए दुखना की माँ ने कहा - *'चुप रह बेटी चुप रह। यह तो एक न एक दिन होना ही था। हम गरीबों का जन्म ही इसलिए हुआ है। हमारी मेहनत से अट्टालिकाएं तैयार होती हैं और उसके पुरस्कार के बदले में हमारे शरीर को रौंदा जाता है।'*[7]

दलित स्त्रियों का शोषण न केवल उनके समाज में, बल्कि परिवार में भी व्यापक स्तर पर होता है। घरेलू हिंसा को केंद्र में रखकर श्यौराज सिंह बेचैन ने 'अस्थियों के अक्षर' कहानी लिखी है। कहानी का पात्र सौराज ने किताब खरीदने के लिए अपने चाचा

डालचंद की जेब से एक रुपये चुरा लिया। डालचंद को शक हुआ कि वो रूपया सौराज की माँ ने चुराए हैं। तब भिखारीलाल भाई डालचंद के साथ मिलकर सिर्फ शक के आधार पर सौराज की माँ को अमानवीय तरीके से मारता है। शरीर का ऐसा कोई अंग नहीं था, जहाँ उसे गहरी चोट न लगी हो।

हमारे देश में लड़कियों की शैक्षिक स्थिति अच्छी नहीं है। दलित लड़कियों की स्थिति तो और अधिक खराब है। उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि वे शिक्षित हो भी जाती हैं तो नौकरी करने में उन्हें पुन: कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दलित लड़कियों की इन्हीं समस्याओं को सूरजपाल चौहान ने अपनी कहानी 'बदबू' में दिखाया है। इन कहानियों के अतिरिक्त और भी ऐसी अनेक दलित कहानियाँ हैं, जिनमें दलित स्त्री की यथास्थिति का चित्रण किया गया है। जैसे 'जंगल की रानी', 'यह अंत नहीं', 'मंगली', 'अंतिम बयान', 'सांग', 'क्षितिज' 'प्रश्न-चिन्ह' आदि।

निष्कर्ष :

भले ही आज दलित स्त्रियों के सम्मान तथा उनकी अस्मिता की रक्षा के लिए कई कानून बना दिए गए हैं, बावजूद इसके उनके साथ हिंसक घटनाएँ लगातार घट रही हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित बच्ची के साथ हुइ घटना इसका ज्वलंत प्रमाण है। अक्टूबर, 2020 को बी.बी.सी. हिंदी की एक न्यूज के अनुसार 2006 में चार राज्यों के 500 दलित महिलाओं पर एक अध्ययन किया गया और यह पता लगाने की कोशिश की गई कि उन्हें किस तरह की हिंसा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक 54 फीसदी महिलाओं को शारीरिक हिंसा, 46 फीसदी को यौन उत्पीड़न, 43 फीसदी को घरेलू हिंसा, 23 फीसदी को बलात्कार तथा 62 फीसदी महिलाओं को मौखिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा था।

सेंटर फॉर दलित राइट्स समूह ने 2004 से 2013 के बीच 16 जिलों में दलित लड़किओं तथा महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा के 100 मामलों का अध्ययन किया, जिसमें से यह तथ्य निकल कर सामने आया कि 46 प्रतिशत पीड़िता 18 साल से कम उम्र की थीं और 85 प्रतिशत 30 साल से कम उम्र की थीं। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा की शिकार हुई ये महिलाएँ 36 अलग-अलग जातियों से संबंधित थीं।

हम लाख दावे कर लें, लेकिन सच्चाई यही है कि दलित स्त्रियों के साथ आज भी नाना प्रकार की हिंसा हो रही है और कहीं-न-कहीं समाज के प्रबुद्ध तथा सक्षम वर्ग इनके प्रति उदासीन हैं, लेकिन दलित रचनाकार दलित स्त्रियों के खिलाफ होने वाली हिंसा को अपनी रचनाओं तथा विचारों के माध्यम से समाज तक लाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1. दलित साहित्य में अभिव्यक्त समस्याएँ, डॉ. अमरा सूर्य चंद्र राव, शुभम प्रकाशन, पृष्ठ सं. 13, 2019
2. दलित साहित्य एवं चिंतन : समकालीन परिदृश्य, जयप्रकाश कर्दम, अमन प्रकाशन, पृष्ठ सं. 113, 2018
3. दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, ओमप्रकाश वाल्मीकि, राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली, पृष्ठ सं. 13, 2019
4. साहित्य : परम्परा और विन्यास, डॉ. एन. सिंह, वागदेवी प्रकाशन, गाजियाबाद, पृष्ठ सं. 67, 2011
5. हिंदी दलित साहित्य एक मूल्यांकन, डॉ. प्रमोद कोपव्रत, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ सं. 190, 2016
6. दलित चिंतन की दिशाएँ, सुरेश चंद्र, क्वालिटी बुक्स पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, पृष्ठ सं. 130, 2013
7. दलित महिला कथाकारों की चर्चित कहानियां, संपादक डॉ. कुसुम वियोगी, पुष्पांजलि प्रकाशन, पृष्ठ सं. 64, 2022

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

मुक्तिबोध का अंतर्द्वंद्व : जैनेंद्र कुमार के पुरस्कृत उपन्यास 'मुक्तिबोध' के संदर्भ में

अर्पणा कुमारी

शोधार्थी, हिंदी विभाग
तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर
असम-784028
8541815716
arpanachauhan16@gmail.com

शोध सार :

हिंदी साहित्य को समृद्ध कर शीर्ष पर पहुँचाने वाले उपन्यास सम्राट 'प्रेमचंद' को उनके योगदान के लिए आज से लेकर अनंत काल तक सराहा जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं है, किंतु बाद के उपन्यासकारों में जैनेंद्र ने साहित्य की चल रही परिपाटी से अलग या यूँ कहें लीक से हटकर काम करने की कोशिश की। जैनेंद्र की यह पहल हिंदी लेखन में एक नई खिड़की खोलने जैसा था। हम जानते हैं कि जैनेंद्र प्रेमचंद के काफी करीबी और निकटस्थ लेखकों में से थे, परंतु उन्होंने अपने लेखन को उनके प्रभाव से मुक्त रख कर हिंदी गद्य विधा को नई दिशा प्रदान की। आगे चलकर जैनेंद्र एक मनोविश्लेषक और व्यक्तिवादी लेखक के रूप में खुद को प्रतिष्ठित करते हैं। जिस समय लेखक समाज के विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यक्ति को प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत कर रहे थे, उस वक्त जैनेंद्र सिर्फ व्यक्ति केंद्रित लेखन कर रहे थे। इनके यहाँ समाज पृष्ठभूमि का काम करता है और व्यक्ति किसी वर्ग का प्रतिनिधित्व न कर केवल व्यक्ति होता है। अब तक लिखे गए 12 उपन्यासों के केंद्र में लेखक ने व्यक्ति को ही केंद्र में रखकर लिखा है। ऐसी ही इनकी एक चर्चित रचना है 'मुक्तिबोध'। इस रचना के लिए इन्हें 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

बीज शब्द :

दुविधा, चेतन, अचेतन, प्रतिनिधि, कैनवास, कोलाहल, पिण्ड, अंतर्द्वंद्व, नि:शंक, आत्मग्लानि आदि।

मूल आलेख :

जैनेंद्र कुमार मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार की श्रेणी में अग्रणी लेखक हैं। मन के चेतन और अचेतन स्थिति का विश्लेषण करना उनके उपन्यासों का मुख्य विषय रहा है। व्यक्ति को किसी भी वर्ग का

सहाय पति, प्रेमी, पिता होने के साथ-साथ एक नेता भी हैं। समाज और परिवार के बीच फँसे सहाय को अपने राजनीतिक कर्तव्यों से विमुख होकर नैतिक मूल्यों से समझौता करना बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। राजनीति एक ऐसी शक्ति है, जो समाज को न सिर्फ बाहर से, बल्कि अंदर से भी प्रभावित करती है। राजनीति कहने से यह आशय स्पष्ट होता है कि तंत्र के अंतर्गत समाज में सुरक्षा और शांति कायम हो एवं रोजगार और न्याय सबको बराबर प्राप्त हो। यह तभी संभव है, जब नेता या शासक नैतिक होगा।

प्रतिनिधि न बनाकर उसे व्यक्ति तक ही सीमित रखा है। अत: इन्हें व्यक्तिवादी उपन्यासकार कहना भी उतना ही उचित ठहरेगा जितना कि मनोवैज्ञानिक। नंददुलारे वाजपेयी के शब्दों में जैनेंद्र को कुछ ऐसे समझा जा सकता है – **'उन्होंने व्यक्तित्व को मूलत: व्यक्ति मानकर उसकी मान्यताओं को वाणी देने का प्रयास किया है। वे व्यक्तिगत जीवन का चित्रण करते हुए बाहर से भीतर की ओर आये हैं। सामाजिक समस्याओं के स्थान पर व्यक्तिगत विश्लेषण करने लगे हैं। इसलिए उनके उपन्यासों को व्यक्तिवादी उपन्यासों की भी संज्ञा दी जाती है।'**[1] व्यक्ति के मन में जितनी भी अनुभूतियाँ होती हैं, उसे एक-एक कर लेखक ने मनोविश्लेषण के माध्यम से हमारे सामने प्रस्तुत किया है।

स्वाधीनता आंदोलन के दौर में लिख रहे जैनेंद्र के उपन्यासों पर आंदोलनों का प्रभाव न के बराबर दिखता है। कहीं-कहीं उनके पात्र जरूर उससे संबंधित हैं, पर वह किसी भी तरह से अपने पात्र को आंदोलन या उस समाज का प्रतिनिधित्व करता हुआ नहीं दिखाते। बतौर पृष्ठभूमि उन्होंने सामाजिक ढाँचे को अपने लेखन का हिस्सा बनाया है, लेकिन उसे केंद्र में रख कर लेखन कार्य नहीं किया। स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेकर जेल जाने वाले जैनेंद्र चिंतन के स्तर पर मनोविज्ञान के आलावा बौद्ध धर्म और गांधीवाद से भी प्रेरित थे। 'मुक्तिबोध' उपन्यास में भी पृष्ठभूमि के तौर पर राजनीति पर गांधीवाद के चढ़ते-उतरते प्रभाव को देखा जा सकता है।

सन् 1966 ई. में जैनेंद्र को उनके उपन्यास 'मुक्तिबोध' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह इनका पाँचवाँ उपन्यास है। इस उपन्यास में लेखक ने परिवेश के तौर पर शहरी और ग्रामीण जीवन दोनों को चुना है। यहाँ ग्रामीण जीवन का दृश्य नाममात्र ही दिखता है। ज्यादातर दृश्य शहर और उसके विकास की झाँकियाँ प्रस्तुत करते हैं। जैनेंद्र के लेखन की एक और खास बात उनके कम पत्रों का चयन भी है। इस संदर्भ को लेकर जैनेंद्र की मान्यता यह है कि – **'इस विश्व के छोटे-छोटे खंड को लेकर हम अपना चित्र बना सकते हैं और उसमें सत्य के वर्णन पा सकते हैं और उसके द्वारा सत्य के दर्शन करा भी सकते हैं, जो ब्रह्मांड में है वही पिण्ड में भी है। इसलिए अपने चित्र के लिए बड़े कैनवास की मुझे जरूरत नहीं लगी। थोड़े में समग्रता क्यों नहीं दिखलायी जा सके।'**[2] यहाँ इस उपन्यास में भी सहाय, उनकी पत्नी राजश्री और प्रेमिका नीलिमा, बेटा, बेटी, दामाद और मित्र और कुछ दो-चार पात्रों को लेकर लेखक ने अपने उपन्यास का कथ्य निर्मित किया है। कम पात्रों को लेकर भी लेखक ने उनके जीवन की विविध समस्याओं और जटिलताओं तथा विचार के हर पहलू पर बराबर दृष्टि डाली है।

देखा जाए तो मनोविज्ञान का चित्रण प्रेमचंद के उपन्यासों से ही आरंभ हो गया था, किंतु इन्होंने अपने उपन्यासों में आधार स्वरूप पात्रों को प्रतिनिधि और समाज सुधारक के तौर पर दिखाया है। अत: प्रेमचंद के उपन्यासों में सामाजिक यथार्थ और आदर्शवाद प्रबल रूप में सामने आता है, न कि व्यक्ति। मनोवैज्ञानिक उपन्यास कहने का आशय उन उपन्यासों से है, जो मूलत: व्यक्ति केंद्रित होता है। मनोविश्लेषणवाद मानव

मस्तिष्क के चेतन, अचेतन और अवचेतन अवस्था की अभिव्यक्ति है, जहाँ अचेतन को विशेष महत्व दिया जाता है। रामदरश मिश्र के शब्दों में इसे कुछ ऐसे समझ सकते हैं – **'कहने का तात्पर्य यह है कि मनुष्य मूलत: वह नहीं है, जो ऊपर सतह पर दिखता है, बल्कि वह है जो अपने भीतर अनभिव्यक्त रूप से छिपा हुआ है और उसका जितना अंश बाहर दिखता है, वह भी चेतन की उपज नहीं है, उस पर भी अनजाने ही परोक्ष रूप से अचेतन का नियंत्रण और प्रभाव है।'**[3] व्यक्ति अपने जीवन में संवेदना के कई पक्षों से गुजरता है, खुद को कभी किसी पक्ष से जोड़ता है तो कभी अलग करता है। ऐसे में समाज की भी अपनी एक अलग भूमिका होती है, जो व्यक्ति मन पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से असर डालता है। अलग-अलग परिस्थिति की अलग-अलग अनुभूति होती है। अत: लेखक पात्रों के द्वारा उन तमाम मानसिक उथल-पुथल को अपने लेखन के अंतर्गत रख कर उसका वर्णन करते हुए नजर आते हैं। मनोविज्ञान की यह नई खोज और प्रयोग पात्रों और चरित्र के मानसिक उथल-पुथल से संबंधित प्रतीत होता है। उपन्यास की शुरुआत में ही सहाय अपने दुविधाग्रस्त मन को कुछ इस तरह व्यक्त करता है – **'इधर कुछ दिनों से ठीक से नींद नहीं आती है। रात तीसरे पहर टूट जाती है और मन भटकने लगता है। सहसा कोई विश्वास नहीं करेगा। कारण, मेरे नाम के साथ दुविधा की संगति कोई जोड़ नहीं पाता है। पर इस चव्वन बरस की वय में स्वीकार करना चाहिए कि मुझमें दुविधा उग रही है।'**[4]

व्यक्ति जब अपने को द्वंद्व से बाहर निकलने की लगातार कोशिश करता है तो वह कभी नैतिक हो जाता है तो कभी व्यक्तिगत। पूरा उपन्यास सहाय के मूल्यों से उत्पन्न दुविधा के इर्द-गिर्द घूमता रहता है। शुरुआत में तो सहाय बाहर की चुनौतियों से लड़ने की बात करते हैं, फिर धीरे-धीरे अंत में वे वही हो जाते हैं, जो शुरू से उन्हें स्वीकार नहीं था। सहाय के अंतर मन में उठ रहे कई सवाल और उसके जवाब से उत्पन्न परिस्थिति को लेखक ने अच्छे से संभाला है। शुरू में सहाय के मन में उठ रहे सवाल और उनके जवाब से निष्कर्ष तक पहुँचने की कोशिश सहाय को इस नतीजे पर लाकर खड़ा कर देती है – **'सचमुच मानता भी रहा हूँ कि सोचना बचना है। बाहर चुनौती है, बच कर अन्दर रमना-भरमाना ही सोच में घिरना है। लगता रहा है कि समस्या अन्दर की नहीं है, सदा वह बाहर है और विचार से वास्ता खाली आदमी का होता है, असली आदमी बाहर इन्सान से निपटता है।'**[5]

'मुक्तिबोध' एक राजनीतिक नेता के जीवन की कथा है। इसमें लेखक अपने दार्शनिक प्रवृत्ति के तौर पर

मन में उठते प्रश्न और उसके समाधान को सहाय के द्वारा दिखाने की कोशिश करते हैं। जाहिर-सी बात है, लेखक की यह कृति उनके सृजन और नए आयाम को दर्शाती है। प्रेम और विवाह के सामंजस्य को एक साथ दिखाकर लेखक जीवन की अवास्तविक तस्वीर के द्वारा अपने आदर्श मन को भी प्रस्तुत करते हैं। क्या असल जिंदगी में ऐसा संभव है? वास्तविकता से एकदम उलट जरूर कह सकते हैं। उपन्यास में संवाद के माध्यम से उत्पन्न द्वंद्व सहाय की मनोदशा को कई स्तर पर उभारता है। सहाय का अन्य पात्रों के साथ संवाद और उससे उत्पन्न दुविधा को मुख्य तौर पर दिखाया गया है। संवाद का ये स्तर कई पात्रों के साथ चलता है। यहाँ सभी स्तर के संवाद की अपनी-अपनी गरिमा है।

उपन्यास के शुरुआती पन्नों में लेखक ने पति-पत्नी के गहरे वात्सल्य प्रेम और बाद में उससे उत्पन्न स्थिति को कुछ ऐसे दिखाया है - **'मुझे उस मुख पर चिंता एकदम बुरी नहीं लगी। सचमुच इधर पत्नीत्व की संस्था में मुझे अर्थ प्रतीत होने लगा है। पत्नी बच्चों की माता हो सकती है, पर उमर आने पर उसकी गहरी वत्सलता पति को प्राप्त होती है।'**[6] पति-पत्नी के बीच सामान्य बातचीत एक-दूसरे पर सहज भाव से अधिकार दिखाना, धीरे से हस्तक्षेप करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करना, रूठना-मनाना यह सब एक पारिवारिक माहौल तो तैयार करता है, परंतु साथ ही एक अंतर्द्वंद्व की भी स्थिति पैदा करता है। नोक-झोंक के दौरान सहाय अपने अंतर्द्वंद्व मन से कुछ ऐसे उलझे रहते हैं - **'कुछ नहीं, तुम जाकर सोओ-कैसी अच्छी हो! पत्नी ने तुनक कर कहा - कैसी बेकार हूँ, यही न कहना चाहते हो! अच्छी बात है, तो मैं चली जाऊं? हाँ मैं जरा खुद अपने से सुलझाना चाहता था।'**[7] अपने मन के उलझे सवालों में और उलझने के बाद सहाय को ऐसा अनुभव होता है कि उन्हें तो अभी तक कुछ उपलब्ध नहीं हुआ, जैसे अंदर का कोलाहल और बढ़ ही गया हो। क्षण-क्षण बदलते सहाय के मन के कुछ तार ऐसे हैं कि एक जगह स्थिर ही नहीं रह पाता। पति-पत्नी के बीच प्रेम की गहरी अनुभूति या यूँ कह सकते हैं कि सहाय के अंतर्द्वंद्व की अव्यवस्थित स्थिति को कुछ और प्रसंग से समझ सकते हैं - **'खिड़की के बाहर चुपचाप आँख खोले बैठा रहा। जैसे उस शून्यता में से सत्य खुलेगा। अंदर तो कोलाहल है, कुछ सुख नहीं मिलता। पर समय बीतता रहा और मैं अनुपलब्ध बना रहा। तभी मालूम हुआ कि मैं वापस बिस्तर में पहुँच सकता हूँ और दूरी लाँघ कर निकट हो सकता हूँ। लगा, यही उपलब्धि होगी।'**[8] वहीं इसके दूसरे पक्ष यानी पत्नी की स्थिति को यदि यहाँ देखा जाए तो वो सिर्फ अपने पति की उपस्थिति से ही संतुष्ट है। इसके लिए लेखक ने इसी क्रम में आगे लिखा है कि - **'असहाय शिशु से बने पति से अधिक पत्नी को और क्या चाहिए? और ऐसे क्षण पति मानो पत्नी के लिए सर्वस्व हो उठता है।'**[9] आगे पति-पत्नी के आदर्श रूप की एक तस्वीर यहाँ लेखक ने प्रस्तुत किया है, जिसकी निकटता वास्तविकता से थोड़ा कम है, क्योंकि इस तरह की संरचना या तो नाम मात्र ही समाज में व्याप्त होगी या सिर्फ लेखक की कोरी कल्पना ही। **'सहाय - करना चाहिए शक। तुमने मुझे क्या समझ रखा है? देवता समझ रखा है! राज- वहीं से बोली - हाँ, आदमी में देवता होता है और पत्नी नहीं, प्रेयसी उसे जगाती है।'**[10]

इसके बाद अगला मुख्य संवाद आता है प्रेमी-प्रेमिका का। सहाय और नीलिमा के प्रसंग में नीलिमा सिर्फ प्रेमिका बनकर सीमित नहीं है, वो एक अभिन्न मित्र और मार्गदर्शक का किरदार निभाती दिख रही है। द्विवेदीयुगीन दर्पणवादी दृष्टिकोण के अनुसार साहित्य समाज का दर्पण है अर्थात समाज में जो घटित होता है, कमोबेश साहित्य वही दिखाने की कोशिश करता है। आज भी समाज दांपत्य में किसी तीसरे की उपस्थिति को स्वीकार नहीं करता है, लेकिन 'मुक्तिबोध' में

लेखक का यह नया प्रयोग यथार्थ से छुपा तो है, लेकिन नएपन के साथ एक नई दृष्टि भी देता है। इस दर्पणवादी दृष्टिकोण में लेखक की चेतना की क्रियाशीलता उपेक्षित नजर आती है। अत: यहाँ लेखक ने अपनी कल्पना और आकाँक्षा को बखूबी व्यक्त किया है। अपने आदर्श रूप में यह कैसा हो सकता है 'मुक्तिबोध' उसका एक अच्छा उदाहरण हो सकता है। आगे लेखक के द्वारा किए गए इस प्रयोग में एक प्रसंग से राजश्री और नीलिमा के आदर्श संबंध को देखा जा सकता है – **'नीलिमा को मैं जानती हूँ। वह मामूली औरत नहीं है। वह खुद अपने को गिरा नहीं सकती, इसलिए पुरुष को भी गिरा नहीं सकती। तुम उसके बारे में नि:शंक रह सकते हो।'**[11] क्या आज हमारा समाज इस स्तर पर प्रगतिशील है? क्या आज हम इन सवालों को निजता में हल करते हैं? या यह सिर्फ लेखक की कल्पना मात्र ही हो सकती है।

सहाय की दिनोंदिन बढ़ती हुई दुविधा और आत्मग्लानि के प्रसंगों से यह उपन्यास भरा-पड़ा है। नीलिमा के साथ उनके संबंध में वो खुद को दोषी ठहराते हैं। इस दौरान वो ऐसी हरकत करते हैं, जो उन्हें आत्मग्लानि से भर देता है। **'तुम्हें शर्म नहीं है? न नहीं है। कहती हुई खिलखिलाई और तुम्हें भी उसकी जरूरत नहीं है। मेरे सामने तो बिल्कुल नहीं है। मैंने उठकर उसकी बाँह को पकड़ा। कोई धूप नहीं। चलो और मुझे पहुँचा के आओ और कहकर मैंने उसकी बाँह को जरा ऐंठा।'**[12] गलतियों का मनोविज्ञान यही कहता है कि आप करना कुछ चाहते हैं और आप कर कुछ और जाते हैं। यहाँ बाँह ऐंठना इसी तरह के मनोविज्ञान के अंतर्गत आता है। यहाँ ऐसी स्थिति इसलिए पैदा होती है, क्योंकि नीलिमा सिर्फ सहाय की मित्र या मार्गदर्शिका नहीं है, वो उनके जीवन के एक हिस्से की प्रेमिका भी है। जब सहाय नीलिमा को सिर्फ प्रेमिका समझते हैं तो उनके मानसिक पटल पर खिंची सामाजिक बाध्यता उत्पन्न कर देती है। अत: इस क्रम में वो ऐसी हरकत कर बैठते हैं, जो उन्हें आत्मग्लानि से भर देता है। सहाय ने नीलिमा के प्रति आभार भले ही व्यक्त न किया हो, लेकिन उनकी आत्मग्लानि इस बात को पुष्ट करती जरूर है।

आधुनिक होते समय में जीवन की जटिलताएँ बहुत बढ़ गई हैं। ऐसे समय में हम बाहर से ज्यादा अपने अंदर से लड़ रहे हैं। आगे इस उपन्यास में और भी कई स्तर के संवाद हैं, जो सहाय के मन में अंतर्विरोध और भ्रम का जाल-सा बना देता है, जहाँ सहाय सबसे अधिक असहज और असहाय महसूस करते हैं। आज के आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के विचारों में मतभेद और उससे उत्पन्न संबंध विच्छेद की स्थिति को यहाँ सहाय और वीरेश्वर के रूप में देख सकते हैं। आगे संवाद के माध्यम से इनके संबंध विच्छेद को गहराई से समझा जा सकता है। वीरेश्वर मुझे देख रहा था। उसके चेहरे पर व्यंग्य था। कुछ देर चुप रहा। फिर बोला – **'आप अपने को कामयाब आदमी समझते हैं शायद!' मैंने जल्दी से कहा, 'कामयाब'? नहीं तो! मैं बिल्कुल कामयाब आदमी नहीं हूँ। फिर फैसला अपने हाथ में क्यों लेते हैं?'**[13] आज के दौर में पिता-पुत्र का एक ही तरह से सोचना संभव नहीं है। पिता के नैतिक मूल्य और पुत्र का थोड़ा कम नैतिक होना या समय के साथ चलना दोनों को एक-दूसरे से अलग कर देता है।

सहाय पति, प्रेमी, पिता होने के साथ-साथ एक नेता भी हैं। समाज और परिवार के बीच फँसे सहाय को अपने राजनीतिक कर्तव्यों से विमुख होकर नैतिक मूल्यों से समझौता करना बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। राजनीति एक ऐसी शक्ति है, जो समाज को न सिर्फ बाहर से, बल्कि अंदर से भी प्रभावित करती है। राजनीति कहने से यह आशय स्पष्ट होता है कि तंत्र के अंतर्गत समाज में सुरक्षा और शांति कायम हो एवं रोजगार और न्याय सबको बराबर प्राप्त हो। यह तभी संभव है, जब नेता या शासक नैतिक होगा। अर्थात जो बातें सिद्धांत, नियम और श्रेष्ठ मार्ग पर ले जाए नीति है और इस तरह की शिक्षा से संपन्न व्यक्ति या नेता ही नैतिकता का पक्षधर हो सकता है। नैतिकता के अभाव में एक आदर्श समाज की स्थापना नामुमकिन है। इस

उपन्यास में सहाय भी अपने कार्यप्रणाली एवं व्यवहार कौशल में इन्हीं मानवीय मूल्यों के समावेश का पक्षधर दिखाई देते हैं, लेकिन रिश्तों में बँधा व्यक्ति कब तक नैतिक रह सकता है और पूरे उपन्यास में सहाय की दुविधा भी इन्हीं सब चीजों से शुरू होती है। एक तरफ अपने नैतिक मूल्यों की रक्षा करना तो वहीं दूसरी तरफ उसकी तिलांजलि देना सहाय को द्वंद्व से भर देता है। आखिर में सहाय का सब कुछ भाग्य पर छोड़ देना उनकी असमर्थता और अनैतिक होने की गवाही पेश करता है। **'मैं मिनिस्टर हो गया हूँ! अचरज में राज बोली, सच! विश्वास आया और वह तत्काल बेटी के पास भाग गई और मैं कमरे में अकेला रह गया। अकेला, कि अपने तेवर को आप ही संभालूँ और जो भाग्य में हो उसे आप ही झेलूँ!'** [14]

निष्कर्षत :

मनोविज्ञान व्यक्ति मन को विभिन्न स्तरों पर खोल कर रख देने वाली प्रवृत्ति है। साहित्य के क्षेत्र में इसी प्रक्रिया के तहत जैनेंद्र ने अपने लेखन कौशल का लोहा मनवाया है। यथार्थ परिस्थितियों के बीच आदर्श मूलक समाज के द्वंद्वात्मक प्रसंगों से अभिहित यह उपन्यास अपना ताना-बाना बुनता हुआ नजर आता है। बोध से मुक्ति का सवाल लिए हुए सहाय की असहाय स्थिति उन्हें हर क्षण करुणा और द्वंद्व से भर देती है। अपने उपन्यास 'मुक्तिबोध' में जैनेंद्र ने टूटते-बनते नैतिक मूल्यों से ग्रसित एक नेता की न सिर्फ कथा कहने की कोशिश की है, बल्कि अपने नए प्रयोग के आदर्श रूप को भी दिखाने का भरसक प्रयास किया है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. वाजपेयी. डॉ.नन्ददुलारे. नया साहित्य नये प्रश्न, राजकमल प्रकाशन. नई दिल्ली (2010). पृ. 184
2. कुमार. जैनेंद्र, सुनीता. सेतु प्रकाशन. (2010)(प्रस्तावना)
3. मिश्र. रामदरश, हिंदी उपन्यास : एक अंतर्यात्रा, राजकमल प्रकाशन. नई दिल्ली (2016). पृ. 84
4. कुमार. जैनेंद्र, मुक्तिबोध. पूर्वोदय प्रकाशन. नई दिल्ली.(2000). पृ. 1
5. वही. पृ.1
6. वही. पृ.1
7. वही. पृ.2
8. वही. पृ.3
9. वही. पृ.4
10. वही. पृ48
11. वही. पृ.49
12. वही. पृ.45
13. वही. पृ.91
14. वही. पृ.108

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

महाभारत में पर्यावरण संरक्षण संबंधित चिंतन

उज्ज्वल दास

शोधार्थी, संस्कृत विभाग,
पांडिचेरी विश्वविद्यालय
कालापेट, पुदुचेरी- 605014
7699070823
ujjwal95das@gmail.com

शोध-सार :

पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, 'परि+आवरण' जहाँ परि का अर्थ है चारों ओर और आवरण का अर्थ है ढँका हुआ या आच्छादित हुआ या घिरा हुआ। कोई भी वस्तु या पदार्थ जिस वस्तु से ढँका हुआ है या घिरा हुआ है, वह उसका आवरण कहलाता है। उसी प्रकार जिन पदार्थों से, जिन क्रियाकलापों से हम घिरे हुए हैं, वही हमारा पर्यावरण है। पृथ्वी पर पाए जाने वाले भूमि, जल, वायु, पेड़, पौधे एवं जीव-जंतुओं के समूह, जो हमारे चारों ओर हैं, यह सभी मिलकर वातावरण का निर्माण करते हैं। अत: इसे पर्यावरण कहते हैं। मनुष्य के लालच के कारण आज पर्यावरण विभिन्न प्रकार से प्रदूषित हो रहा है। उदाहरण के लिए वायु, जल, मिट्टी, ध्वनि आदि प्रदूषण ने मानव जीवन में विभिन्न असाध्य रोगों को जन्म दिया है। मनुष्य के लालच के कारण आज प्राकृतिक पर्यावरण अनेक प्रकार से प्रदूषित हो रहा है। जैसे जंगलों को काटना, वन्य जीवों को मारना, नदी में जहरीले पदार्थ डालकर नदी के पानी को प्रदूषित करना। इससे वातावरण में कार्बन-डाइ-ऑक्साइड की मात्रा बढ़ती जा रही है, जिसके फलस्वरूप मानव शरीर में कई तरह के हानिकारक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। इसलिए पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और पर्यावरण प्रदूषण के कारणों और समाधानों पर गंभीरता से विचार करना होगा। प्रस्तुत शोधपत्र में महाभारत में पर्यावरण संरक्षण के बारे में चर्चा की गई है।

बीज शब्द :

महाभारत, पर्यावरण, संरक्षण, जल, वृक्ष, प्राणी, वायु, भूमि आदि।

विश्लेषण :

महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत दुनिया के सबसे महान महाकाव्यों में से एक है। इसकी महानता और आकृति की गरिमा के कारण यह महाकाव्य महाभारत कहलाता है। कौरवों और पांडवों का विरोध इस महाकाव्य का मूल आख्यान है, किंतु महाभारत में असंख्य

कथाएँ, असंख्य उपाख्यान, असंख्य उपदेश और सैकड़ों विद्याएँ समाहित हैं। यह विशाल महाकाव्य भारत की शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता, आध्यात्मिक चेतना आदि के साथ-साथ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, ज्ञान और विज्ञान से परिपूर्ण है। वेदव्यास ने कहा है-

'धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ।
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्'॥ इति

अर्थात जो महाभारत में है, वह अन्यत्र है और जो महाभारत में नहीं है, वह कहीं नहीं मिलता। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत के विभिन्न पर्व में अपनी पर्यावरणीय चिंतन को व्यक्त किया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश यह पाँच महाभूत और मन, बुद्धि और अहंकार कुल मिलाकर यह आठ तत्व पर्यावरण शब्द से अभिहित हैं। शांतिपर्व में महर्षि व्यास ने नदियों, पहाड़ों, समुद्रों, वृक्षों की जड़ों, गौशालाओं, दुर्गम सड़कों, वनों, चौराहों, सड़कों, चबूतरे, घाटों, अश्वशाला, रथशाला, जीर्ण-शीर्ण बागों, जीर्ण-शीर्ण घरों, पंचतत्वों, दिशाओं, विदिशा, चंद्र, सूर्य उनकी किरणें, रसातल में और अन्यान्य स्थानों पर उनके अधिष्ठाता देवता को श्रद्धा सहित प्रणाम किया है। इसी पर्व में महर्षि वेदव्यास ने नदियों की सरस्वती के रूप मे स्तुति की और पर्वतों को पूजनीय कहा है। यहाँ इस वर्णन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि व्यास का पर्यावरण को धार्मिक चेतना से जोड़ने का उद्देश्य था पर्यावरण की रक्षा करना, क्योंकि यदि पर्यावरण को धार्मिक चेतना से जोड़ दिया जाए तो ऐसे स्थानों को लोग प्रदूषित नहीं करेंगे। ऋग्वेद में वनों की स्तुति की गई। वहाँ वनों को सभी पशुओं की माता के रूप मे व्यक्त किया गया है। यजुर्वेद में वृक्ष को पूज्य बताया गया है। यजुर्वेद में ऋषियों ने ग्रह, नक्षत्र, अंतरिक्ष, जल, वायु, अग्नि, भुमि, वनस्पति, और संपूर्ण ब्रह्मांड की स्तुति करते हुए शांति की कामना की गई है -



'औ द्यौः। शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति।
शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिर्वनस्पतयः॥
शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्मशान्तिः सर्वशान्तिः।
शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि'॥ इति

इससे प्रतीत होता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि, विद्वान पर्यावरण के प्रति अत्यंत चिंतनशील थे। महाभारत के विभिन्न पर्वों में, विभिन्न उद्धरणों और विभिन्न पात्रों के व्यवहार के माध्यम से पर्यावरण के प्रभाव और पर्यावरण के संरक्षण के बारे में स्पष्ट विचार पाया जाता है।

वृक्षारोपण :

वृक्ष हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं। वृक्ष मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष न केवल प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोककर, बाढ़ को रोककर, तूफानों को रोककर जीवन और संपत्ति की रक्षा भी करता है। मौसम नियंत्रण में वृक्षों की महत्वपूर्ण योगदान है। वृक्षों के बिना दुनिया रेगिस्तान बन जाएगी। वृक्ष जीवमंडल को छाया देकर तापमान को नियंत्रित करते हैं। व्यापक वन क्षेत्रों में, वृक्ष जल वाष्प युक्त वायु को संघनित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्षा होती है। वृक्ष वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेता है और ऑक्सीजन गैस छोड़ता है और हम वृक्षों से ऑक्सीजन ग्रहण करके जीते हैं। हम सभी को योजनाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण में भागीदारी करनी चाहिए। देश की अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक जीवन को सुकून देने के लिए हममें से प्रत्येक को हर साल वृक्ष लगाना चाहिए। पर्यावरण संतुलन में सबसे ज्यादा योगदान वृक्षों का ही है। महाभारत में वृक्षारोपण संबंधित विस्तृत विवरण मिलता है। भीष्म ने अनुशासन पर्व में

युधिष्ठिर को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। उनका कथन है कि – अस्वत्थ वट प्रभृति वृक्ष, कुशस्तंव आदि गुल्म, वृक्षादि पर फैली हुई पाटली आदि लता, पृथ्वीपर पड़ी हुई कूष्मांड प्रभृति, बांश आदि त्वकसार, उलप प्रभृति तृण – इन छह प्रकार के वृक्ष जाति के लगाने से ये समस्त गुण प्राप्त हुआ करते हैं, मनुष्य लोक में कीर्ति और परलोक में शुभ फल मिलता है। जो लोग वृक्ष लगाते हैं, वो अपने मरे हुए पूर्वजों और भविष्य में आने वाली संतानों का तथा पितृवंश का ही उद्धार किया करते हैं, इसलिए वृक्षों को लगाना चाहिए। जो पुरुष वृक्षों को लगाता है उसके लिए वृक्ष निस्संदेह पुत्ररूप होते हैं। इसी पर्व में वृक्षों का महत्व और तालाब खोदकर तालाब के किनारे वृक्ष लगाकर पुत्र की तरह उसकी देखभाल करने के लिए बताया गया है –

'पुष्पिताः फलवन्तश्च तर्पयन्तीह मानवान्।
वृक्षदं पुत्रवद् वृक्षास्तारयन्ति परत्र तु॥
तस्मात्तडागे सद्वृक्षा रोप्याः श्रेयोऽर्थिना सदा।
पुत्रवत्परिपाल्याश्च पुत्रास्ते धर्मतः स्मृताः'।इति।

अर्थात फलदार वृक्ष इस जगत में मनुष्यों को तृप्त करते हैं, जो वृक्ष दान करता है उसको वे वृक्ष पुत्रों की भाँति परलोक में परित्राण किया करते हैं। इसलिए कल्याण की इच्छा करने वाले मनुष्य तालाब के चारों ओर सदा सुंदर वृक्षों को लगावें और उन वृक्षों का पुत्र की भाँति प्रतिपालन करें। वृक्षों को काटना दंडनीय अपराध है। वराहपुराण में कहा गया है – छेदनं वृक्षजातीनां द्वितीयं नरकं स्मृतम्। अर्थात जो वृक्षों को काटते हैं, वे नरक में जाते हैं। वृक्षों को काटना या जलाना नहीं चाहिए, क्योंकि कई जीव वृक्षों में शरण लेते हैं। शांतिपर्व में वृक्षों को न काटने और उसके महत्व के बारे में कहा गया है –

'महान् वृक्षो जायते वर्धते च तं चैव भूतानि समाश्रयन्ति।
यदा वृक्षश्छिद्यते दह्यते च तदाश्रया अनिकेता भवन्ति'॥ इति

अर्थात बहुत से वृक्ष उत्पन्न होते हैं और बढ़ते हैं, प्राणी उनको आश्रय बना लेते हैं। जब वृक्ष काटे या जलाए जाते हैं तो उस पर आश्रित प्राणी अनिकेत अर्थात आश्रय रहित हो जाता है। महाभारत का समाज पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षों के महत्व से अच्छी तरह परिचित था। व्यास ने वृक्षारोपण कर्म को अत्यंत महत्वपूर्ण वताया है।

वायु संरक्षण :

पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए वायु सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। स्वच्छ हवा में साँस लेने से स्ट्रोक, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर के साथ-साथ अस्थमा जैसी पुरानी और तीव्र श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ हवा की आवश्यकता होती है। जैसा कि महाभारत के वन पर्व में कहा गया है, शुद्ध, शीतल और सुगंधित वायु जीवन प्रदान करती है–'शीतस्तत्र ववौ वायुः सुगन्धी जीवनः शुचिः' इति॥ यहाँ शुद्ध, शीतल एवं सुगंधित वायु का उल्लेख वायु को दूषित होने से बचाने का स्पष्ट संकेत देता है। शुद्ध वायु की उत्पत्ति का वर्णन महाभारत में वन और वनस्पति आदि से मिलता है। आदि पर्व में कहा गया है –

'सुखः शीतः सुगन्धी च पुष्परेणुवहोऽनिलः।
परिक्रामन् वने वृक्षानुपैतीव रिरंसया'॥ इति

अर्थात महर्षि कण्व के आश्रम के निकट वन में शीतल, सुगंधित और सुहावनी, फूलों के पराग कणों को ले जाती हुई मंद हवा बार-बार पेड़ों के पास आ रही थी, मानो रमन की इच्छा से। वनपर्व में कहा गया है–

'मोदयन् सर्वभूतानि गन्धमादनसम्भवः।
सर्वगन्धवहस्तत्र मारुतः सुसुखो ववौ'॥ इति

अर्थात वनस्पति की प्रचुरता के कारण गंधमादन पर्वत पर सुगंधित और सुखदायक हवा भी चलती थी। सभापर्व में कहा गया है, इंद्रप्रस्थ नगर में वायु सदैव पांडवों को जल और उस स्थान पर मौजूद कमलों की सुगंध से सेवा प्रदान करते थे –

'जलजानां च पद्मानां स्थलजानां च सर्वशः।
मारुतो गन्धमादाय पाण्डवान् स्म निषेवते'॥ इति

हिमालय पर्वत पर भी विभिन्न प्रकार की सुगंधों वाली शुद्ध, शुभ्र हवा के उदाहरण प्राप्त होते हैं। वन

और वनस्पति से ही पवित्र वायु प्राप्त होती है। महाभारत के ऐसे वर्णनों से पता चलता है कि वन और वनस्पति वायु की शुद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अत: शुद्ध वायु प्राप्त करने के लिए वनों तथा वनस्पतियों का सदैव संरक्षण करना चाहिए।

भूमि संरक्षण :

पृथ्वी पर सभी जीव-जंतु मिट्टी पर आधारित होते हैं। जानवर और पौधे अपने अस्तित्व के लिए इस भूमि पर निर्भर हैं। प्राचीन काल से ही भूमि की माँ के रूप में पूजा की जाती रही है। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत के विभिन्न पर्वों में भूमि संरक्षण के बारे में चर्चा की है। भूमि संरक्षण का मुख्य उद्देश्य है भूमि को क्षय होने से बचाना और यह सुनिश्चित करना है कि भूमि की उर्वरता नष्ट न हो। भीष्मपर्व में महर्षि वेदव्यास ने कहा है कि संपूर्ण विश्व की उत्पत्ति इसी भूमि से होती है और अंत भी इसी भूमि पर ही होता है। समस्त प्राणियों की प्रतिष्ठा भूमि ही होती है और भूमि ही सबका परम आश्रय है -

'भूमौ च जायते सर्वं भूमौ सर्वं विनश्यति।
भूमिः प्रतिष्ठा भूतानां भूमिरेव परायणम्' ॥ इति

वेदव्यास ने भूमि की श्रेष्ठता के बारे में बताया है कि जो भूमि देखने में सुंदर होती है, जो भूमि सुदृढ़ होती है और प्रचुर मात्रा में अन्न उत्पन्न कराती है, जो भूमि विविध और अनेक धातुओं से सुशोभित होती है तथा जिसमें सभी प्राणी निवास करते हैं, वह भूमि सर्वोत्तम है -

'सुप्रदर्शा बलवती चिन्ना धातुविभूषिता।
'उपेता सर्वभूतैश्च श्रेष्ठा भूमिरिहोच्यते'॥ इति

महाभारत के आदिपर्व में भूमि को क्षय होने से बचाने का प्रसंग भी मिलता है। उपाध्याय की आज्ञा के अनुसार आरुणि खेत को भूमिक्षय से बचाने के लिए मेड़ बाँधने के लिए मेड़ पर लेट गए थे-'स तत्र संविवेश केदारखण्डे शयाने च तथा तस्मिंस्तदुदकं तस्थौ' इति॥ भूमि संरक्षण के लिए वृक्षारोपण ही सर्वोत्तम उपाय है। महाभारत के अनुशासनपर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया है। वहाँ वृक्ष को पुत्र तुल्य कहा गया है। सभी हितैषी को अपने-अपने तालाबों के आसपास अच्छे-अच्छे वृक्ष लगाने के लिए और उनका पुत्र की भाँति पालन-पोषण करने के लिए बताया गया है -

'तस्मात् तडागे सद्वृक्षाः रोप्याः श्रेयोऽर्थिना सदा।
पुत्रवत् परिपाल्याश्च पुत्रास्ते धर्मतः स्मृताः'॥ इति

इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि महाभारत के लेखक यह अच्छी तरह जानते थे कि भूमि संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत महत्त्वपूर्ण है।

जल संरक्षण :

जल मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक है। जल का नाम सुनते ही सबसे पहले जो बात दिमाग में आती है, वो है 'जल ही जीवन है', जो बिल्कुल सच है। जल के बिना कोई भी इंसान या जानवर जीवित नहीं रह सकता है। हमें अपने दैनिक जीवन में विभिन्न कारणों से जल पर निर्भर रहना पड़ता है। जल के महत्व को समझा जा सकता है, यदि हमें अपने दैनिक जीवन में अचानक किसी कारणवश जल न मिले। जिस तरह पौधों के जीवित रहने में जल का योगदान निर्विवाद है, उसी तरह लोगों को अपने दैनिक जीवन में छोटी-छोटी चीजों के लिए जल पर निर्भर रहना पड़ता है। जल की कमी से दुनिया भर में भोजन की कमी हो सकती है, हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट में कहा गया है। वर्तमान काल में जल के संरक्षण के लिए कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। महाभारत काल में भी जल का संरक्षण करने के लिए बताया गया है। महर्षि वेदव्यास ने नदियों को सरस्वती के रूप में व्यक्त किया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं को भगीरथी के रूप में प्रकट किया है। अतः इससे प्रतीत होता है कि महाभारत काल में जल को देवता के रूप मे माना जाता था। इस कारण वे लोग जल की स्वच्छता और शुद्धता पर विशेष महत्व देते थे। व्यास का कथन है कि जो मनुष्य अपनी मानसिक दुर्बलता के कारण जल में थूक या मलमूत्र डालेगा, उसे ब्रह्महत्या का पाप लगेगा और यह भी कहा गया है कि बोए हुए खेत में, गाँव के आस-पास के पानी में, भगवान के मंदिर में, गायों के समुदाय में, भगवान से संबंधित पेड़ के पास और विश्राम के स्थान पर मलमूत्र त्याग नहीं करना चाहिए। इस कथन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि व्यास ने इसका उल्लेख पर्यावरण की रक्षा के लिए किया था। क्योंकि जगह-जगह मल, थूक आदि डालने से स्थान और पर्यावरण की पवित्रता नष्ट हो जाती है।

प्राचीन काल में लोग वर्षा के लिए यज्ञ करते थे। यज्ञ के धुएँ से बादल उत्पन्न होते हैं, जिससे वर्षा होती है, जो खेतों को सींचती है और भोजन उत्पन्न करती है। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा -

'अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्म समुद्भवः'॥ इति

अर्थात समस्त प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है, वृष्टि यज्ञ से होती है और यज्ञ विहित कर्मों से होता है। अनुशासन पर्व में जलाशयों के निर्माण पर चर्चा की गई है। जहाँ वर्षा जल का संचय करना अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी बताया गया है। वर्षा जल के संचयन के लिए अनेक जलाशयों का निर्माण करना चाहिए और जलाशयों में जितना अधिक समय तक जल रहेगा, उतना ही अधिक पुण्य प्राप्त होगा। भीष्म ने कहा हैं -

'वर्षाकाले तडागे तु सलिलं यस्य तिष्ठति।
अग्निहोत्रफलं तस्य फलमाहुर्मनीषिणः॥
शरत्काले तु सलिलं तडागे यस्य तिष्ठति।
गोसहस्रस्य स प्रेत्य लभते फलमुत्तमम्॥

हेमन्तकाले सलिलं तडागे यस्य तिष्ठति।
स वै बहुसुवर्णस्य यज्ञस्य लभते फलम्॥
यस्य वै शिशिरे काले तडागे सलिलं भवेत्।
तस्याग्निष्टोमयज्ञस्य फलमाहुर्मनीषिणः॥
तडागं सुकृतं यस्य वसन्ते तु महाश्रयम्।
अतिरात्रस्य यज्ञस्य फलं स समुपाश्नुते॥
निदाघकाले पानीयं तडागे यस्य तिष्ठति।
वाजिमेधफलं तस्य फलं वै मुनयो विदुः'॥ इति

अर्थात मनीषी महापुरुष लोग कहते हैं कि वर्षा ऋतु में जिसके खुदवाए हुए तालाबों में पानी रहता है, उसे अग्निहोत्र का फल मिलता है। शरद ऋतु में जिसके तालाबों में पानी रहता है, उसे मृत्यु के पश्चात एक हजार गायों के बराबर फल मिलता है। हेमंत ऋतु में जिसके तालाबों में जल रहता है, वह अनेक स्वर्ण दानों से युक्त महान यज्ञ के फल का भागी होता है। मनीषी पुरुषों का कहना है कि जिसका तालाब शीतकाल में जल से भरा रहता है, उसे अग्निष्टोम यज्ञ का फल मिलता है। वसंतकाल में जिनके खुदवाए हुए तालाब विधिपूर्वक सबके अवलंब रूप होते हैं, उसे अतिरात्र यज्ञ का फल प्राप्त होता है। ग्रीष्म ऋतु में जिसके खुदवाए हुए तालाबों में पीने के लिए जल विद्यमान रहता है, उसे अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है, ऐसा मुनियों का मत है। इस विवरण से स्पष्ट प्रतीत होता है कि जल का संरक्षण करना चाहिए तथा जल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

प्राणियों का संरक्षण :

दुनिया में हर जीव अन्योन्याश्रित है, इस पारिस्थितिकी तंत्र में प्रत्येक प्रजाति की एक अलग भूमिका है। प्रत्येक जीव किसी-न-किसी रूप में पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए जीवमंडल के संतुलन को बनाए रखने और पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी जीवों को जीने की अनुमति दी जानी चाहिए। प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों और दार्शनिकों ने वन्य जीवों के संरक्षण पर बल दिया है। महाभारतकालीन समाज में अहिंसा को परम धर्म माना गया है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वेदव्यास ने कहा है-

'अहिंसा परमो धर्मः सर्वप्राणभृतां स्मृतः।
तस्मात्प्राणभृतः सर्वान्न हिंस्याद् ब्राह्मणः क्वचित्॥ इति

अर्थात अहिंसा को ही सब जीवों का परम धर्म माना गया है। अतएव ब्राह्मण सब प्राणियों में किसी जीव की हिंसा न करें। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि पंचमहाभूतों से निर्मित सभी प्राणियों के हृदय में ईश्वर का निवास है। प्राणियों के प्रति व्यास का अत्यंत प्रेमभाव था। पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए उन्होंने कहा कि बैलों को बधिया करना, भारी बोझ उठाना और उनसे जबर्दस्ती काम कराना जघन्य कार्य है। इसके अलावा पशुओं का क्रय-विक्रय करना भी अनुचित बताया गया है। उन्होंने बताया है कि सूर्य, चंद्रमा, वायु, ब्रह्मा, यज्ञ और यमराज ये सभी देवता पाँचों इंद्रियों के समस्त प्राणियों में विद्यमान हैं, जो इन्हें बेचकर अपनी जीविका चलाता है, वह पाप का भागी होता है। फिर उन्होंने बताया है कि बकरा अग्नि का, भेड़ वरुण का, घोड़ा सूर्य का और बछड़ा चंद्रमा का स्वरूप है। वेदव्यास ने सभी जीवों को देवता का स्वरूप बताया है, क्योंकि देवता का स्वरूप है, इसलिए लोग प्राणियों के प्रति हिंसा नहीं करेंगे। महाभारत काल में लोग सभी जीवों को देवता का स्वरूप मानते थे। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि महाभारतकालीन समाज जीवों की रक्षा के लिए अत्यंत चेतनाशील था।

शांतिपर्व में बताया गया है कि यज्ञ में वृक्ष, अन्न, पशु आदि की आहूति से प्राप्त मांसाहारी भोजन करना ठीक नहीं है, अपितु कोई भी ऐसे धर्म की प्रशंसा नहीं करता है। सुरा, आसब, शहद, मांस, और मछली तथा तिल और चावल की खिचड़ी इन सभी चीजों को धूर्तों ने यज्ञ में प्रचलित कर दिया है। वेदों में इनके उपयोग का विधान नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि महाभारत काल में लोग यज्ञजनीत पशु-पक्षियों की हिंसा को अनुचित मानते थे। साथ ही अहिंसा को परम धर्म मानते थे, क्योंकि वेदव्यास ने कहा है-

'प्राणिनामवधस्तात सर्वज्यायान्मतो मम।
अनृतं वा वेदद्वाचं नच हिंसात्कथंचन'॥ इति

अर्थात मैं अहिंसा को ही श्रेष्ठ धर्म मानता हूँ। मेरी सम्मति में असत्य चाहे बोल लें, लेकिन प्राणी की हिंसा करना कदापि उचित नहीं है।

बाघ खुले जंगल और चरागाह पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद करता है। बाघ वन खाद्य श्रृंखला में सबसे ऊपर है और जंगल के प्राकृतिक वातावरण का संतुलन बाघ पर निर्भर करता है। वर्तमान काल में बाघों के संरक्षण के लिए कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। महाभारत काल में भी बाघों की रक्षा करने के लिए कई सारे प्रावधान देखने को मिलते हैं। उद्योगपर्व में वेदव्यास ने कहा है-

'निर्वनो वध्यते व्याघ्रो निर्व्याघ्रं छिद्यते वनम्।
तस्माद्व्याघ्रो वनं रक्षेद्वनं व्याघ्रञ्च पालयेत्॥ इति

अर्थात वन के बिना व्याघ्र का नाश हो जाता है और व्याघ्र के बिना वन का नाश हो जाता है। व्याघ्र वन की रक्षा करता है और वन व्याघ्र की रक्षा करता है। इससे प्रतीत होता है कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वेदव्यास अत्यंत सचेत थे।

निष्कर्ष :

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए महर्षि वेदव्यास ने अपने ग्रंथ में विस्तार से वर्णन किया है। और महाभारतकालीन समाज भी पर्यावरण के संरक्षण के लिए सजग था। परंतु वर्तमान काल में भूमि की लालसा में वृक्षों को काटा जा रहा है, तालाबों को मिट्टी से भर दिया जा रहा है। और मांस की लालसा में वन्यप्राणियों को मारा जाता है, जिसकी वजह से पर्यावरण का संतुलन प्रभावित होता है और पर्यावरण संरक्षण में विकट समस्या आ जाती है। परंतु महाभारत में इस समस्या का निराकरण मिलता है। वहाँ सभी प्राकृतिक तत्वों की देवता रूप से स्तुति की गई है, क्योंकि भारत देश अध्यात्मप्रधान देश है।

हमारी मानसिक विकृति की वजह से पर्यावरण की हानि होती है और जिसका प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है। अत: मानव जीवन के अस्तित्त्व को बनाए रखने के लिए, हमें पूरे पर्यावरण को संतुलित और शुद्ध रखने की आवश्यकता है। अत: पर्यावरण को शुद्ध और संतुलित रखने के लिए किसी भी जीव या वृक्ष पर हिंसा न करें। मन शुद्ध होगा तो हमारा विचार भी शुद्ध होगा और चिंतन भी शुद्ध होगा, जिसकी वजह से पर्यावरण का विशुद्धिकरण भी अवश्य ही होगा। ❑

संदर्भ सूची :

i महत्त्वाद् भारवत्वाच्च महाभारतमुच्यते। - महाभारतम्. आदिपर्व. 1.274

ii महाभारतम् आदिपर्व. 62.53

iii भूमिरापोऽनलो वायु: खं मनो बुद्धिरेव च। अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥ - श्रीमद्भगवद्गीता. 7.4

iv ये नदीषु समुद्रेषु पर्वतेषु गुहासु च। वृक्षमूलेषु गोष्ठेषु कान्तारे गहनेषु च॥
चतुष्पथेषु रथ्यासु चत्वरेषु तटेषु च। हस्त्यश्वरथशालासु जीर्णोद्यानालयेषु च॥
येषु पञ्चसु भूतेषु दिशासु विदिशासु च। चन्द्रार्कयोर्मध्यगता ये च चन्द्रार्करश्मिषु॥
रसातलगता ये च ये च तस्मै परं गता:। नमस्तेभ्यो नमस्तेभ्यो नमस्तेभ्येऽस्तु नित्यश: - महाभारत. शान्तिपर्व. 284.177-180

v सर्वा नद्य: सरस्वत्य: सर्वपुण्या: शिलोच्चया:। - वही. 263.42

vi आञ्जनगन्धिं सुरभिं बह्वन्नामकृषिबलाम्। प्राहं मृगाणां मातरमरण्यानिमशंसिषम्॥ - ऋग्वेद. 10.146.6

vii नमो वृक्षेभ्य:, औषधीनां पतये नम:, अरण्यानां पतये नम:। - यजुर्वेद. 16.17,19.20

viii वही. 36.7.1

ix एता जात्यस्तु वृक्षाणां तेषां रोपे गुणास्त्विमे। कीर्तिश्च मानुषे लोके प्रेत्य चैव फलं शुभम्॥
अतीतानागते चोभे पितृवंशं च भारत। तारयेद् वृक्षरोपी च तस्माद् वृक्षांश्च रोपयेत्॥
तस्य पुत्रा भवन्त्येते पादपानात्र संशय:। परलोकगत: स्वर्गं लोकांश्चाप्नोति सोऽव्ययाम्॥ - महाभारत. अनुशासनपर्व. 58.25,26,27

x वही. 58.30,31

xi वामनपुराण. 61.2

xii महा. शान्तिपर्व. 91.26
xiii महाभारत. वनपर्व. 168.50
xiv महाभारत. आदिपर्व. 70.16
xv महाभारत. वनपर्व. 160.42
xvi महाभारत. सभापर्व. 3.36
xvii ववौ सुख: शिवो वायुर्नानागन्धवह: शुचि: । – महाभारत. शान्तिपर्व. 283.12
xviii महाभारत. भीष्मपर्व. 4.20
xix महाभारत. अनुशासनपर्व. 58.2
xx महाभारत. आदिपर्व. 3.24
xxi महाभारत. अनुशासनपर्व. 58.31
xxii सर्वा नद्य: सरस्वत्य: सर्वपुण्या: शिलोच्चया: । – महाभारत. शान्तिपर्व. 263.42
xxiii झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी । – श्रीमद्भगवद्गीता. 10.31
अल्पा इति मतिं कृत्वा यो नरो बुद्धिमोहिता । श्लेष्म मूत्र पुरीषाणि युष्मासु प्रतिमोक्षति ॥
xxiv तमियं यास्यति क्षिप्रं तत्रैव च निवत्स्यति । तथा वो भविता मोक्ष इति सत्यं ब्रवीमि व: ॥ – महाभारत. शान्तिपर्व. 282.54–55
xxv नोत्सृजेत पुरीषं च क्षेत्रे ग्रामस्य चान्तिके । उभे मूत्रपुरीषे तु नाप्सु कुर्यात् कदाचन ॥
देवालयेऽथ गोवृन्दे चैत्ये सत्येषु विश्रमे । – महाभारत. अनुशासनपर्व. 104. 53–54
xxvi श्रीमद्भगवद्गीता. 3.14
xxvii महाभारत. अनुशासनपर्व. 58.10–15
xxviii महाभारत. आदिपर्व. 11.12
xxix ईश्वर: सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति । – श्रीमद्भगवद्गीता.18.61
xxx ये चच्छिन्दन्ति वृषणान् ये च भिन्दन्ति नस्तकान् । वहन्ति महतो भारान् बध्नन्ति दमयन्ति च ॥
हत्वा सत्त्वानि खादन्ति तान्कथं न विगर्हसे । मनुषा मानुषानेव दासभावेन भुञ्जते ।।
वधबन्धनिरोधेन कारयन्ति दिवानिशम् । आत्ममनश्चापि जानाति यद्दु:खं वधबन्धने ॥
पञ्चेन्द्रियेषु भूतेषु सर्वं वसति दैवतम् । आदित्यश्चन्द्रमा वायुर्ब्रह्मा प्राण: क्रतुर्यम: ॥
तानि जीवानि विक्रीय का मृतेषु विचारणा । अजोऽग्निर्वरुणो मेष: सूर्योऽश्व: पृथिवी विराट ॥
धेनुर्वत्मश्व सोमो वै विक्रीयैतन्न सिध्यति । – महाभारत. शान्तिपर्व. 262.37–42
xxxi यदि यज्ञांश्च वृक्षांश्च यूपांश्चोद्दिश्य मानवा: । वृथा मांसं न खादन्ति नैष धर्म: प्रशस्यते ॥
सुरा मत्स्या मधु मांसं मासवं कृसरौदनम् । धूर्तै: प्रर्वाततं ह्येतन्नैद् वेदेषु कल्पितम् ॥ – वही. 265.8–9
xxxii महाभारत. कर्णपर्व. 69.23
xxxiii उद्योग पर्व. 21.45

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. अथर्ववेद–अनुवादक और सम्पादक – विजनविहारी गोस्वामी, हरफ प्रकाशनी, कलकाता, 1358
2. ऋग्वेद–अनुवादक – गंगा सहाय शर्मा, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली, 2016
3. महाभारत(आदिपर्व) – सम्पादक – दामोदर सातवलेकर, भारत–मुद्रणालय, स्वाध्याय मंडल, पारडी,1968
4. महाभारत(प्रथम खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
5. महाभारत(द्वितीय खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
6. महाभारत(तृतीय खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
7. महाभारत(चतुर्थ खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
8. महाभारत(पञ्चम खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
9. महाभारत(षष्ठ खण्ड) – अनुवादक – रामनारायणदत्त शास्त्री, गीताप्रेस, गोरक्षपुर
10. यजुर्वेद–अनुवादक – रेखा व्यास, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली, 2015
11. श्रीमद्भगवद्गीता – अनुवादक – रामदयाल मजुमदार, तारा लाइब्रेरी, कलकाता, 2019
12. श्रीमद्भगवद्गीता – अनुवादक – श्यामाचरण लाहिड़ी, प्राची पावलिकेशन्स, कलकाता, 2022

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

राष्ट्र की सांस्कृतिक मौलिकता के रस-स्त्रोत लोक गीत

शेषांक चौधरी

शोधार्थी, हिंदी विभाग
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
तेलंगना : 500046
7860501441
chaudharysheshank.brh2016@gmail.com

सारांश :

मौखिक परंपरा से चले आ रहे लोक गीत पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रवाहमान होते रहे हैं। इनमें हमारे रीति-रस्म, संस्कार, सुख-दुःख, प्रेम-विरह, हास्य-व्यंग्य, हृदय के निश्च्छल उद्‌गार छलकते हैं। विभिन्न प्रदेशों में भाषायी भिन्नता के बावजूद इनमें मानवीय संवेगों की अद्भुत एकरूपता मिलती है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक मौलिकता का रस-स्त्रोत लोक गीत ही होते हैं। एक प्रकार से हम कह सकते हैं कि यह लोक गीतात्मक परंपरा दैनंदिन जीवन की खुशबू को सँजोकर रखती है।

बीज शब्द :

लोक, लोक गीत, संस्कृति, लोक मानस आदि।

आलेख :

लोक गीत लोकमानस के विशिष्ट अनुभूति की अभिव्यक्ति हैं। लोक गीतों में समाज की परंपराओं का साक्षात् प्रकटीकरण होता है। सामूहिक चेतना की सरस व अकृत्रिम अभिव्यंजना का मनोहर प्रस्तुतिकरण जो लोक गीतों में होता है, वही उसकी चिरंतनता का शाश्वत आधार है। पद्मश्री डॉ. श्याम सिंह शशि के शब्दों में कहें तो **'साहित्य यदि समाज का दर्पण है तो लोक गीत उस दर्पण का दर्पण है।'** [1]

लोक गीत पर विस्तृत चर्चा करने से पूर्व इसमें प्रयुक्त लोक शब्द पर विचार करना समीचीन है। 'लोक' शब्द संस्कृत के 'लोके दर्शने' धातु से 'घञ्' प्रत्यय लगाने पर निष्पन होता है। इस धातु का अर्थ है - देखना, जिसका लट् लकार के अन्य पुरुष के एकवचन का रूप 'लोकते' है। अत: 'लोक' शब्द का अर्थ हुआ - 'देखने वाला'। इस प्रकार वह समस्त जनसमुदाय जो इस कार्य को करता है 'लोक' कहा जा सकता है। डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय के अनुसार - **'लोक शब्द से ही हिंदी के 'लोग' शब्द की व्युत्पत्ति मानी जाती है, जिसका तात्पर्य है- सर्वसाधारण जनता। अत: 'लोक' शब्द का अभिप्राय उस समस्त जनसमूह से है, जो किसी देश में निवास करता है।'** [2]

पंडित विद्यानिवास मिश्र के शब्दों में कहें तो – 'लोक न तो प्राचीनता का बोधक है, न पिछड़ेपन का, न किसी सीमित अलग-अलग समुदायों का। लोक, शास्त्र विरुद्ध नहीं; शास्त्र-पूरक है, क्योंकि शास्त्र को शास्त्र का भी लोक विरुद्ध होना अभीष्ट नहीं है। **एक तरह से लोक शास्त्र का ही प्रसूत रूप है और शास्त्र भी लोक स्वीकृतियों का एक घनीकृत रूप है। इसीलिए शिष्ट से शिष्ट, प्रबुद्ध से प्रबुद्ध समुदाय में ऊँची से ऊँची जाति में अनेक ऐसे अनुष्ठान हैं, जो ठेठ वन्य या ग्राम्य जीवन से लगाव का संकेत देते हैं।**'[3]

गीत आदिम राग है, इसका कोई छोर नहीं है। यह अनादि और अनंत है। डॉ. सुरेश गौतम लिखते हैं कि **'यह (गीत) मानव-कण्ठ में अमरता की पहचान का महामंत्र है, जो अभिव्यक्ति के देवता महारुद्र से मनुष्य की सृष्टि को रचना के समय ही 'परसाद गुण' के रूप में मिला है।'**[4] गीत की व्याप्ति सर्वत्र है। बहती बयार में गीत है, कल-कल झरनों में गीत है, पक्षियों की चहचहाहट में गीत है, कृषकों की हाड़-तोड़ मेहनत से उत्पन्न अन्न की झूमती बालियों में गीत है, अदहन की खदबदाहट में गीत है, उमड़ते-घुमड़ते घन के गर्जन में गीत है, जन्म में भी गीत है, मरण में भी गीत है। सोहर के छंदों में भी जीवन मुस्काता है और श्मशान घाट में 'राम नाम सत्य है, सत्य बोलो मुक्ति है' में भी जीवन की गतिमयता का भारतीय दार्शनिक-स्वरबंध लोक छंद बनकर मृत्युदेव की सत्ता को चुनौती देता हुआ आत्मा की अमरता का ज्ञान कराता है।

हम भारतवासियों की तो बात ही अलग है। हम 'क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं' के भाव के साथ विजय में भी गाते हैं, पराजय में भी गाते हैं, लेकिन पराजय में गाए जाने वाले हमारे गीत पराजय की स्वीकृति नहीं होते, अपितु पराजय-बोध की सतत विवर्जना के लिए वे तब तक शक्ति के आराधन का मंत्र बने रहते हैं, जब तक पराजय को विजय में परिवर्तित न कर दें।

मौखिक परंपरा से चले आ रहे लोक गीत पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रवाहमान होते रहे हैं। इनमें हमारे रीति-रस्म, संस्कार, सुख-दुःख, प्रेम-विरह, हास्य-व्यंग्य, हृदय के निश्च्छल उद्‌गार छलकते हैं। विभिन्न प्रदेशों में भाषायी भिन्नता के बावजूद इनमें मानवीय संवेगों की अद्‌भुत एकरूपता मिलती है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक मौलिकता का रस-स्रोत लोक गीत ही होते हैं। 'भोले भाव मिले रघुराई' की तरह इस भोली अलौकिक लोक वाणी में राष्ट्र की स्वतंत्र सौंदर्य भावना और जीवन की अकृत्रिम और मिट्टी की भीनी खुशबू लिए राष्ट्रीयता व्यक्त होती है। एक प्रकार से हम कह सकते हैं कि यह लोक गीतात्मक परंपरा रोजाना जीवन की खुशबू को सँजोकर रखती है।

यदि हम किसी राष्ट्र की 'चिति' के विषय में एक जिज्ञासु हैं तो हमारे लिए वहाँ की लोक-संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करना अपरिहार्य है। यह ज्ञान हमें मुख्य रूप से लोक गीतों द्वारा ही प्राप्त होता है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने ठीक ही कहा है कि – **'यदि किसी देश के इतिहास की वास्तविक जानकारी प्राप्त करनी हो तो मोटे-मोटे इतिहास ग्रंथों को पढ़ने से बेहतर है कि उस देश के लोक नृत्यों और लोक गीतों की वीथियों से आँखें खोलकर गुजरा जाए, क्योंकि उस देश का संपूर्ण इतिहास आपको लोक नृत्यों और लोक गीतों की वीथियों में अंकित मिलेगा।'**[5]

डॉ. सुरेश गौतम अपने एक निबंध में लिखते हैं – 'लोक गीत 'आर्येत्तर सभ्यता की वेदश्रुति' (आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी), 'समूची संस्कृति के पहरेदार' (महात्मा गांधी), 'किसी भी राष्ट्र की संस्कृति को प्रदीप्त करने वाली सुरीली बानगी' (डॉ. नंदलाल कल्ला) है। **राष्ट्र जीवन की सत्यकथा जानने का सबसे प्रामाणिक मार्ग लोक गीत ही हैं। मध्य प्रदेश के करमा जाति के गीतों में उल्लेख है कि यदि तुम मेरे जीवन की सच्ची कहानी जानना चाहो तो मेरे गीतों को सुनो। यही सत्यसूत्र है मनुष्य की हृदय-वीथियों से निकलकर राष्ट्र को जानने समझने का।'**[6]

लोक गीतों का हर नजरिए से अक्षुण्ण महत्व है। ऐतिहासिक दृष्टि हो या पौराणिक हो अथवा सांस्कृतिक, राजनीतिक हो या सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक,

गीत रूपी अनुपमेय रिक्थ था। अपने इसी रिक्थ के बल पर हमने अपने कठिन समय से पार पाया। अपने अंधकारमय पथ पर लोक गीतों की प्रकाशमय मशाल लेकर हर भारतीय अपनी संस्कृति, अपनी अस्मिता को सँजोने में प्रयासरत रहा । तमाम कठिनाइयों के बावजूद वह इन्हीं लोक गीतों से संबल पाकर पुनः-पुनः अपने उठकर सतत अग्रसरित होता रहा।

धार्मिक, नैतिक आदि सभी दृष्टियों से लोक गीत भारतीय मानस का प्राणतत्व हैं। भारतीय संस्कृति से अपरिचित विदेशी लोग यह देखकर दंग रह जाते हैं कि इस देश में भिन्न-भिन्न धर्मों, संप्रदायों, देवी-देवताओं, भौगोलिक भिन्नता और तो और जहाँ 'कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी', ऐसी विकट विभिन्नताओं के बावजूद यह देश एकता के सूत्र में बँधा कैसे है? हजार वर्ष की राजनीतिक गुलामी के दुर्धर्ष कालखंड के बावजूद आर्थिक दृष्टि से विपन्न रहने के बावजूद हम भारतीय कैसे अपनी अस्मिता को, अपने वजूद को सँभालकर रखे हुए हैं? विश्व की अनेकानेक सभ्यताएँ काल के थपेड़ों से आहत होकर काल के गाल में समा गईं, मगर जैसा कि कवि इकबाल लिखते हैं कि -

'यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रोमा, सब मिट गए जहाँ से,
अब तक मगर है बाकी नामो निशाँ हमारा,
कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।'

तो आखिर वह कौन-सी बात है कि हम आज भी अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं? हमने काल के कपाल पर नर्तन करते हुए न केवल अपने अस्तित्व को बचाया है, अपितु अपने अतीत की आधारभूमि पर अपने भविष्य की मजबूत आधारशिला भी रखी है। हम ऐसा कर सके तो सिर्फ और सिर्फ इस कारण की हमारे पास हमारी लोक-संस्कृति, लोक-साहित्य, लोक

लोक गीतों के माध्यम से जन-जन का जुड़ाव अपने लोक से बना रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश पर कब्जा करके तरह-तरह के मानसिक अत्याचार यहाँ की भोली-भाली निर्दोष जनता पर किए। अनेक लोगों को गुलाम बनाकर विश्व के दूसरे देशों में जहाँ उनके उपनिवेश थे, वहाँ जबरन मजदूरी करवाने के लिए ले जाया गया। वहाँ एक ऐसा ही गिरमिटिया मजदूर अपनी मातृभूमि भारत को याद करता है -

सुंदर सुभूमि भैया भारत के देसवा से
मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया।

****

जाऊँ-जाऊँ भैया रे बटोही हिंद देखि आउ
जहंवा कुहुकी कोइली गावे रे बटोहिया।

(रघुवीर नारायण)

भारतीय स्वातंत्र्य-समर में रामप्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाक उल्ला खान जैसे अनेक वीरों को अंग्रेजों द्वारा फाँसी देने की घटनाएँ इतिहास में दर्ज हैं, लेकिन जनता जनार्दन अपने लोक गीतों में उनके बलिदान को यूँ रेखांकित करती है -

धन्य-धन्य भगत सिंहा, धन्य तुम हणि।
पाणि को पिजिया वीरा, पाणि को पिजिया।
फांसी हणि गयो वीरा, आजादी को लिजिया।

हल हल आमाँ वीरा, हल हल आमाँ।
आहा ते वीरा कैं फाँसी है, सात बाजी शामा।
आबा न्है गया वीरा, बैकुंठ का धामा।
तै वीरा आया हो वीरां, फूलों का विमाना॥

विदेशी हुकूमत का ऐसा शासन था कि उनकी सत्ता के विरुद्ध कुछ भी अगर प्रकाशित होता था तो वह उसे तुरंत प्रतिबंधित कर देते थे। उनकी सत्ता के विरुद्ध लिखा एक भी शब्द उनके लिए असह्य था। ऐसे में लोक गीतों ने ही सूत्रधार की कमान सँभाली और देश के प्रत्येक जन के मन में राष्ट्र की अस्मिता का जयघोष कर देशभक्ति का बिगुल फूँका –

आज मैं अंतिम युद्ध करूँगी,
लड़े समर में लाल सामने फिर भी नहीं डरूँगी,
स्वतंत्रता की देवी का खप्पर मैं आज भरूँगी,
कट-कट कर फिरंगियों की लाश पै लाश धरूँगी।

लोक गीतों के महत्व को रेखांकित करते हुए पंजाब केसरी लाला लाजपत राय ने श्री रामनरेश त्रिपाठी को लिखे एक पत्र में कहते हैं कि – **'देश का सच्चा इतिहास और उसकी नैतिक और सामाजिक आदर्श इन गीतों में ऐसा सुरक्षित है कि इनका नाश हमारे लिए दुर्भाग्य की बात होगी।'**[7]

लोकगीतों के संबंध में स्त्री-स्वर अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पंडित रामनरेश त्रिपाठी का मानना है कि – **'लोक गीतों में स्त्रियों के मस्तिष्क की महिमा देखने को मिलेगी, जिन्हें हमने मूर्ख समझ रखा है, उनके दिमाग से ऐसे-ऐसे कवित्वपूर्ण गीत निकलते हैं कि उन पर हिंदी के कितने ही कवियों की रचनाएँ निछावर की जा सकती हैं।'**[8]

स्वाधीनता के समर में राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को जगाने के लिए अनेक लोक गीतों में नारी शक्ति का आह्वान देखने को मिलता है –

हो गई भारी हानि चेतो रे भारत की नारी
भारत नारी हो भारत की नारी
आलस औ निद्रा त्यागो हाँ निद्रा त्यागो
कैसी सोई चद्दर तान के तोरी भारत नारी।

सामाजिक दृष्टि से भी लोकगीतों का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक ओर सामाजिक परंपराएं व संस्कार हैं तो दूसरी ओर सामाजिक कुप्रथाएँ यथा- अनमेल विवाह, बाल-विवाह, बहु-विवाह, अंधविश्वास आदि का चित्रण इन गीतों की विशिष्ट विशेषता है । निम्नांकित लोक गीत में अनमेल विवाह पर कितना सटीक व्यंग्य किया गया है –

बरहै बरिसवा कै मोरि रंगरेली असिया बरस के दमाद
निकरि न आवै तू मोरि रंगरेली अजगर ठाढ़ दुवार
बाहर किचकिच आंगन किचकिच बुढ़ऊ गिरे मुँह बाय
सात सखी मिलि बुढ़ऊ उठावैं बुढ़ऊ क सरग देखाय।

इसी प्रकार दहेज-प्रथा एक सामाजिक कोढ़ है, जिसका एक सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि जब हम उन्नति के पथ पर सतत अग्रसरित हो रहे हैं, तब हमारे समाज में ऐसी कुप्रथा का प्रचलन निहायत निंदनीय है। दहेज न दे पाने के कारण न जाने कितनी बेटियाँ काल के गाल में जबरन दहेज लोभियों के द्वारा फेंक दी जाती हैं। यही नहीं, दहेज देने का सामर्थ्य न होने के कारण कई बच्चियों को या तो जन्म ही नहीं लेने दिया जाता, उनकी गर्भ में ही हत्या कर दी जाती है; या तो जन्म के बाद मार दिया जाता है। यही कारण है कि आज देश में लिंगानुपात में भारी असमानता देखने को मिलती है। एक लोक गीत में दहेज-प्रथा के संबंध में एक माँ अपनी बेटी से कहती है–

जेहिरे दिन ऐ बेटी तोहरो जनमवां, सोनवा सकल पीले असुरे
जेहि दिन.....हमरे सिरे बेसहलू गरीरे...
पापी दहेजवा के बादर करेजवा, कितनिन के लूटल सिंगार हे,
बाबु कैसन है रितिया तोहार।

लोक गीतों में समाज व्यवस्था का बड़ा ही सुरुचिपूर्ण और यथार्थ अंकन मिलता है। समाज की प्रत्येक जाति के अपने-अपने लोक गीत हैं, यथा- अहीर/यादव (बिरहा, लोरिक), कुम्हार एवं कहार (कहरवा), पासी (पासिओटा), मुसहर (दीनाभदरी गीत), बढ़ई (गोपी ठाकुर), दुसाध (पचरा) आदि। यही नहीं, खेती का काम

करते हुए किसान अपनी शारीरिक थकावट को दूर करने के लिए, अपना मन बहलाने के लिए अलग-अलग लोक गीत, यथा- रोपाई करते समय रोपनी गीत, निराई करते समय सोहनी गीत, कटाई करते समय कटनी आदि गाते हैं। रोपनी लोक गीत का एक उदाहरण द्रष्टव्य है -

रिमझिम बरसे पनिया, आवा चली धान रोपै धनिया
भरि जइहैं कोठिला ये धनिया, आवा चली धान रोपै धनिया।

लोक गीतों में शोषित किसानों के जीवन का भी यथार्थ अंकन मिलता है, जो न केवल उनकी दयनीय आर्थिक स्थिति को भाषित करता है, उनकी दयनीय सामाजिकता को भी भाखता है। लोक गीतों में जीवन के यह दयनीय बिंब हृदय के मर्म को भेदने वाले हैं-

देसवा के सब धन धान, बिदेसवा में जाए रहे
महंगी पढ़त हर साल, कृषक अकुलाय रहे।

लोक गीतों के माध्यम से पारिवारिक संबंधों की व्याख्या, संस्कारों का महत्व, तीज-त्योहार, व्रत, गंगा-तुलसी महत्व, राम और कृष्ण से जुड़े पौराणिक आख्यानों को लोक गीतों में बड़ी खूबसूरती के साथ पिरोया गया है। एक अवधी लोक गीत में राम नाम को सुमिरते हुए राम-भक्त कहता है -

हमरे तउ रामइ राम धन खेती ।।टेक ।।
पहिले पहिल हम खेती जउ कीना
गंगा जमुनवा की रेती ।।टेक ।।
मन कर बैला सुरति हरवरवा
जब मन चाहय तब हम जोती ।।टेक ।।

वहीं एक लोक गीत में भक्त गोपी अपने आराध्य श्रीकृष्ण को प्यार भरी उलाहना देती हुई कहती है -

तू तो नंदलाल सदा मन कपटी ।।टेक ।।
तब तो कह्या, नैय्या परवा लगउबय
अब कस नैय्या भंवर बिच अरझी ।।टेक ।।
तब तो कह्या हम गगरी भरउबय
अब कस गगरी जमुन घट पटकी ।।टेक ।।
तब तो कह्या हम ब्याहा न करबय
अब कस झुलनी जुलुफ बिच अरझी ।।टेक ।।

इस प्रकार हम देखते हैं कि लोक गीतों के माध्यम से सामाजिक-राजनीतिक, राष्ट्रीय-सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक परिस्थितियों का यथार्थ लेखा-जोखा मिलता है। डॉ. सुरेश गौतम लिखते हैं कि - '**आज गाँव के घर-घर में यदि लोक गीतों की गूँज नहीं होती, उसके रस की मादकता जनता के हृदय को आत्मविभोर नहीं करती तो संभवतः साहित्य को संस्कृति का प्रतीक बनने का श्रेय न मिल पाता और न मानव की मानवता ही सुरक्षित रह पाती। साहित्य लोक गीतों से अनुप्राणित होकर स्वाभाविकता प्राप्त करता है। वही साहित्य सृष्टा बन सकता है, क्योंकि लोक गीत अपने आप में पूर्ण हैं, कृत्रिमता से दूर हैं ।**'[9] इन लोक गीतों में हमारा हजार वर्षों का सांस्कृतिक इतिहास सुरक्षित है। ये गीत हमारी आस्था-विश्वास व एकता के शाश्वत प्रतीक हैं। जब भी अपने संघर्षों में हम थके हैं, इन गीतों ने हमारी जीवट जिजीविषा को पोसा है, हमें जूझने की शक्ति दी है। हमें संघर्षों से पर उतरने का साहस दिया है। ❑

संदर्भ सूची :

1. भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, शब्द सेतु प्रकाशन,दिल्ली-110094, संस्करण-2002, पृष्ठ संख्या-252
2. लोकसंस्कृति की रूपरेखा, कृष्णदेव उपाध्याय, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण-1988, पृष्ठ संख्या-8
3. भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, पृष्ठ संख्या-253
4. भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, पृष्ठ संख्या-26
5. उद्धरित, भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, पृष्ठ संख्या-334
6. भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, पृष्ठ संख्या-26
7. कविता कौमुदी, रामनरेश त्रिपाठी,भाग-5, पृष्ठ संख्या-17
8. कविता कौमुदी, रामनरेश त्रिपाठी,भाग-1, पृष्ठ संख्या-29
9. भारतीय लोकगीत : सांस्कृतिक अस्मिता, संपादक-डॉ. सुरेश गौतम, पृष्ठ संख्या-05

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

भारतीय जाति व्यवस्था में अन्य पिछड़े वर्ग की स्थिति

अविनाश जाटव
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग
डीएसबी परिसर
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
8445578388
avinashjatav1996@gmail.com

प्रो. नीता बोरा शर्मा
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
राजनीति विज्ञान विभाग
डीएसबी परिसर
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
8126697871

सारांश :

भारतीय समाज की एक विशेषता इसकी जाति-ग्रस्त अर्द्ध-सामंती और पदानुक्रमित प्रकृति है। जाति पर आधारित सामाजिक संबंधों की व्यवस्था कई सदियों से भारतीय समाज की शैली का प्रमुख कारक रही है। सदियों से चली आ रही जातिगत बाधाओं ने समाज के एक वर्ग के सामाजिक अलगाव और आर्थिक उत्पीड़न को उनके दुख और दरिद्रता का कारण बना दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग एक ऐसा वर्ग है, जो दो समुदाय को शामिल करता है, जिसमे हिंदू और गैर-हिंदू दोनों हैं। गैर-हिंदुओं के बीच ओबीसी की पहचान के लिए एक मोटा मानदंड विकसित किया है। (1) सभी अछूतों को किसी भी गैर-हिंदू धर्म में परिवर्तित किया गया और (2) ऐसे व्यावसायिक समुदाय, जिन्हें उनके पारंपरिक वंशानुगत व्यवसाय के नाम से जाना जाता है। जहाँ हिंदू ओबीसी में वे जातियाँ शामिल हैं, जिनकी पारंपरिक सामाजिक और कर्मकांडीय स्थिति अनुसूचित जातियों से ऊपर, लेकिन तथाकथित उच्च जातियों से नीचे रही है। अधिकतर अन्य पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियाँ शूद्र वर्ण के पारंपरिक पदानुक्रम के साथ अतिव्यापन की स्थिति में रहती हैं, जिसमें मुख्य रूप से किसान और कारीगर श्रेणी शामिल हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय जाति व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्ग की स्थिति का अध्ययन किया गया है।

बीज शब्द :

ओबीसी, जाति, वर्ग, भारतीय आदि।

मूल आलेख :

भारत के अन्य दो समूह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विपरीत ओबीसी अलग वर्ग है। ओबीसी अनुसूचित जातियों और जनजातियों की तुलना में काफी अधिक संख्या में हैं, मंडल आयोग का अनुमान है कि ओबीसी भारत की कुल आबादी का लगभग 52 प्रतिशत हैं। **ओबीसी ने भी शूद्रों की तरह कई सामाजिक और**

आर्थिक कठिनाइयों का अनुभव किया है, फिर भी दोनों समूहों के बीच कुछ भिन्नताएँ हैं।[1] ऐसे कई कारण हैं, जो कि एक वर्ग के रूप में ओबीसी को अनुसूचित जातियों और जनजातियों से अलग मानते हैं : ओबीसी सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित हैं, लेकिन वे अनुसूचित जातियों और जनजातियों के रूप में सामाजिक अभाव के प्रकार और सीमा से पीड़ित नहीं हैं। संविधान में इनका उल्लेख करने का लक्ष्य अलग-अलग है। **अनुसूचित जातियों और जनजातियों के संबंध में सदियों के भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें मुख्यधारा में लाना है, जबकि ओबीसी के संबंध में इस वर्ग में सामाजिक और शैक्षिक बाधाओं को दूर करना और सरकारी सेवाओं में उनके लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।**[2]

पारंपरिक जाति व्यवस्था में, ओबीसी को दलितों से ऊपर रखा गया था। इनका आपस में गठबंधन अपने आंतरिक मतभेदों के कारण आसानी से नहीं हो सका है, भले ही उच्च जातियाँ इनकी राजनीतिक विरोधी क्यों न रही हों। इसी तरह, **ओबीसी श्रेणी के तहत, कुछ जातियाँ हैं, जो उच्च स्थान पर हैं, और अन्य जातियाँ निम्न स्थान में काबिज हैं।**[3]

पदानुक्रम और विभाजन के जुड़वा सिद्धांत जाति व्यवस्था को नियंत्रित करते हैं। संक्षेप में, विभाजन का सिद्धांत (पृथककरण, अंतर, विभाजन या प्रतिकर्षण के रूप में भी जाना जाता है) यह दर्शाता है कि कैसे हिंदू समाज कई समूहों और उपसमूहों में विभाजित है, जिनमें से प्रत्येक की अलग-अलग विशेषताएँ हैं। पदानुक्रम का सिद्धांत इन समूहों या प्रभागों को उच्च और निम्न के क्रमबद्ध में व्यवस्थित करने को संदर्भित करता है। अक्सर विभिन्न जाति समूहों के बीच पदानुक्रमित संबंधों को ऊर्ध्वाधर संबंधों के रूप में वर्णित किया जाता है, और जाति समूहों को क्षैतिज इकाइयों के रूप में वर्णित किया जाता है। इस प्रकार जाति व्यवस्था के ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज दोनों आयाम हैं। **जहाँ तक ओबीसी को पिछड़ी जातियाँ मानने की बात है तो उनके लिए ये दोनों सिद्धांत शामिल होते हैं।**[4]

हालाँकि 'पिछड़ा' वर्ग शब्द का प्रयोग 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध से ही किया जा रहा था, लेकिन आजादी के बाद भी इसे अखिल भारतीय स्तर पर कोई निश्चित संदर्भ प्राप्त नहीं हुआ था। यह वाक्यांश बॉम्बे और मद्रास की रियासतों के साथ-साथ कोल्हापुर और मैसूर में भी प्रसिद्ध था, जिसने 20 वीं शताब्दी की शुरुआत में 'पिछड़े वर्गों' के लिए अधिमान्य उपचार स्थापित किया था। हालाँकि, 'पिछड़े वर्ग' का प्रयोग कुछ संदर्भों में व्यापक अर्थ में और अन्य में संकीर्ण अर्थ में किया गया था। ओबीसी शब्द आजादी के समय गैर-अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 'पिछड़े' पदनाम के रूप में प्रचलित हुआ। संविधान-निर्माताओं ने इस श्रेणी को मान्यता दी, लेकिन इस मुद्दे पर दबाव डालने के बावजूद यह निर्दिष्ट करने से इनकार कर दिया कि इसमें किन समूहों को शामिल किया जाना है। फिर भी, **यह स्पष्ट रूप से परिकल्पना की गई थी कि दलितों और आदिवासियों के अलावा अन्य पिछड़े समूह अधिमान्य प्रावधानों के लिए पात्र थे और जाति मानदंड इन समूहों की पहचान में भूमिका निभा सकते हैं।**[5]

जाति व्यवस्था में अन्य पिछड़ा वर्ग :

भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत पूर्वोदाहरणों को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की पहचान अपेक्षाकृत आसान रही है। कुल मिलाकर अनुसूचित जातियाँ पूर्व-अछूत या हरिजन जातियाँ हैं। तथापि ओबीसी की पहचान कठिनाइयों से भरी हुई है। ब्रिटिश शासन के दौरान अलग-अलग प्रांतों और राज्यों में अलग-अलग समय में सरकारी आदेशों के तहत कई गैर-अस्पृश्य जातियों को पिछड़ा वर्ग के रूप में पहचाना गया था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद राज्य सरकारें, मुख्य रूप से दक्षिणी और पश्चिमी भारत में विशेष रूप से नियुक्त आयोगों के माध्यम से ओबीसी की पहचान करने का प्रयास किया गया है। हालाँकि अखिल भारतीय स्तर पर उन्हें अनुच्छेद 340 के तहत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक आयोग द्वारा पहचाना जाना है। **काका कालेलकर पहला आयोग व मंडल आयोग नियुक्त होने वाला दूसरा ऐसा आयोग था।**

इन सभी आयोगों की रिपोर्ट और सिफारिशें बेहद विवादास्पद रही हैं।[6]

शब्द 'वर्ग' और 'जाति' के अलग-अलग अर्थ हैं, शब्दार्थ की दृष्टि से समकक्ष नहीं हैं। **'वर्ग' शब्द का क्या अर्थ है, इस पर सामाजिक वैज्ञानिकों में असहमति है। विशेष रूप से, गैर- मार्क्सवादी और मार्क्सवादी दृष्टिकोण के बीच उल्लेखनीय अंतर हैं।**[7] न्यायपालिका ने 'वर्ग' और 'जाति' के बीच शब्दार्थ समतुल्यता के सवाल पर बहुत ध्यान दिया है। इसके रुख को पी. राजेंद्रन बनाम मद्रास राज्य (1968) में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के निम्नलिखित उद्धरण से समझा जा सकता है: 'एक जाति भी नागरिकों का एक वर्ग है।' यहाँ 'वर्ग' शब्द का प्रयोग बहुत व्यापक और सामान्य अर्थ में किया गया है, जिसका अर्थ है समान गुण रखने वाले और एक सामान्य नाम या 'वर्ग' के तहत एक साथ समूहीकृत किए गए कई व्यक्ति। इस अर्थ में महिलाएँ, बच्चे, पिता, माता, डॉक्टर, वकील आदि भी वर्ग हैं। इसलिए पिछड़े वर्गों पर चर्चा करते समय सावधान रहना चाहिए कि वे 'वर्ग' शब्द का उपयोग कैसे करते हैं। विशेष रूप से **किसी शब्द के अर्थ को सूक्ष्मता से बदलने की प्रवृत्ति को रोकना महत्वपूर्ण है।**[8]

हालाँकि अदालतें आम तौर पर 'वर्ग' के लिए 'जाति' शब्द के इस्तेमाल की अनुमति देती हैं, लेकिन वे किसी भी जाति को 'पिछड़ा वर्ग' मानने के लिए विशिष्ट शर्तें तय करती हैं। राजेंद्रन मामले (1968) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यदि कोई जाति समग्र रूप से सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी है तो ऐसी जाति के पक्ष में इस आधार पर आरक्षण दिया जा सकता है कि वह नागरिकों का सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग है। सुप्रीम कोर्ट ने सागर बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के संदर्भ में 'वर्ग' को परिभाषित करते हुए कहा कि यह लोगों के एक सजातीय समूह को संदर्भित करता है, जो कुछ समानताओं या सामान्य लक्षणों के कारण एक साथ समूहीकृत होते हैं और जिन्हें, पद, व्यवसाय, निवास, जाति, धर्म, और इसी तरह स्थिति जैसे कुछ सामान्य गुणों से पहचाना जा सकता है। 1971 के एक फैसले में पेरियाकरुप्पन बनाम तमिलनाडु राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उपरोक्त दोनों विचारों को दोहराया। बलराम बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (1972) के मामले के फैसले में सुप्रीम कोर्ट एक कदम आगे बढ़ गया, जब उसने कहा कि **एक जाति 'पिछड़ा वर्ग' हो सकती है, भले ही इसमें कुछ व्यक्ति सामाजिक और**

शैक्षिक रूप से सामान्य औसत से ऊपर हों।[9]

भारत के संविधान का अनुच्छेद 16(4) 'नागरिकों के किसी भी पिछड़े वर्ग के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण का प्रावधान करता है, जिसका राज्य की राय में राज्य के तहत सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।' इस अनुच्छेद में 'वर्ग' शब्द की व्याख्या ने मंडल फैसले से पहले सुप्रीम कोर्ट में ही अलग-अलग राय को जन्म दिया था। समाजशास्त्र में 'वर्ग' एक खुली श्रेणी है, जबकि 'जाति' एक बंद श्रेणी है, जिसका अर्थ है कि किसी व्यक्ति की वर्ग स्थिति उसके जीवनकाल के दौरान बदल सकती है, लेकिन किसी व्यक्ति की जाति स्थिति, जो एक जन्म लक्षण है, नहीं बदलेगी। राज्य सरकारों की आम तौर पर हमेशा नहीं तो यह मानसिकता रही है कि 'पिछड़ी जातियाँ' और 'पिछड़ा वर्ग' विनिमेय शब्द हैं।

बालाजी वाद में न्यायमूर्ति गजेंद्रगडकर ने इस तथ्य पर जोर दिया कि संविधान में 'पिछड़ा वर्ग' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, न कि 'पिछड़ी जाति' का। उन्होंने आगे बताया कि मुसलमानों और ईसाइयों के मामले में पिछड़ेपन का जाति परीक्षण विफल हो जाएगा। बहुमत के फैसले में स्वतंत्र-पूर्व भारत में 'वर्ग' और 'जाति' शब्दों के उपयोग का उल्लेख किया गया है कि 'दलित वर्ग' शब्द का प्रयोग 'अछूतों' के संदर्भ में किया गया था और 1925 में बॉम्बे प्रांत में 'पिछड़े वर्ग' को ब्राह्मण, मारवाड़ी, पारसी, बनिया और ईसाइयों को छोड़कर सभी के रूप में परिभाषित किया गया था।

बहुमत के फैसले में कहा गया कि यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि 'वर्ग', 'जाति' के विपरीत है या कि एक जाति एक वर्ग नहीं हो सकती है या किसी जाति को कभी भी नागरिकों के पिछड़े वर्ग के रूप में नहीं लिया जा सकता है। संविधान सभा की बहसों, राजेंद्रन, त्रिलोकीनाथ द्वितीय, बैरम और पेरियाकरुप्पन मामलों पर ध्यान देने के बाद बहुमत की राय दोहराई गई : **एक जाति एक सामाजिक वर्ग के अलावा और कुछ नहीं है - एक सामाजिक रूप से सजातीय वर्ग। यह एक व्यावसायिक समूह भी है, जिसमें अंतर यह है कि इसकी सदस्यता वंशानुगत होती है। एक का जन्म इसी से होता है। इसकी सदस्यता अनैच्छिक है।**[10]

एक जाति को लोगों का एक नामित समूह माना जाता है। हालाँकि जैसे ही कोई जातियों की पहचान करना और उन्हें सूचीबद्ध करना शुरू करता है, जाति के नाम समस्याएँ खड़ी कर देते हैं। ये नाम जाति व्यवस्था की गतिशीलता का हिस्सा हैं। वे जितना छिपाते हैं, उतना ही प्रकट करते हैं। प्रत्येक जाति के लिए नाम न केवल जाति समूह की पहचान का प्रतीक है, बल्कि उसकी स्थिति का भी प्रतीक है। कोई भी जाति, जो उससे जुड़े नाम से संकेतित है, उससे अधिक उच्च स्थिति का दावा करने का प्रयास करेगी, वह उच्च स्थिति को दर्शाने वाले एक अलग नाम का उपयोग करने का प्रयास करेगी। इसी प्रकार उच्च स्तर वाली जातियाँ निम्न स्तर वाली जाति को नया नाम देने से इनकार कर देंगी। अक्सर एक जाति के विभिन्न वर्गों के भी अलग-अलग नाम होते हैं। संक्षेप में किसी को यह नहीं मानना चाहिए कि प्रत्येक जाति का नाम एक ही जाति को इंगित करता है या कि प्रत्येक जाति का एक ही नाम है।

जातियों के बीच और प्रत्येक जाति के भीतर असमानता के दोहरे तथ्यों का पिछड़े वर्गों (निश्चित रूप से जातियों) के लिए आरक्षण की नीति के कार्यान्वयन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। **जब अंग्रेजों ने पहली बार आरक्षण की नीति लागू की थी, तब भी विभिन्न जातियों में और प्रत्येक जाति के भीतर धन, आय, साक्षरता, अधिकार आदि का असमान वितरण मौजूद था।**[11]

जाति व्यवस्था में अन्य पिछड़े वर्ग की स्थिति की जाँच के लिए यह प्रश्न खड़ा हो जाता है कि पिछड़ेपन का सामान्य मानदंड क्या है? अनुसूचित जातियों के मामले में अस्पृश्यता एक सामान्य मानदंड है। क्या ओबीसी की सामाजिक स्थिति निर्धारित करने के लिए कोई स्पष्ट मानदंड है या हो सकता है? इस संबंध में ध्यान देने योग्य मुख्य बात ओबीसी शब्द के अंतर्गत

सम्मिलित जातियों का व्यापक वर्णक्रम है। निचले सिरे पर ऐसी जातियाँ हैं, जो लगभग 'अछूत' और बहुत गरीब हैं, जबकि शीर्ष पर ऐसी जातियाँ हैं, जो धनी और शक्तिशाली हैं और अत्यधिक संस्कृतनिष्ठ जीवन शैली रखती हैं। मंडल आयोग द्वारा स्वीकृत पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतकों में से एक संकेतक है 'अन्य लोगों द्वारा सामाजिक रूप से पिछड़ा मानी जाने वाली जातियाँ/वर्ग।' आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि ये 'अन्य' कौन हैं। **जाति पदानुक्रम में प्रत्येक जाति अपने से नीचे के सभी लोगों को पिछड़ा मानती है और इसलिए किसी विशेष जाति के पिछड़ेपन के बारे में सभी 'अन्य' लोगों से सहमति से उत्तर देने के लिए कहना अवास्तविक है।**[12]

जैसा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने संविधान सभा की बहस के दौरान कहा था- 'पिछड़ा समुदाय वह समुदाय है, जो सरकार की राय में पिछड़ा है।' हालाँकि, केंद्र और राज्य दोनों सरकारें यह काम आयोगों को सौंप देती हैं। इन आयोगों के प्रति उचित सम्मान के साथ, जिनमें से कुछ में सामाजिक वैज्ञानिकों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है या उन्हें सलाहकार के रूप में इस्तेमाल किया गया है - मैं यह कहना चाहूँगा कि इन आयोगों ने जातिगत इकाइयों को एक ऐसी कठोरता के साथ निवेश करने की कोशिश की है, जो वास्तव में उनके पास नहीं है। संयोगवश, **प्राचीन काल से हिंदू कानून निर्माताओं ने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया है, लेकिन सौभाग्य से सफल नहीं हुए हैं।**[13]

भारतीय समाज सामाजिक समूहों में विभाजित है, आनुवंशिकता स्तरीकरण का एक महत्वपूर्ण आधार बनी हुई है। ऐसे समूहों में पदानुक्रम के शीर्ष पर रहने वालों को शिक्षा, नौकरशाही और राजनीतिक शक्ति तक शीघ्र पहुँच प्राप्त थी और ऐसे समूहों को संचयी लाभ थे। पदानुक्रम के निचले भाग में मौजूद अन्य लोगों, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और सेवा जातियों के बीच, समाज में आदेशात्मक पदों तक पहुँच कम थी और उन्हें संचयी नुकसान का सामना करना पड़ा। परिणामस्वरूप **भारतीय समाज में अभिजात वर्ग मुख्य रूप से कुछ सामाजिक समूहों, ब्राह्मणों और उच्च जाति के हिंदुओं से बना है।**[14]

भारत के मुसलमानों के बीच भी हिंदू जाति संरचना की तरह वंश-आधारित सामाजिक स्तरीकरण देखने को मिलता है। भारत की जनगणना 1901 में 133 सामाजिक समूहों को सूचीबद्ध किया गया था, जो पूर्ण या आंशिक रूप से मुस्लिम थे। भारत में समकालीन मुस्लिम समाज को तीन प्रमुख समूहों में बाँटा गया है:- (1) अशरफ, जो अरब, फारस, तुर्किस्तान या अफगानिस्तान जैसी विदेशी भूमि में अपनी उत्पत्ति का पता लगाते हैं। उनमें उच्च जाति के हिंदू भी शामिल हैं, जो इस्लाम में परिवर्तित हो गए, जैसे कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम राजपूत; (2) अजलाफ या मध्य-जाति धर्मांतरित जैसे जोलाहा (बुनकर), धूनिया, कुल्लू, कुंजरा (सब्जी-विक्रेता), हज्जाम (नाई), दर्जी जैसे, जिनके व्यवसाय कर्मकांड से स्वच्छ माने जाते हैं; (3) अरजल या पूर्ववर्ती अछूत जातियों से परिवर्तित।[15]

सामान्य रूप से ओबीसी और विशेष रूप से मुस्लिम ओबीसी के उद्भव और विकास का पता लगाने के बाद यह स्पष्ट है कि संवैधानिक अनिश्चितता के बावजूद ओबीसी को आधिकारिक बोलचाल में एक श्रेणी के रूप में संदर्भित कर सकते हैं :

(1) हिंदू जाति पदानुक्रम में मध्य स्थिति पर कब्जा करने वाले जाति समूह। (2) मुस्लिम मामले में, इसका तात्पर्य व्यावसायिक समूहों से है, जो हिंदू ओबीसी के समान व्यवसाय वाले हैं और अनुसूचित जाति के समकक्ष मुस्लिम भी हैं। **समाजशास्त्रीय श्रेणियों के संदर्भ में, अजलाफ और अर्जल, मुस्लिम ओबीसी के श्रेणी को शामिल करते हैं।**[16]

निष्कर्ष :

भारत के संविधान के अनुसार ओबीसी की पहचान किसी जाति/समुदाय के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर की जाती है। सामान्य रूप से ओबीसी में बड़ी संख्या में असमान और पदानुक्रमित सामाजिक और आर्थिक संरचनाओं में रखी गई जातियाँ

शामिल हैं : जमींदार मध्यम जातियाँ/मध्यस्थ जातियाँ/मध्यम किसान/कुलक/धनी किसान, साथ ही पारंपरिक जजमानी में सेवाएँ प्रदान करने वाली जातियाँ (सेवा जातियाँ और कारीगर, सीमांत/छोटे किसान, पारंपरिक खेतिहर मजदूर)। ओबीसी श्रेणी में रखी गई कारीगर जातियाँ ऐतिहासिक रूप से अपना आकार बढ़ाने में असमर्थ थीं। उनके पास अपनी लघु-स्तरीय परियोजनाओं को बड़ी इकाइयों में बदलने के लिए प्रारंभिक पूँजी और साक्षरता की कमी थी, जबकि उच्च-जाति श्रेणी में रखी गई व्यापारिक जातियाँ व्यवसाय के रूप में व्यवसाय पर हावी होने के लिए अपने संपर्क और पूँजी का उपयोग करने में सक्षम थीं। 1970 के दशक के मध्य से विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और कर्नाटक में ओबीसी की पहचान की माँग उठी, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर मंडल आयोग की स्थापना हुई। 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के साथ ही कई जातियों को राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी के रूप में पहचाना गया। 1970 के दशक में ओबीसी की पहचान और उनके लिए सकारात्मक कार्रवाई की नीतियों के कार्यान्वयन ने इस समूह के भीतर विविधता के सवाल को सामने ला दिया और ओबीसी श्रेणी के भीतर सबसे वंचित जातियों की पहचान करने की आवश्यकता पैदा हुई ताकि उनको सकारात्मक कार्रवाई का लाभ दिया जा सके। जब से भारत के संविधान में अन्य पिछड़े वर्ग के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, तब से अन्य पिछड़े वर्ग के मुद्दे ने अधिक न्यायिक ध्यान आकर्षित किया है। ओबीसी के लिए राज्य की कार्रवाई में वृद्धि हुई है और अदालतों में इस विषय में कार्रवाई और निर्णय सुनाने के मामले भी बढ़े हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. वार्ष्णेय, आशुतोष. बैटल्स हाफ वोन: इंडिआस इम्प्रोबेब्ल डेमोक्रेसी. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 2016, पृष्ठ-76.
2. शौरी, अरुण. फॉलिंग ओवर बैकवर्डस. हार्पर कॉलिंस पब्लिशर्स: नई दिल्ली, 2012, पृष्ठ-194.
3. वार्ष्णेय, आशुतोष. बैटल्स हाफ वोन: इंडिआस इम्प्रोबेब्ल डेमोक्रेसी. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 2016, पृष्ठ-70.
4. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ-178.
5. वाजपेयी, रचना. डिबेटिंग डिफरेंस: ग्रुप राइट्स एंड लिबरल डेमोक्रेसी इन इंडिया. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस: नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ-198.
6. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ- 175
7. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ- 176
8. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ- 176
9. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ- 177
10. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नी दिल्ली, 1996, पृष्ठ-228
11. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नी दिल्ली, 1996, पृष्ठ-179
12. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ-190
13. श्रीनिवास, एम.एन. कास्ट: इट्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी अवतार. पेंगुइन बुक्स: नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ-193
14. चलम, के.एस. कास्ट बेस्ड रिजर्वेशन एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इन इंडिया. सेज पब्लिकेशनस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 2007, पृष्ठ-63
15. महाजन, गुरप्रीत व जोधका, सुरिंदर एस. रिलिजन, कम्युनिटी एंड डेवलपमेंट. रूटलेज पब्लिशर्स: नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ-235
16. महाजन, गुरप्रीत व जोधका, सुरिंदर एस. रिलिजन, कम्युनिटी एंड डेवलपमेंट. रूटलेज पब्लिशर्स: नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ-236

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों में निर्मित ध्वनि चित्र

दिगंत बोरा

सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
जे.डी.एस.जी. महाविद्यालय
बोकाखात, असम
8473813639
borahd52@gmail.com

शोध सार :

फणीश्वरनाथ रेणु हिंदी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकारों में से हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य में आंचलिक उपन्यास धारा का प्रवर्तन किया है। हिंदी साहित्य का पहला आंचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' है। रेणु जब ग्राम्य जीवन को अपने कथा का आधार बनाते हैं तो उसकी भाषा भी उसी ग्रामीण जीवन की ही उपज होती है। उनकी अभिव्यक्ति की शैली भी ग्राम्य जीवन के यथार्थ पर ही आधारित है। कहानीकार रेणु ने अपनी कहानियों में ध्वनि पर आधारित बिंब का भी निर्माण किया है। उन्होंने अपनी कहानियों में ध्वनियों का इतना सार्थक प्रयोग किया है कि ध्वनि की आवाज को पढ़कर ही पाठकों के सामने अनेक चित्र उपस्थित हो जाते हैं। रेणु ने जीव-जंतुओं की ध्वनि से लेकर वाद्ययंत्र की ध्वनि का भी चित्रण किया है। रेणु ने कहीं पर हँसी का ध्वनि चित्र प्रस्तुत किया है तो कहीं पर बालक के रोने की आवाज को। रेणु ने चिड़ियों की आवाज, बरसात की आवाज, बादल का गरजना आदि का ध्वनि बिंब प्रस्तुत किया है। रेणु ने अपनी रचनाओं में शब्द चित्र की सहायता से लोक जीवन को रूप प्रदान करने का कार्य किया है। रेणु ने जहाँ विविध कथा, उपाख्यानों, मिथकों को जोड़कर कहानी की संरचना को नवीन रूप प्रदान किया है, वहाँ विविध प्रकार के बिंबों, शब्द चित्र, ध्वनि चित्र आदि के प्रयोग से कहानी के शब्दों को बुना है। अपनी रचनाओं की संरचना में विविध प्रकार के नाद, सुर, ताल, ध्वनियों का सार्थक प्रयोग किया है। उनकी प्रतिभा सबसे अधिक श्रव्य बिंबों तथा ध्वनि चित्रों के निर्माण में झलकती है।

बीज शब्द :

ध्वनि चित्र, ध्वन्यात्मकता, बिंब, संरचना, लोकजगत आदि।

प्रस्तावना :

फणीश्वरनाथ रेणु हिंदी साहित्य के महान साहित्यकारों में से हैं। रेणु के साहित्य में पाठकों को रस के साथ-साथ तत्कालीन समाज तथा जीवन यथार्थ भी देखने को मिलता है। बदलते हुए यथार्थ के कारण रेणु

के साहित्य में लोगों की बदलती हुई रुचि, पारिवारिक विघटन आदि की झलक देखने को मिलती है। उनके साहित्य का क्षेत्र लोक जीवन से लेकर शहर, कस्बे तक का जीवन है। उपन्यास की जो कहानी है, उनकी कहानियों की भी वही कहानी है। दोनों में कहीं भी अंतर नहीं है। 'हिंदी के आंचलिक साहित्य में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदी साहित्य में आंचलिक वार्ता ध्वनियों को शब्दों में पिरोने वाले साहित्यकार हैं रेणु। लोक जगत की ध्वनि संवेदना को साहित्य में उकेरने का कार्य रेणु ने किया। छायावादी कवियों ने पशु-पक्षियों की ध्वनियों को शब्द रूप दिया है, परंतु रेणु ने पशु-पक्षियों के स्वरों के साथ-साथ गाँवों की औरतों की गालियाँ, मेला देखने के लिए जाने वाली गाड़ियों की आवाज, साड़ियों की सरसराहट आदि को भी शब्द रूप दिया है। **कथा साहित्य में रूप गठन का ही नहीं, शब्द गठन का भी महत्व है। इसमें भाषा की रूपायण शक्ति के साथ-साथ चित्रात्मकता, ध्वन्यात्मकता, गतिमयता, एवं परिस्थितियों का भी बोध कराने की क्षमता देखने को मिलती है। केवल लोक गीत और मिथक, दंत कथाओं से ही नहीं, बल्कि निरर्थक पशु-पक्षियों की बोली से लेकर वाद्य यंत्रों की आवाजों से भी गहरे अर्थ ग्रहण की क्षमता रेणु में है।'**[1]

मूल विषय :

कहानीकार फणीश्वरनाथ रेणु ने अपनी कहानी 'बट बाबा' में निरधन साहू की खाँसी का ध्वन्यात्मक वर्णन किया है, जिसे पढ़कर पाठकों के सामने उस बूढ़े आदमी की खाँसी तथा स्वास्थ्य का चित्र अपने आप ही उपस्थित हो जाता है। '**कुछ बोलते ही खाँय खाँय करने लगता है।**'[2] तो इसी कहानी में रेणु ने जमींदार के लोगों द्वारा वट वृक्ष पर कुल्हाड़े चलाने की आवाज का वर्णन किया है -'**धड़-धड़-खड़-खड़-खड़ाक**'[3] तो काटे जाने के बाद वट वृक्ष के गिरने की ध्वनि का वर्णन है- '**धड़-धड़-धड़-धड़ाम**'[4]।

कहानीकार रेणु ने अपनी कहानियों में वाद्य यंत्रों की ध्वनियों का चित्रण किया है। उन्होंने कहीं पर ढोलक की आवाज का वर्णन किया है तो कहीं पर मृदंग, नगाड़े की आवाजों को रूप प्रदान किया है। उन्होंने 'पहलवान की ढोलक' कहानी में ढोलक की आवाज को शब्द रूप प्रदान किया है। इस तरह का वर्णन कोई वाद्य यंत्र का विशेषज्ञ ही करने में सक्षम है। रेणु ने मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव में रात्रि की भीषणता को ललकारते हुए ढोलक की आवाजों का वर्णन किया है, जो संध्या से लेकर सुबह तक बजती रहती थी और लोगों की जिंदगी में आशा का संचार करती थी। '**संध्या से लेकर प्रातः तक एक ही गति से बजती रहती - 'चट्-धा, गिड़्-धा, चट्-धा, गिड़्-धा । अर्थात् - आ जा भिड़जा। बीच-बीच में 'चटाक-चट्-धा, चटाक-चट-धा यानी- उठाकर पटक दे।**'[5] इन ध्वनियों से रेणु ने ढोलक की आवाजों से लोगों के जीवन में जीने की आशा का संचार करने का प्रयास किया है। इन ध्वनि को पढ़कर पाठकों के मन में भी ढोलक की आवाज का चित्र अपने आप उपस्थित हो जाता है। ठीक इसी प्रकार इस कहानी में ही दंगल के मैदान में ढोलक की आवाजों को शब्द चित्र प्रदान किया है। एक ही ढोलक की आवाज दंगल के मैदान में पहलवान का उत्साह बढ़ाती है। कुश्ती में अपने विरोधी को पराजित करने के लिए प्रेरित करता है। '**ढाक्-ढिन्ना, ढाक्-ढिन्ना..... अर्थात् वाह पट्ठे, वाह पट्ठे!!..... चट्-गिड़-धा, चट्-गिड़-धा, चट्-गिड़-धा अर्थात मत डरना! मत डरना!!**'[6] इन ध्वनि के वर्णन से कुश्ती का मैदान सजीव हो उठता है। 'टोंटी नैन का खेल' कहानी में कीर्तनियों की ढोलक और करताल से निकलती ध्वनि को शब्द रूप प्रदान किया है। '**धाक धिन्ना, ताक धिन्ना.. छनन छनन, छुम्म छन्नन**'।[7] तो इसी कहानी में पायलों की ध्वनि को भी शब्द रूप प्रदान करने में सक्षम हुए हैं - '**छन्न छन्न...छनाक्**'।[8] 'रसप्रिया' कहानी में रेणु ने मृदंग की आवाजों को शब्द रूप प्रदान किया है। मृदंग बजाकर पंचकौड़ी भीख माँगता है- '**धा तिंग धा तिंग।**'[9] इसी कहानी में रेणु ने फूटी हुई भाथी से निकलती हुई आवाज को भी शब्द रूप प्रदान किया है - '**सों य, सों य!**'[10] रेणु ने 'तीसरी कसम' कहानी में नगाड़े की आवाज को शब्द चित्र रूप प्रदान किया है। नगाड़े की आवाज को सुनने वाले व्यक्तियों के मन में भी नगाड़े बजने लगता है। नौटंकी वाले हीराबाई के आगमन की सूचना लोगों

तक पहुँचाने के लिए नगाड़े के साथ घोषित करते हैं- '**.....किर्र...र्र..र्र..... कड़ड़ड़ड़ड़र्र..र्र..घन-घन-धड़ाम----।**'[11] नगाड़े की आवाज सुनकर लोगों का मन भी आनंद तथा उत्साह से नगाड़े की तरह बजने लगता है। 'लाल पान की बेगम' कहानी में रेणु ने बैलों के गले की घंटी की ध्वनि को शब्द रूप प्रदान किया है। '**टुनुर-टुनुर-सुनते ही बिरजू को सड़क से जाती हुई बैलगाड़ियों की याद हो आयी...झुनुर-झुनुर बैलों की झुनकी तुमने सु.....।**'[12] इन ध्वनि को सुनने के पश्चात बिरजू के मन में जाती हुई बैलगाड़ी का चित्र अपने आप उभरने लगता है।

'पहलवान की ढोलक' कहानी में रेणु ने बाघ की आवाज का भी शब्द चित्र प्रस्तुत किया है। लुट्टन की हाउ हाउ आवाज को सुनकर लोग उसे राजा का बाघ कहा करते थे। लुट्टन कुश्ती में अपना प्रतिद्वंद्वी न पाकर चिड़ियाखाने में बंद बाघ की तरह दहाड़ता रहता था। '**चिड़ियाखाने में, पिंजड़े और जंजीरों को झकझोड़कर बाघ दहाड़ता 'हाँ ऊ, हाँ ऊ!! जिसे सुनने वाले कहते- 'राजा का बाघ बोला'।**'[13] 'रखवाला' कहानी में रेणु ने उजरी गाय की अपनी सद्य:प्रसूता बछड़े के लिए पीछे-पीछे भागकर प्रेम तथा ममता से निकालती आवाजों को शब्द चित्र प्रदान किया है। 'दूध से सफेद बछड़े को गोद में लेकर पूनो आगे आगे भागी जाती थी, पीछे-पीछे सद्य:प्रसूता उजरी '**हुँक हुँक हिंब हिंब' करती दौड़ी जाती थी।**'[14] इस ध्वनि के माध्यम से रेणु ने एक माँ की अपने बछड़े के प्रति प्रेम को व्यक्त करने के लिए ध्वनि बिंब का प्रयोग किया है। 'तीसरी कसम' कहानी में रेणु ने बैलों के डिकरने की आवाजों को शब्द चित्र रूप प्रदान किया है। '**उनके बैल बाघगाड़ी से दस हाथ दूर ही डर से डिकरने लगा - बाँ-आँ।**'[15] 'रसप्रिया' कहानी में रेणु ने आसमान में तैरते हुए चील की टिंहकारी को शब्द रूप प्रदान किया है - '**आसमान में चक्कर काटते हुए चील ने टिंहकारी भरी - टिं ....ई....टिं-हि-क!**'[16] कहानीकार रेणु ने ध्वनि बिंब द्वारा ही गाय-बैलों की समझदारी को व्यक्त किया है। रेणु की कहानी का सलौने किसन को न देखकर उँ-याँ-याँ करते हुए किसन को ढूँढ़ने के लिए भागा जाता है तो शाम को धूप-दीप के समय शंख-ध्वनि के साथ सुर में सुर मिलाते हुए ऊँ-याँ-याँ करता है। 'काक चरित' कहानी में रेणु ने कौए की आवाजों को शब्द रूप प्रदान किया है। इस कहानी में कौआ की ध्वनि के पीछे छिपे लोक विश्वास को सबके सामने स्पष्ट किया है। एक ही कौआ की ध्वनि सुबह किसनलाल अशुभ मानकर कौए को भगाने का प्रयास करता है, थोड़ी देर बाद शुभ समाचार आने के कारण उसी कौआ की ध्वनि को शुभ मानकर बोआली मछली खिलाता है। 'आठ महीने पहले की बात याद नहीं, लेकिन जरूर इसने अशुभ सुर में काँय-काँय किया होगा। किसनलाल के कानों के आसपास कौओं की बोलियाँ गूँजने लगीं।..... **क:का-क:का-काँ-आँ-आँ-काँ-याँ-याँ-कुर्र-का-केंका-केंका।**'[17]

रेणु ने 'कलाकार' कहानी में नदी में नाव चलने की आवाज को शब्द रूप प्रदान किया है। '**ब्रह्मघाट बाबू ?- पूछता हुआ मल्लाह ने डाँड़ चला दी- कर्र-र्र-र्र-छपा-छप्-कर्र-र्र-र्र-छपा-छप।**'[18] इन शब्दों के माध्यम से कहानीकार रेणु ने नदी पर नाव चलने की आवाजों को शब्द रूप प्रदान किया है, जिसे पढ़कर पाठकों की आँखों के सामने नदी पर नाव चलने का चित्र सजीव हो उठता है।

कहानीकार रेणु ने 'न मिटनेवाली भूख' कहानी में हँसने की ध्वनि को शब्द चित्र रूप प्रदान किया है। रेणु ने पगली गूँगी के हँसने की ध्वनि को शब्द रूप प्रदान किया है। '**गर्भवती पगली हँस रही है - हेंह-हेंह उँहू हेंह उऐं..!!**'[19] 'धर्मक्षेत्रे-कुरुक्षेत्रे' कहानी में रेणु ने गोरा सिपाही के अमानवीय अत्याचार से कराहती हुई औरतों की आवाजों को रेणु शब्द चित्र रूप प्रदान करने में सक्षम हुए हैं। '**आह.. सिस...आँयग गि..गि..गि**'[20] इन शब्दों को पढ़कर अमानवीय अत्याचार सहती हुई कराहती औरतों का चित्र पाठकों के सामने उभरता है। इसी प्रकार रेणु 'नित्य लीला' कहानी में किसन के कारण चिंतित यशोदा के कलेजे की धड़कन को शब्द रूप प्रदान करने में सक्षम हुए हैं। इसमें केवल यशोदा के कलेजे की धड़कन का ही वर्णन नहीं हुआ है, उनके कलेजे की धड़कन के द्वारा एक माँ की ममता को रेणु ध्वनि में बाँधने में सफल हुए हैं। '**धक्-धक्-धक्-**

धक्.....किसन अपनी माँ के कलेजे की धड़कन को स्पष्ट सुनता है।'[21] उन्होंने केवल हँसने या रोने की ध्वनि को ही शब्द रूप प्रदान नहीं किया है, बल्कि अपनी कहानियों में उन्होंने हाँकने की ध्वनि को रूप प्रदान किया है – **'उड़नेवाले हर परैवा-पंछी को कौआ समझकर हाँकती -हाँ-स्-स्।'**[22]

कहानीकार रेणु ने 'रसूल मिसतिरी' कहानी में टूटी हुई छत से गिरते हुए बारिश के पानी का शब्द चित्र निर्माण किया है, जिसे पढ़कर पाठकों के मन में गिरते हुए पानी का चित्र उभरता है। **'टूट-टाट-टपकत-खटियो टूट।'**[23] इसी कहानी में रेणु ने मरम्मत का काम करते समय उत्पन्न हुई ध्वनि का भी शब्द चित्र प्रस्तुत किया है। रसूल मिस्त्री अपने काम के साथ ही गप भी जारी रखता है। रेणु ने शब्द चित्र के माध्यम से उनकी मरम्मत के काम करते समय उत्पन्न हुई ध्वनि का ध्वनि बिंब प्रस्तुत किया है। **'ठुक्-ठुक्-ठुक्, ठुक्-ठुक्-ठुक्।'**[24] इन ध्वनियों को पढ़कर पाठकों के मन में काम करते हुए रसूल की छवि उभरने लगती है। 'रेखाएँ : वृत्तचक्र (एक)' कहानी में रेणु ने हाथ से चाय की प्याली गिरने की आवाजों को शब्द रूप प्रदान किया है। **'हाथ से चाय की प्याली गिरकर 'झन्न'.....।'**[25] इस शब्द को पढ़कर पाठकों के मन में प्याली गिरने का चित्र उभरने लगता है। हाथ से चाय की प्याली गिरने से उत्पन्न हुई ध्वनि के माध्यम से रेणु ने ज्योत्स्ना की मानसिकता को उभारा है। **'धर्मक्षेत्रे-कुरुक्षेत्रे' कहानी में रेणु 'ट्-ठाय, ट्-ठाय' गोली चलने की आवाज का बिंबात्मक चित्रण किया है। साथ ही रेणु ने हेंड ग्रेनेड गिरने की ध्वनि को भी शब्द रूप प्रदान किया है** – **'धड़ धड़ाम! धड़ धड़ाम'**[26]। वे 'तीसरी कसम' कहानी में रेल गाड़ी की सीटी तथा हिलने की ध्वनि को शब्द रूप प्रदान करने में सक्षम हुए हैं। हीराबाई जब रौता कंपनी से मथुरा मोहन कंपनी में वापस जाने के लिए स्टेशन पर आती है, उस समय रेणु ने रेल की सीटी तथा हिलने की आवाज को शब्द रूप प्रदान किया है। **'गाड़ी ने सीटी दी। हिरामन को लगा, उसके अंदर से कोई आवाज निकलकर सीटी के साथ ऊपर की ओर चली गयी – कू-उ-उ-उ-इ-स्स.....छि-ई-ई-छक्। गाड़ी हिली।'**[27] इन ध्वनियों के वर्णन से रेणु हिरामन के जीवन तथा उसके अकेलेपन की पीड़ा को भी प्रस्तुत करने में सफल हुए हैं। यह जो गाड़ी हिलती वह केवल गाड़ी मात्र न रहकर उसका जीवन भी बन जाती है, जो हीराबाई के साथ जा रहा है। रेणु ने 'लाल पान की बेगम' कहानी में बैल गाड़ी के चलने से उत्पन्न हुई ध्वनि का भी वर्णन किया है। **'बैल जब दौड़ने लगे और पहिया जब चूँ-चूँ करके घड़घड़ाने लगा तो बिरजू से रहा नहीं गया-'उड़नजहाज की तरह उड़ाओ बप्पा।'**[28] साथ ही इस कहानी में रेणु ने नई साड़ी की आवाज की तरह ही धनखेतों से उत्पन्न आवाजों को चित्र रूप प्रदान किया है। गाड़ी जब धान के खेतों के बीच से होकर गुजरने लगी तो धनखेतों में हवा चलने के कारण धान के पौधे हिलने लगे, जिससे गौने की साड़ी की तरह खसखसाहट जैसी आवाज आने लगी। रेणु ने 'सिरपंचमी का सगुन' कहानी में लुहारसार में लोहे के काम करते समय उत्पन्न हुई ध्वनि का चित्रण किया है। **लोहे की फाल को कठोते में डालने से उत्पन्न हुई आवाज के बारे में वर्णन करते हुए रेणु लिखते हैं कि – 'ठाँ-ठाँ-ठाँ-ठुन्न! ठाँ-ठुन्न! .....कठौते में डाल देता है – छुँ-छुँ-छुँ-ऊँ गड़र्-र् लोहाइन गंधवाली भाप रह-रहकर मँडरा जाती।'**[29] इस कहानी में रेणु ने लोहारसार में धौंकनी चलने की आवाजों को भी शब्द रूप प्रदान किया है – **'मशीन से चलनेवाली घरघराती हुई धौंकनी फुफकार उठी-फू-ऊ-ऊ-ऊ।'**[30] 'टेबुल' कहानी में चाबुक से पीटने से उत्पन्न हुई ध्वनि का वर्णन किया है, जिसे पढ़कर पाठक की आँखों के सामने चाबुक पीटने का दृश्य उभरने लगता है – **'अनुरंजन को लगा, दुर्बा उसे चाबुक से पीटकर चली गयी, सपाक्! सपाक्!'**[31]

इस तरह रेणु अपनी कहानियों में ध्वनि बिंब के प्रयोग द्वारा विविध ध्वनियों को शब्द रूप प्रदान करने में सफल हुए हैं। उन्होंने पशु-पक्षियों की आवाजों से लेकर लोगों के रोने-हँसने से उत्पन्न ध्वनि को भी शब्द रूप प्रदान किया है।

हिंदी भाषा के क्षेत्र में ऐसे अभिनव प्रयोग सर्वप्रथम

शायद रेणु की देन है। भाषा पर इतना अधिकार, ऐसी जबर्दस्त पकड़, इतना गहन परिचय आज तक देखने में नहीं आया। यहाँ रेणु की प्रतिभा ऊँचाई पर पहुँचती नजर आती है।

रेणु के ध्वनि चित्र हिंदी में बहुविख्यात हैं। सर्पों की ध्वनि, ढोल की ध्वनि, तुरही की ध्वनि, खंजरी की ध्वनि, सिंगा की ध्वनि आदि बाजों की ध्वनियों के चित्रण के साथ-साथ कुत्ता, सियार, पक्षी आदि की ध्वनियों का वे बड़ी सफलता से प्रयोग करते हैं। रेणु ने मनुष्य के हास्य, रूदन, प्रहार, आवेग आदि का चित्रण करने के साथ आज की तकनीक में विकसित नई-नई मशीनों की ध्वनियों का भी चित्रण किया है। रेणु का ध्वनि बोध इतना सूक्ष्म है कि उन्होंने लाठी के प्रहार, माइक की फूँक आदि के साथ-साथ कुएँ में जाती जंजीर की आवाज, बादल की गड़गड़ाहट आदि का भी सजीव चित्रण किया है। ❑

संदर्भ सूची :

1. फणीश्वरनाथ रेणु के कथा साहित्य में प्रयुक्त शब्द चित्र (मैला आँचल और परती परिकथा के विशेष संदर्भ में), दिगंत बोरा, शोध दिशा (शोध पत्रिका) अंक - 54, पृ - 250
2. भारत यायावर(सं.), रेणु रचनावली- 1, राजकमल प्रकाशन - नई दिल्ली, चौथी आवृत्ति - 2012, पृ - 21
3. वही, पृ - 24
4. वही, पृ - 24
5. वही, पृ - 25
6. वही, पृ - 27
7. वही, पृ - 116
8. वही, पृ - 118
9. वही, पृ - 127
10. वही, पृ- 127
11. वही, पृ - 155
12. वही, पृ - 167
13. वही, पृ - 28
14. वही, पृ - 58
15. वही, पृ - 139
16. वही, पृ - 128
17. वही, पृ - 369
18. वही, पृ - 38
19. वही, पृ - 52
20. वही, पृ - 107
21. वही, पृ - 237
22. वही, पृ - 293
23. वही, पृ - 73
24. वही, पृ - 74
25. वही, पृ - 97
26. वही, पृ - 110
27. वही, पृ - 162
28. वही, पृ - 172
29. वही, पृ - 198
30. वही, पृ - 202
31. वही, पृ - 273

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

महात्मा गांधी : शैक्षिक विचार और उनकी प्रासंगिकता

धर्मवीर

शोधार्थी, हिंदी विभाग
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
तेलंगाना : 500046
8332907096
dharmveersarancuk@gmail.com

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत, अभिनव भारत के निर्माता, अहिंसा और सत्य के पोषक गांधी जी ने मानव जीवन को पूर्णता प्रदान करने वाले सभी बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। गांधीवाद के मूल में अहिंसा की भावना है। हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को बीसवीं सदी का युगपुरुष भी कहा जाता है। उनका जीवन आदर्शों एवं मूल्यों पर पूर्ण रूप से आधारित था। वे प्रयोजनवाद के विचारों से प्रभावित थे। दुनिया भर में आज गांधीजी को महान नेता एवं समाज सुधारक के साथ-साथ शिक्षा दार्शनिक के रूप में भी जाना जाता है। गांधी जी के सामने दलित, पराजित तथा दुखी भारत की पीड़ित आत्मा थी। गांधी जी का अवतार पीड़ित आत्माओं के उद्धार के लिए हुआ था। उनका मानना था कि समाज की उन्नति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। गांधी जी पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान को महत्व ज्यादा देते थे। वे कौशल पूर्ण शिक्षा का प्रबल समर्थन करते हैं। वे अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि **'शिक्षा के सिलसिले में ही शारीरिक धंधे की शिक्षा का भी उल्लेख कर दूँ। इरादा यह था कि सबको कोई उपयोगी धंधा सिखाया जाये।'**[1]

गांधी जी का जीवन दर्शन भारतीय आदर्शवाद पर आधारित था। उनकी दार्शनिक विचारधारा के चार प्रमुख तत्व हैं – सत्य, अहिंसा, निर्भीकता और सत्याग्रह। गांधी जी एक ऐसा व्यक्तित्व हैं, जिसे दुनिया में महामानव के रूप में जाना जाता है। संपूर्ण जगत उन्हें युगपुरुष मानता है। वे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श पुरुष माने गए हैं। उन्होंने अपने विचारों को जीकर दिखाया, अपने जीवन में उतारा। पूरी दुनिया के सामने उन्होंने भारत की शक्ति का लोहा मनवाया। गांधीजी का महत्व इसलिए नहीं है कि उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया, बल्कि इस आजादी की लड़ाई में संस्कृति के आंतरिक मूल्यों का आदर्श उपयोग भी किया। उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु गोपालकृष्ण गोखले की सलाह पर भारत देश का भ्रमण किया और यहाँ की संस्कृति को जाना और समझा। उन्होंने तत्कालीन भारतीय समाज की

दुर्बलताओं को महसूस किया। सामाजिक भेदभाव, रूढ़िवादिता, धार्मिक अंधविश्वास, गरीबी आदि जो स्वतंत्रता की राह में बाधक थे, को जाना भी। उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण कर सारी व्यवस्थाओं का अध्ययन किया और यहाँ की राजनीति को समझा। भारत के लोगों की गरीबी, अशिक्षा, भाषा और व्यवहार को देखा और समझा। उन्होंने पाया कि हम शारीरिक ही नहीं, अपितु मन से भी अंग्रेजों के गुलाम हैं। वे लिखते हैं कि 'अगर हमारे हाथ में तानाशाही सत्ता हो तो मैं आज से ही विदेशी माध्यम के जरिए दी जा रही अपने लड़कों और लड़कियों की शिक्षा बंद कर दूँ ...यह एक ऐसी बुराई है, जिसका इलाज तुरंत होना चाहिए। **मैं पाश्चात्य संस्कृति का विरोधी नहीं हूँ, लेकिन मैं अपने घर के खिड़की दरवाजों को खुला रखना चाहता हूँ... विदेशी भाषाओं की ऐसी आँधी न आ जाये कि मैं औंधे मुँह गिर पड़ूँ।**'[2] उन्होंने देखा कि भारत के जीवन को इस ब्रिटिश शासकों ने शिक्षा के माध्यम से बहुत नुकसान पहुँचाया है। गांधी जी शिक्षा को एक 'Beautiful Tree' कहा करते थे। उस वृक्ष के जड़ों में पानी, खाद दिया जाए तो पूरा वृक्ष हरा-भरा रहेगा, अच्छी पत्तियाँ और फूल आएँगे एवं अपनी सुगंध से सारे बाग को महकाएँगे। यदि उसी वृक्ष की जड़ों को काट दिया जाए तो वह नष्ट हो जाएगा। गांधी जी समझते थे कि मानसिक गुलामी से मुक्ति पाने के लिए भारतीय शिक्षा पद्धति बहुत जरूरी है। गांधी जी ने बाल केंद्रित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सीखने वाले के व्यक्तित्त्व के विकास को अधिक महत्व दिया। वर्तमान शिक्षा के दोषों को दूर करने के लिए गांधी ने क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए सुझाव दिए।

गांधी जी को ऐसी शिक्षा पद्धति चाहिए थी, जो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सके। वे शिक्षक और विद्यार्थियों के मध्य के अंतर को समाप्त करना चाहते थे। उनका मानना था कि अगर विद्यार्थी सिर्फ निष्क्रिय श्रोता के रूप रहेगा तो शिक्षा का महत्व नहीं रह जाएगा। उनके अनुसार विद्यार्थी एक सक्रिय अनुसंधानकर्ता और प्रयोगकर्ता बने। अंग्रेजों ने भारतीय शिक्षा पद्धति के साथ भी खिलवाड़ किया। अंग्रेज जानते थे कि अगर भारत में व्यापार व शासन करना है तो शिक्षा को अपने नियंत्रण में लेना होगा। शिक्षा को सरकारी नियंत्रण में लिया। अंग्रेजी शिक्षा का प्रारंभ हुआ। गांधी जी ने राष्ट्रीय आंदोलनों के दौरान महसूस किया कि भारत में आजादी के बाद देश की पुनर्स्थापना करनी है तो शिक्षा ही एक माध्यम है, जो इस देश में आर्थिक, सामाजिक क्रांति ला सकता है।

गांधी जी समझते थे कि भारत में शिक्षा का स्तर सुधारना है तो ग्रामों के माध्यम से ही संभव हो पाएगा, क्योंकि अधिकांश भारत गाँवों में बसता है। इसलिए भारतीय शिक्षा पद्धति के परिणामों की सफलता ग्रामीण शिक्षा पर निर्भर है। उन्होंने भारतीय समाज के लिए बुनियादी शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ माना। गांधी सिर्फ अक्षर ज्ञान को शिक्षा नहीं मानते। वे चाहते थे कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बच्चे की आत्मा जागृत हो। गांधी जी हरिजन में लिखते हैं कि '**मैं तो बच्चे की शिक्षा का प्रारंभ इस तरह करूँगा कि उसे कोई उपयोगी दस्तकारी सिखाई जाए और जिस क्षण से वह अपनी तालीम शुरू करे उसी क्षण उसे उत्पादन का काम करने योग्य बना दिया जाए। इस तरह की शिक्षा पद्धति में मस्तिष्क और आत्मा का उच्चतम विकास संभव है।**'[3]

महात्मा गांधी के जीवन एवं चिंतन का प्रमुख योगदान शिक्षा के क्षेत्र में था – बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम। इससे गांधी जी एक स्वतंत्र और स्वावलंबी व्यक्ति,

समाज और राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे। गांधी जी ने 1935 में शिक्षा अधिवेशन, वर्धा में एक शिक्षा दर्शन रखा, जिसे गांधी जी का शिक्षा दर्शन कहा जाता है। उन्होंने भारतीयों के सामने बुनियादी शिक्षा प्रणाली की नींव रखी, जो भारतीय युवकों को वापस भारतीय परंपरा से जोड़े और भारतीय विचारों से जुड़े। भारत का मूल स्वभाव - आध्यात्मिक था। अंग्रेजों ने इस स्वभाव को अर्थ से जोड़ दिया। गांधी के शिक्षा दर्शन में निम्न बातों पर बल दिया गया - शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रखा जाए, इसमें बालक की 7 से 14 वर्ष तक शिक्षा को नि:शुल्क और अनिवार्य किया जाए, समान शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा प्रणाली का आधार गाँव हो। बालक को केवल किताबी ज्ञान नहीं, उसे शारीरिक श्रम से भी अवगत कराया जाएगा, साथ ही मानवीय मूल्यों के विकास पर ध्यान दिया जाएगा। ऐसी शिक्षा होनी चाहिए, जो सामाजिक भाव और जीवन का आदर्श रूप प्रस्तुत करे, जिससे हाथ, सिर और मन तीनों का विकास हो। हमारी शिक्षा के माध्यम से उपयोगी युवक तैयार नहीं करेंगे, उनके विचारों का विकास नहीं करेंगे, तब तक भारत क्या किसी भी राष्ट्र का अग्रणी होना मुश्किल है।

शिक्षा का अर्थ :

शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं है, लोगों को लिखना-पढ़ना और हिसाब करना सिखाना बुनियादी शिक्षा है। भूगोल, बीजगणित, रेखागणित और खगोल विद्या सीख लेना असली शिक्षा नहीं है, बल्कि उस आदमी ने सच्ची शिक्षा पाई है, जिसका शरीर और मन उसके वश में है, जिसकी बुद्धि शुद्ध, शांत और न्यायदर्शी है और जो दूसरों को अपने जैसा मानता है। व्यक्ति से ही समष्टि है। व्यक्ति में ही समाज परिवर्तन की ताकत है। अंग्रेजी भाषा में शिक्षा देना गुलामी की बुनियाद को और मजबूत करना है, हमें अपनी भाषा में शिक्षा देनी चाहिए, धर्म की, नीति की शिक्षा देनी चाहिए और ऐसी शिक्षा देनी चाहिए, जिसमें हाथों का उपयोग हो। शिक्षा दर्शन में वे मूल रूप से अहिंसक और नैतिक मनुष्य के निर्माण की संकल्पना करते हैं। जो-जो चीज समझ आती है, उसे अपने अनुभवों से आगे ले जाने का प्रयास करते हैं। गांधी जी के कर्म की बड़ी साधना स्थली रही है - वर्धा। उन्हें देशव्यापी अनुभव था। वे मैकाले की शिक्षा पद्धति को हटाकर भारतीय पद्धति लाना चाहते थे, जिसमें आत्मनिर्भरता और व्यक्ति से इंसान बनाने की प्रवृत्ति हो।

गांधी जी ने देखा कि इस देश की समस्या सिर्फ राजनीतिक और स्वतंत्रता ही नहीं, सामाजिक विषमता भी है। इसके लिए सामाजिक निर्माण की आवश्यकता महसूस हुई। शिक्षा में गांधी जी ने शिक्षा को 3R और 3H की संज्ञा दी थी -

3R–Reading, Writing, Arithemetic

3H–Hand, Head, Heart

शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो बालक का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करे। 'हिंद स्वराज' में गांधीजी लिखते हैं - **'शिक्षा का अर्थ क्या है? अगर उसका अर्थ केवल अक्षर ज्ञान है तो वह एक हथियार रूप बन जाता है, उसका सदुपयोग भी हो सकता है और दुरुपयोग भी हो सकता है।'**[4] वे अपने 'हरिजन' पत्र में लिखते हैं - **'सच्ची शिक्षा वही है, जिसे पाकर मनुष्य अपने शरीर, मन और आत्मा के उत्तम गुणों का सर्वांगीण विकास कर सके और उन्हें प्रकाश में ला सके। साक्षरता न तो शिक्षा का अंतिम ध्येय है, न उससे शिक्षा का आरंभ ही होता है। वह तो स्त्री-पुरुषों को शिक्षित बनाने के लिए अनेक साधनों में एक साधन मात्र है। अपने आप में साक्षरता कोई शिक्षा नहीं है।'**[5]

वे शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए लिखते हैं - **'शिक्षा बालक और बालिका को एक उपयोगी नागरिक नहीं बनाती है, उनके मतानुसार शिक्षा का यह अनिवार्य कार्य है कि वह मनुष्य के शरीर, मन, हृदय और आत्मा का संगतिपूर्ण विकास करे। सच्ची शिक्षा बालक के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक शक्तियों को प्रकाश में लाती है और प्रेरणा प्रदान करती है।'**[6]

शिक्षा-जीवन के लिए शिक्षा, जीवन के द्वारा शिक्षा, जीवन भर शिक्षा और जीवन के साथ जुड़ी शिक्षा आदि सिद्धांतों पर गांधी जी ने जोर दिया। गांधी जी को लगा कि वर्तमान शिक्षा जीवन से कट गई है । शिक्षा में

जीवंतता कैसे लाई जाए – इस संदर्भ में शिक्षा दर्शन पर विचार किया।

शिक्षा का उद्देश्य :

शिक्षा उद्देश्य आधारित होनी चाहिए – उद्देश्यविहीन शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। गांधी जी का उद्देश्य था कि शिक्षा से मानव जीवन का सर्वत्तोमुखी विकास हो।

1. **जीविकोपार्जन :** गांधी जी शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य मनुष्य के जीविकोपार्जन को मानते हैं। अगर शिक्षा मनुष्य के जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं (रोटी, कपड़ा और मकान) की पूर्ति नहीं करती है तो निरर्थक है। शिक्षा के माध्यम से बालक को जीविकोपार्जन के लिए योग्य बनाया जा सके। गांधी जी ने आत्मनिर्भर वाली शिक्षा पद्धति पर बल दिया है। वे बालक को बेरोजगारी से सुरक्षा वाली शिक्षा देने के पक्ष में थे। हस्त कला कौशल की शिक्षा होनी चाहिए, जिससे बेरोजगारी दूर होगी। इससे भूख के भय से मुक्ति मिलनी चाहिए।

2. **सांस्कृतिक विकास :** वे शिक्षा के माध्यम से अपनी संस्कृति और धरोहर को समृद्ध करने का समर्थन करते हैं। वे कहते हैं कि विद्यार्थियों को बैठने, चलने, बोलने और व्यवहार में अपनी संस्कृति को व्यक्त करना चाहिए।

व्यक्ति में निहित पूर्णता को उभारना बताया। बालकों में क्रियाशीलता तथा करके सीखने के सिद्धांत को विकसित करने के लिए प्रयोजनवाद का सहारा लिया।

3. **सामंजस्यपूर्ण विकास :** बालक की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियाँ विकसित हों। वे बालकों में मानवीय गुणों – सहयोग, पारस्परिक प्रेम, निष्ठा, सहनशीलता, मिलन सरिता जैसे गुणों का विकास करने के पक्ष में थे। उन्होंने आध्यात्मिक मूल्यों के विकास तथा चारित्रिक विकास पर बल दिया।

4. **चारित्रिक विकास :** गांधी जी के अनुसार बिना शिक्षा और पवित्रता के चरित्र व्यर्थ है। गांधी के शिक्षा विचार उनकी आध्यात्मिक, नीतिशास्त्र संबंधी धारणाओं से प्रभावित है। शिक्षा सत्य, अहिंसा एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए।

5. **व्यक्ति की मुक्ति :**

'सा विद्या या मुक्तये' अर्थात शिक्षा या विद्या वही है, जो मुक्त करती है। दासता/ पराधीनता से मुक्ति। बालक का पढ़ना सिर्फ नौकरी के लिए नहीं, ज्ञान के लिए।

गांधी जी का व्यक्तित्व बहुपक्षीय है। महात्मा गांधी एक महान शैक्षिक चिंतक थे। उनका शिक्षा दर्शन व्यावहारिक जीवन पर आधारित था। उन्होंने भारत की प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को व्यावहारिक रूप प्रदान किया। शिक्षा जगत में अनेक सुधार लाने के लिए विचार प्रस्तुत किए। हुमायूँ कबीर 'गांधी जी' के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि 'राष्ट्र के लिए गांधीजी की अनेक देनों में नवीन शिक्षा के प्रयोग की देन सबसे महान है। वह तरुण शक्तियों के सहयोग, प्रेम और सत्य के आधार पर एक समुदाय के रूप में रहने की शिक्षा देकर एक नए सामाजिक निर्माण के लिए नागरिकों को तैयार करने का प्रयत्न करती है।'

गांधी जी ने अपने जीवन के प्रारंभ में ही यह अनुभव किया कि सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और नैतिक विकास का आधार शिक्षा ही है। वे शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत हैं। '**महात्मा गांधी जी इस प्रकार समाज में रक्तहीन क्रांति द्वारा लाना चाहते थे और इस प्रकार की समाज की स्थापना के लिए वे शिक्षा को एक सशक्त साधन बनाना चाहते थे।**'[7] गांधी जी लिखते हैं कि मैं भारत के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के सिद्धांत को दृढ़तापूर्वक मानता हूँ। बच्चों को कोई उपयोगी उद्योग सिखाएँ, जिससे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके। शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण करना था। इसके लिए आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक विकास अर्थात जीवन के सभी पक्षों पर बल देते थे। उनका उद्देश्य – सिर्फ नौकरी नहीं था, बच्चों को स्वावलंबी बनाना था। वह शिक्षा किस काम की, जो राष्ट्र समाज एवं शक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ है। शिक्षार्थी को सुसंस्कृत बनाना शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में केवल मस्तिष्क के प्रशिक्षण

पर बल दिया जाता है। गांधी जी हाथ, हृदय और मस्तिष्क सभी को सुरक्षित करना चाहते थे। गांधी जी की शिक्षा के राष्ट्रीय महत्व को ध्यान रखते हुए कोठारी आयोग (1964-66) ने शिक्षा को राष्ट्र के पुनर्निर्माण का एक साधन के रूप में स्थापित करने पर विचार किया। गांधी जी के जीवन के दो प्रमुख संदेश हैं -

1.मेरा जीवन ही मेरा संदेश है।
2.जो मैंने किया, कोई साधारण व्यक्ति कर सकता है।

शिक्षा का संबंध जितना व्यक्ति से होता है, उससे अधिक समाज से है। उन्होंने नारी शिक्षा पर बल दिया। अस्पृश्यता उन्मूलन स्वराज का प्रथम पायदान है। गांधीजी के महानायक बनने में अहिंसा की भूमिका सर्वोपरि है। अपनी आत्मकथा में वे लिखते हैं कि सत्य का पूर्ण भास अहिंसा के पूर्ण साक्षात्कार से ही संभव है। अर्थात गांधी जी के लिए सत्य और अहिंसा भिन्न-भिन्न मानवीय मूल्य नहीं हैं। गांधीजी को इतिहास की जानकारी थी। महात्मा गांधी एक जननायक थे, जिन्होंने भारत में जनांदोलनों की राजनीति शुरू की और भारतीय स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन को एक जनांदोलन बनाया। शिक्षा पद्धति में गांधी जी महत्वपूर्ण बदलाव करना चाहते थे। इस संदर्भ में प्रमुख बातें निम्न प्रकार हैं -

- सबसे पहली बात यह है कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए।
- दूसरी ध्यान देने वाली बात है कि शिक्षा पुस्तकीय न हो, बल्कि शिल्प आधारित हो।
- तीसरी बात यह है कि शिक्षा चरित्र निर्माण का साधन होना चाहिए।
- चतुर्थ बात यह है कि शिक्षा से बालक का सर्वांगीण विकास हो।

गांधी जी के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ लिखना, पढ़ना और अंकगणित की सामान्य जानकारी देना नहीं, बल्कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के कर्म, ज्ञान और भावना का विकास करना है। निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि गांधी जी का व्यक्तित्व-कृतित्व केवल तत्कालीन समाज की और समय नहीं, बल्कि वर्तमान दौर को समझने और उसे मानवीय धरातल पर बदलने की समग्र अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। आज भी गांधी की प्रासंगिकता और उनके महत्व को सभी स्वीकार करते हैं।

गांधी जी का जीवन लोगों के लिए था। उन्होंने मानवता के लिए बलिदान दे दिया था। गांधी जी ने दुनिया भर को यह दिखला दिया था कि प्रेम, सत्य और अहिंसा का मार्ग ही सर्वश्रेष्ठ है। इसी के द्वारा देश को आजादी दिलाई। समाज के गरीब, असहाय और अछूतों के लिए किए गए उनके कार्यों को विस्मृत नहीं किया जा सकता। गांधी जी आधुनिक युग के एक महान दार्शनिक, व्यावहारिक शिक्षा शास्त्री एवं युगांतकारी पुरुष हुए हैं। उनके द्वारा चलाई गई शिक्षा व्यवस्था विकेंद्रित, स्वावलंबी अर्थनीति तथा श्रेणीहीन समाज व्यवस्था पर आधारित है, जो आज भी अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। समय के बदलते परिप्रेक्ष्य में आज भी गांधीजी के शैक्षिक विचारों ने अपना महत्व नहीं खोया है। गांधी जी की प्रासंगिकता कालजयी है। ❑

संदर्भ :

1. महात्मा गांधी : सत्य के प्रयोग।
2. हरिजन, 31.7.37
3. वही
4. वही
5. वही
6. वही
7. एल.के. ओड : शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, राजस्थान ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1990, पृ. 238

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

প্রবন্ধ

‘ টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্রকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন’

উদয়ন বড়া

টাই ভাষাৰ শিক্ষক
ভাষা অধ্যয়ন কেন্দ্র
ডিব্রুগড় বিশ্ববিদ্যালয়
পিন ঃ ৭৮৬০০৪
৯১০১০৩৬১২৩
udayan1204@gmail.com

সাৰাংশ ঃ

নামপদৰ এক উল্লেখনীয় ভাগ হ’ল— সর্বনাম শব্দ। বিশেষ্য বা বিশেষ্যৰ বাক্যাংশৰ সলনি ব্যৱহাৰ কৰা শব্দক সর্বনাম শব্দ বোলা হয়। সাধাৰণতে সর্বনাম শব্দই পুৰুষ, লিংগ, বচন অনুসৰি ভিন্ন ৰূপ গ্রহণ কৰে। যেনে- মই, তুমি, তেওঁলোক আদি। গঠনৰ ফালৰ পৰা সর্বনাম শব্দবোৰক মৌলিক আৰু সাধিত ৰূপত পোৱা যায়। মৌলিক সর্বনামৰ তুলনাত সাধিত সর্বনামৰ সংখ্যা অধিক পৰিলক্ষিত হয়। আনহাতে টাই-আহোম ভাষাৰ ভাষিক প্রকৃতি তথা গঠনৰ ওপৰত ভিত্তি কৰি টাই-কাদাই ভাষা পৰিয়ালৰ অন্তর্গত কৰা হয়। নৃতাত্ত্বিক দৃষ্টিভংগীৰ পৰা মংগোলীয় প্রজাতিৰ টাই-আহোম জনগোষ্ঠীয় লোকসকলৰ প্রচলন বর্তমান উত্তৰ-পূব ভাৰতৰ উজনি অসমত বিশেষভাৱে পোৱা যায়। ইয়াৰ ভিতৰত শিৱসাগৰ, চৰাইদেউ, যোৰহাট, গোলাঘাট, ডিব্রুগড়, ধেমাজি, লখিমপুৰ, তিনিচুকীয়া, শদিয়া আদি উল্লেখযোগ্য।

টাই ভাষাসমূহ মূলতঃ সুৰীয়া ভাষা। এনে ভাষাসমূহত শব্দৰ অর্থৰ ওপৰত সুৰসমূহে বিশেষভাৱে ক্রিয়া কৰে। টাইমূলীয় ভাষা হিচাপে টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ ক্ষেত্রতো এনে বৈশিষ্ট্যসমূহ পৰিলক্ষিত হয়। উত্তৰ-পূব ভাৰত তথা অসমত বর্তমান টাই-আহোম ভাষাই যথেষ্ট পৰিমাণে বিকাশ লাভ কৰিছে। একেদৰে ভাষিক আৰু সাংস্কৃতিক দৃষ্টিভংগীৰে যথেষ্ট পৰিমাণে ইয়াৰ অধ্যয়ন আৰম্ভ হৈছে। আনহাতে টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দবোৰক প্রধানতঃ দুটা ভাগত ভাগ কৰা হয়। যেনে— মৌলিক আৰু সাধিত। প্রকাৰৰ ক্ষেত্রত টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ সাতটা প্রকাৰ পোৱা যায়। প্রত্যেক ভাষাৰে একোখন ব্যাকৰণ থাকে আৰু সেই ব্যাকৰণৰ ওপৰত ভিত্তি কৰিয়ে একোটা ভাষাৰ গাঁথনিক তথা ৰূপতাত্ত্বিক দিশসমূহ প্রতিফলিত হয়। একেদৰে সুৰীয়া ভাষা হ’লেও টাই-আহোম ভাষাতো এনে ব্যাকৰণিক দিশ যেনে—বিশেষ্য, বিশেষণ, সর্বনাম, ক্রিয়া, বিভক্তি, কাৰক, বচন আদি প্রতিফলিত হয়। এনে ৰূপতাত্ত্বিক দিশৰ অংগ হিচাপে টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ অধ্যয়ন গুৰুত্বপূর্ণ।

বীজশব্দ ঃ

টাই-কাদাই, সর্বনাম, বিশেষ্য, বিশেষণ, কাৰক, বিভক্তি, মৌলিক, সাধিত আদি

০.০ অৱতৰণিকা ঃ

০.১ বিষয়ৰ পৰিচয় ঃ

উত্তৰ-পূব ভাৰতৰ এক উল্লেখনীয় ভাষা হ'ল— টাই ভাষা। টাই ভাষাই দক্ষিণ-পূব এছিয়াৰ চীনদেশৰ য়ুনান প্ৰদেশৰ পৰা আৰম্ভ কৰি উত্তৰ ভিয়েটনাম, লাওচ, থাইলেণ্ড, ম্যানমাৰৰ লগতে উত্তৰ ভাৰত পৰ্যন্ত বিস্তৃতি লাভ কৰিছে। উত্তৰ-পূব ভাৰতৰ তথা অসম প্ৰদেশত টাই ভাষাৰ ছটা শাখাৰ ভাষাৰ ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। এই ভাষাকেইটা হ'ল— টাই-আহোম, টাই-খামতি, টাই-আইতন, টাই-ফাকে, টাই-টুৰুং আৰু টাই-খাময়াং। এই ভাষাকেইটাৰ ভিতৰত টাই-আহোম ভাষা অন্যতম। এই ভাষাক ভৌগোলিক অৱস্থান ভিত্তিত 'চীন-তিব্বতীয়' আৰু ভাষিক প্ৰকৃতি তথা বৈশিষ্ট্য অনুসৰি 'টাই-কাদাই' ভাষা পৰিয়ালৰ অন্তৰ্গত ভাষা হিচাপে চিহ্নিত কৰা হয়। আনহাতে নৃতাত্ত্বিক দৃষ্টিকোণৰ পৰা টাই-আহোমসকল মংগোলীয় প্ৰজাতিৰ।

অসমত প্ৰচলিত ভিন্ন টাই জনগোষ্ঠীবোৰৰ ভিতৰত টাই-আহোমসকল অতি পুৰণি জনগোষ্ঠী। "ত্ৰয়োদশ শতিকাৰ প্ৰাৰম্ভতে ১২২৮ খ্ৰীষ্টাব্দত আহোমৰ আদি ৰজা ছ্যুকাফাৰ নেতৃত্বত টাই মানুহৰ ঠাল এটাই উত্তৰ-পূব গিৰিপথেদি অসমত প্ৰৱেশ কৰে। সুদীৰ্ঘ ছশটা বছৰ সণ্চালনিকৈ অসমত শাসন কৰা এই লোকসকলকেই থলুৱা লোকসকলে আহোম বোলে"।[৩] টাই-আহোমসকল অসম আগমনৰ পূৰ্বৰে পৰা নিজা ভাষা-সাহিত্য-সংস্কৃতিৰে পৰিপূৰ্ণ এক সম্ভ্ৰান্ত জাতি আছিল। অসমতো প্ৰথমাৱস্থাত টাই-আহোমসকলে আহোম ভাষাতে বাৰ্তালাপ কৰাৰ লগতে সাহিত্য চৰ্চা তথা বুৰঞ্জী আৰু বিভিন্ন পুথি-পাঁজি লিখাৰ পৰম্পৰা অব্যাহত ৰাখিছিল। অৱশ্যে পৰৱৰ্তী সময়ত অসমীয়া ভাষাকেই টাই-আহোমসকলে মাতৃভাষাৰূপে ব্যৱহাৰ কৰে। কিন্তু আহোমসকলৰ মহন, দেউধাই, বাইলুং আদি পুৰোহিত শ্ৰেণীয়ে পূজা-পাতল অনুষ্ঠানৰ জৰিয়তে বৰ্তমানেও আহোম ভাষাটো পৰম্পৰাগতভাৱে ব্যৱহাৰ কৰি আছে। ইয়াৰ উপৰি বৰ্তমান সময়ত শিৱসাগৰ আৰু চৰাইদেউ জিলাৰ টাই-আহোম লোকসকলে ব্যৱহাৰ কৰা অসমীয়া ভাষাৰ মাজত যথেষ্ট পৰিমাণে 'টাই-আহোম' ভাষাৰ শব্দৰ ব্যৱহাৰ দেখিবলৈ পোৱা যায়। যেনে- সম্বন্ধবাচক শব্দ, নামবাচক শব্দ, সংস্কৃতি বিষয়ক শব্দ আদি। একেদৰে বিভিন্ন সাঁচিপতীয়া পুথি, বুৰঞ্জী পুথি, অভিধান আদিৰ মাজতো টাই-আহোম ভাষাটোৰ শক্তিশালী ৰূপ এটা দেখিবলৈ পোৱা যায়।

ভাষাৰ এক উল্লেখযোগ্য অংগ হ'ল ৰূপতত্ত্ব। এই ৰূপতাত্ত্বিক দিশৰে এক উল্লেখনীয় দিশ হ'ল- সর্বনাম শব্দ। এনে সর্বনাম শব্দসমূহ টাই-আহোম ভাষাত কিদৰে গঠন হয় আৰু ইয়াৰ প্ৰকাৰ কেনেকুৱা সেই বিষয়ে বিশ্লেষণ দাঙি ধৰাৰ উদ্দেশ্যে **'টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন'** শীৰ্ষক বিষয়ৰ অধ্যয়ন আগবঢ়োৱা হৈছে।

০.২ অধ্যয়নৰ উদ্দেশ্য ঃ

'টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন'—শীৰ্ষক বিষয়ৰ অধ্যয়নৰ উদ্দেশ্যসমূহ হ'ল—

- টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ ভেদ কৰা।
- টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ গঠন প্ৰক্ৰিয়া সম্পর্কে বিশ্লেষণ কৰা।

০.৩ অধ্যয়নৰ পদ্ধতি আৰু পৰিসৰ ঃ

'টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন'— শীৰ্ষক বিষয়ৰ অধ্যয়নৰ তথ্য সংগ্ৰহ আৰু তথ্য বিশ্লেষণৰ ক্ষেত্ৰত সুকীয়া সুকীয়া পদ্ধতি গ্ৰহণ কৰা হৈছে। তথ্য আহৰণৰ ক্ষেত্ৰত সাক্ষাৎকাৰ পদ্ধতি আৰু নমুনা সংগ্ৰহ পদ্ধতি ব্যৱহাৰ কৰা হৈছে। তথ্য বিশ্লেষণৰ বাবে বর্ণনাত্মক ভাষাবৈজ্ঞানিক পদ্ধতিৰ উপৰি জনগোষ্ঠীটোৰ ইতিহাস অধ্যয়নৰ বাবে ঐতিহাসিক পদ্ধতি গ্ৰহণ কৰা হয়। আনহাতে বর্ণনাত্মক পদ্ধতিৰ অন্তর্গত গঠনাত্মক ভাষাবিজ্ঞান পদ্ধতিৰ সহায় সর্বনামৰ গাঁথনিক বিশ্লেষণৰ বাবে বিশেষভাৱে লোৱা হৈছে।

একেদৰে এই অধ্যয়নত প্ৰধানতঃ টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্ৰকাৰ আৰু গঠন সম্পর্কে বিজ্ঞানসম্মত আলোচনা দাঙি ধৰা হৈছে। মূলতঃ শিৱসাগৰ আৰু চৰাইদেউ জিলাৰ টাই-আহোম লোকৰ পৰা লাভ কৰা ভাষিক তথ্যৰ ভিত্তিত এই বিশ্লেষণ দাঙি ধৰা হৈছে।

০.৪ অধ্যয়নৰ উৎস ঃ

'টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনাম শব্দৰ প্রকাৰ আৰু গঠন ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন'— শীর্ষক বিষয়ৰ অধ্যয়নৰ বাবে প্রধানতঃ দুই ধৰণৰ উৎসৰ পৰা তথ্য সংগ্রহ কৰা হয়।

• মুখ্য সমল • গৌণ সমল

মুখ্য সমল ঃ শিৱসাগৰ আৰু চৰাইদেউ জিলাৰ ভিন্ন সমল ব্যক্তিৰ পৰা লাভ কৰা টাই-আহোম ভাষাৰ তথ্যসমূহক মুখ্য সমল হিচাপে গ্রহণ কৰা হৈছে।

গৌণ সমল ঃ চৰকাৰী বা বে-চৰকাৰী বিভিন্ন সংস্থাৰ জৰীপ, ইণ্টাৰনেট আদিৰ পৰা লাভ কৰা তথ্যসমূহ বিচাৰ-বিশ্লেষণ কৰি গৌণ তথ্য হিচাপে সংগ্রহ কৰা হৈছে। ইয়াৰ উপৰি তথ্য সংগ্রহৰ ক্ষেত্রত ব্যৱহৃত কেমেৰা, ম'বাইল, লেপটপ আদি যন্ত্রপাতিসমূহকো গৌণ সমল হিচাপে গ্রহণ কৰা হয়।

১.০ সর্বনাম শব্দৰ প্রকাৰ ঃ

ভাষা বিশেষত বিশেষ্যৰ সলনি ব্যৱহাৰ কৰা শব্দবোৰকে সর্বনাম শব্দ বোলে। টাই-আহোম ভাষাতো এনে সর্বনাম শব্দৰ ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। আনহাতে টাই-আহোম ভাষাত বচন আৰু পুৰুষ অনুসৰি সর্বনাম শব্দৰ সুকীয়া সুকীয়া ৰূপৰ ব্যৱহাৰ হয়। তলত টাই-আহোম ভাষাৰ সর্বনামৰ বিভিন্ন প্রকাৰসমূহ দাঙি ধৰা হ'ল—

- ব্যক্তিবাচক সর্বনাম
- নির্দেশবোধক সর্বনাম
- অনির্দিষ্টতাবাচক সর্বনাম
- প্রশ্নবাচক সর্বনাম
- কালবাচক সর্বনাম
- স্থানবাচক সর্বনাম
- সম্বন্ধবাচক সর্বনাম

১.১ ব্যক্তিবাচক সর্বনাম ঃ

বিশেষ্যৰ সলনি পুৰুষ অনুসৰি ব্যৱহৃত শব্দবোৰকে ব্যক্তিবাচক সর্বনাম বুলি কোৱা হয়। টাই-আহোম ভাষাত এনে সর্বনামবোৰৰ পুৰুষ আৰু বচন অনুসৰি বেলেগ বেলেগ ৰূপ পোৱা যায়।

➢ টাই-আহোম ভাষাত প্রথম পুৰুষ আৰু বচন অনুসৰি ব্যক্তিবাচক সর্বনাম ৰূপবোৰ বেলেগ বেলেগ হয়।

[১] ভীমকান্ত বৰুৱা, ভাষাৰ ইতিবৃত্ত, পৃ. ৮৮

উদাহৰণ—

পুৰুষ	একবচন	বহুবচন
প্রথম	'kau:' মই	'rau' আমি

➢ টাই-আহোম ভাষাত দ্বিতীয় পুৰুষ আৰু বচন অনুসৰি সুকীয়া হোৱাৰ উপৰি দুয়োটা বচনত একোটা সন্মানার্থক ৰূপ 'sau' শব্দ ব্যৱহাৰ কৰিও ব্যক্তিবাচক সর্বনাম গঠন কৰা হয়।

পুৰুষ	একবচন	বহুবচন
দ্বিতীয়	'mau' তুমি / তই	'su:' তোমালোক / তহঁত
	'mau sau' আপুনি	'su: sau' আপোনালোক

➢ টাই-আহোম ভাষাত দ্বিতীয় পুৰুষৰ দৰে তৃতীয় পুৰুষতো বচন আৰু পুৰুষ অনুসৰি ব্যক্তিবাচক সর্বনামৰ ৰূপবোৰ সুকীয়া সুকীয়া হয়। সন্মানার্থক ৰূপ প্রকাশৰ বাবে sau' শব্দ ব্যৱহাৰ কৰা হয়।

পুৰুষ	একবচন	বহুবচন
তৃতীয়	'mau' তুমি / তহ	'k^{h}au' তোমালোক / তহঁত
	'man sau'	'k^{h}au sau' তেওঁলোক
	তেওঁ বা তেখেত	বা তেখেতসকল

তলত সাঁচিপতীয়া বুৰঞ্জী পুথিৰ শব্দৰ আধাৰত পুৰুষ অনুসৰি টাই-আহোম ভাষাৰ ব্যক্তিবাচক সর্বনামৰ ৰূপসমূহ তালিকাসহ দাঙি ধৰা হ'ল—

পুৰুষ		বচন	
		একবচন	বহুবচন
প্রথম		'kau' মই	'rau' আমি
দ্বিতীয়	মান্য	'mau' তুমি / তই	'su:' তোমালোক / তহঁত
	সন্মানার্থ	'mau sau' আপুনি	'su: sau' আপোনালোক
তৃতীয়	মান্য	'man 'সি / তাই	'k^{h}au 'সিহঁত
	সন্মানার্থ	'man sau' তেওঁ বা তেখেত	'k^{h}au sau' তেওঁলোক বা তেখেতসকল

তালিকা নং-১ ঃ টাই-আহোম ভাষাৰ ব্যক্তিবাচক সর্বনামৰ প্রকাৰ

উল্লিখিত টাই-আহোম ভাষাৰ ব্যক্তিবাচক সর্বনামসমূহৰ উপৰি কিছুমান কাৰকসূচক ৰূপো এই সর্বনাম শব্দৰ লগত ব্যৱহাৰ হয়। আনহাতে কাৰক অনুসৰি ব্যক্তিবাচক সর্বনামত 'ti:' 'au:' 'lukti:' কাৰকবাচক ৰূপবোৰ মূল শব্দৰ

‘tiː’ ‘auː’ ‘luk tiː’ কাৰকবাচক ৰূপবোৰ মূল শব্দৰ লগত ব্যৱহৃত হয়। অৱশ্যে টাই-আহোম ভাষাত কৰ্তা আৰু সম্বন্ধ কাৰকৰ ধাৰণাযুক্ত ৰূপ নাই, ইয়াৰ সলনি মূল শব্দই ইয়াত ব্যৱহৃত হয়।

তলত এনে ব্যক্তিবাচক সৰ্বনামৰ সৈতে সংযোগ হোৱা কাৰকসূচক ৰূপসমূহক তালিকাসহ দাঙি ধৰা হ'ল—

কাৰক	বচন	
	একবচন	**বহুবচন**
কৰ্তা	‘kau’ মই	‘rau’ আমি
কৰ্ম	‘tiː kau’ মোক	‘tiː rau’ আমাক
কৰণ	‘auː kau’ মোৰ দ্বাৰা	‘auː kau’ আমাৰ দ্বাৰা
নিমিত্ত	‘tiː kau’ মোলৈ	‘tiː rau’ আমালৈ
অপাদান	‘luk tiː kau’ মোৰ পৰা	‘luk tiː rau’ আমাৰ পৰা
সম্বন্ধ	‘kau’ মোৰ	‘rau’ আমাৰ

তালিকা নং-২ ঃ ব্যক্তিবাচক সৰ্বনামৰ সৈতে সংযোগ হোৱা কাৰকসূচক ৰূপসমূহ

১.২ নিৰ্দেশবাচক সৰ্বনাম ঃ

টাই-আহোম ভাষাত কোনো প্ৰাণী বা বস্তুক বিশেষভাৱে নিৰ্দেশ কৰি বুজাবলৈ ব্যৱহাৰ কৰা শব্দবোৰেই নিৰ্দেশবাচক সৰ্বনাম। এই সৰ্বনামবোৰক আকৌ ইয়াৰ প্ৰয়োগৰ ওপৰত ভিত্তি কৰি দুটা ভাগত ভাগ কৰা হয়। যেনে—(ক) নিকটৱৰ্তী (খ) দূৰৱৰ্তী। আনহাতে নিকটৱৰ্তী সৰ্বনাম বুজাবৰ বাবে ‘nai’ আৰু দূৰৱৰ্তী সৰ্বনাম বুজাবৰ বাবে ‘nan’ শব্দ ব্যৱহাৰ কৰা হয়। টাই-আহোম ভাষাত একবচন হ'লে সৰ্বনামৰ আগত আৰু বহুবচন হ'লে সৰ্বনামৰ পিছত নিৰ্দেশবাচক শব্দটো ব্যৱহাৰ হয়।

উদাহৰণ—

নিকটৱৰ্তী **দূৰৱৰ্তী**

একবচন—

‘aː nai’ এইটো ‘aː nan’ সেইটো / সৌটো

‘pʰuː nai’ এইজন ‘pʰuː nan’ সেইজন

বহুবচন—

‘nai kʰau’ এইবোৰ ‘nan kʰau’ সেইবোৰ

নিৰ্দেশবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

‘aː nai rɯn rau’

এইটো আমাৰ ঘৰ।

‘aː nan pi kau’

সেইটো মোৰ কলম।

‘pʰu nai sau pʰa mɯu ban sau pʰa tsɯu zɒn hau tai tsiː zau’

এইজন ৰজাই চাওফা ছিও-জিন্‌ক হত্যা কৰাৰ আদেশ দিলে।

‘taŋ lai nai kʰau tiː mɯŋ’

এইবোৰ সকলো দেশলৈ আগবঢ়ালোঁ।

১.৩ অনিৰ্দিষ্টতাবাচক সৰ্বনাম ঃ

যি কোনো বস্তু বা প্ৰাণীক অনিশ্চিত বা অনিৰ্দিষ্ট ৰূপত বুজাবৰ বাবে ব্যৱহাৰ কৰা সৰ্বনাম শব্দবোৰেই অনিৰ্দিষ্টতাবাচক সৰ্বনাম। আনহাতে টাই-আহোম ভাষাতো এনে সৰ্বনামৰ ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। উদাহৰণ —

‘pʰau tsaŋ’ যিকোনো
‘pʰau kɒ’ কোনো
‘kam phɒŋ’ কিছুমান
‘pʰau kɒi’ কোনোবা

অনিৰ্দিষ্টতাবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

‘pʰau tsaŋ hau kʰɒŋ zau’

যি কোনো বস্তু দিলে।

‘pʰau ka bau tsaŋ lau huŋ man’

তেওঁক জনোৱা, কোনোৱে নাজানে ।

‘kun kam phɒŋ ma ti nai’

ইয়ালৈ মানুহ কিছুমান আহিছে।

১.৪ প্ৰশ্নবাচক সৰ্বনাম ঃ

কোনো এক বিষয়ত প্ৰশ্ন কৰিবলৈ বা প্ৰশ্ন সুধিবলৈ ব্যৱহাৰ কৰা সৰ্বনাম শব্দবোৰেই প্ৰশ্নবাচক সৰ্বনাম। টাই-আহোম ভাষাতো এনে প্ৰশ্নবাচক সৰ্বনামৰ ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। উদাহৰণ—

‘tsaŋ’ কি
‘pʰau’ কোন
‘kɯɲ’ কেইটা
‘naŋ ruː’ কেনেকৈ

প্ৰশ্নবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

‘suː mau ka tsaŋ ne’

তোমাৰ নাম কি?

‘pʰau pʰau pai ti le ne’

ফুৰিবলৈ কোন কোন যাবা ?
'le p^{h}aŋ tsiu suː sau baː tsaŋ kai'
বঙালক ধৰোঁগৈ আপোনালোকে বা কি কয় ?
'sau p^{h}a suː k^{h}au kɒ baː naŋ ruː'
ৰজা ছু খামে ভাৰি কেনেকৈ ক'লে।

১.৫ কালবাচক সৰ্বনাম ঃ

যি কোনো কাল বা সময়ৰ ধাৰণা প্ৰদান কৰিব পৰা সৰ্বনাম শব্দবোৰেই কালবাচক সৰ্বনাম। টাই-আহোম ভাষাতো এনে কালবাচক সৰ্বনামৰ ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। তলত তেনে সৰ্বনাম উদাহৰণসহ দাঙি ধৰা হ'ল—

'mɯu nai'	আজি
'saŋ nai'	এতিয়া
'mɯu nan'	এতিয়া
'mɯu ŋa'	কালি
'mɯu p^{h}uk'	কাইলৈ

কালবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

'mɯu nai dɯn tsi sam luk lan p^{h}i ma la luk p^{h}u kɒn luŋ hau mɯŋ hɒ rai g^{h}at'
আজি ফাগুন-চ'ত মাহত লান ফী মা পৰিয়ালৰ লা লুক বৰফুকনে শৰাইঘাটৰ দুৰ্গটো দিলে।
'saŋ nai rau k^{h}a taŋ ɯuŋ k^{h}a'
এতিয়া আমি সকলো দাস।
'naŋ ma mɯu ŋa zau'
কালি তাই আহিল।
'man tak ma mɯu p^{h}uk'
সি কাইলৈ আহিব।

১.৬ স্থানবাচক সৰ্বনাম ঃ

টাই-আহোম ভাষাত স্থানৰ নিৰ্দেশ প্ৰদান কৰা সৰ্বনাম শব্দবোৰকে স্থানবাচক সৰ্বনাম হিচাপে গ্ৰহণ কৰা হয় আনহাতে টাই-আহোম ভাষাৰ 'tiː' (স্থান) বুজোৱা শব্দটো স্থানবাচক সৰ্বনাম শব্দৰ ক্ষেত্ৰত বিশেষভাৱে ব্যৱহাৰ হয়। উদাহৰণ—

'kai'	দূৰত
'tiː nɯu'	ওপৰত
'tiː tau'	তলত
'tiː t^{h}ai'	ইয়াত
'tiː t^{h}an'	তাত

স্থানবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

'man sau naŋ laː tiː t^{h}ai'
আপুনি ইয়াতে বহক
'tiː nɯu p^{h}u kin mɯŋ au ma kɒi'
ওপৰৰ ৰাজখোৱাক আনিবলৈ ক'লে।
'tiː tau p^{h}u ruː tsau au ma kɒi'
তলৰ হাজৰিকাক আনিবলৈ ক'লে।
'mau bau ka tiː t^{h}an'
তুমি তালৈ নাযাবা।

১.৭ আত্মবাচক সৰ্বনাম ঃ

টাই-আহোম ভাষাৰ সৰ্বনামৰ বিভিন্ন ৰূপবোৰৰ দৰে আত্মবাচক সৰ্বনামৰো ব্যৱহাৰ পোৱা যায়। অৱশ্যে এনে সৰ্বনাম এই ভাষাত এটা মাত্ৰ পোৱা যায়। এই সৰ্বনাম যি কোনো বচন আৰু পুৰুষ অনুসৰি একেটা ৰূপে ব্যৱহাৰ হয়। উদাহৰণ—

'pa sau' নিজ / নিজে

আত্মবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

'naŋ pa sau tiː kin'
ছোৱালীজনীয়ে নিজে খাব।
'kau pa sau tak pi tiː kat'
মই নিজে বজাৰলৈ যাম।
'mau pa sau tak het aː mu'
তুমি নিজে কামটো কৰিবা।

১.৮ সম্বন্ধবাচক সৰ্বনাম ঃ

কোনো এক ভাষাৰ বাক্যত ব্যৱহৃত ভিন্ন নাম পদৰ সৈতে সংগতি স্থাপন কৰা সৰ্বনাম শব্দবোৰকে সম্বন্ধবাচক সৰ্বনাম বুলি অভিহিত কৰা হয়। টাই-আহোম ভাষাত এনে সম্বন্ধবাচক সৰ্বনাম একেবাৰে সীমিত বুলি ক'ব পাৰি। উদাহৰণ—

'an' যিজন / যিটো

সম্বন্ধবাচক সৰ্বনামৰ প্ৰয়োগ ঃ

'pɒi an mmu nɯŋ sau tsɯu p^{h}ai pai tiː se mun'
যিটো মাহত স্বৰ্গদেউ ৰংপুৰলৈ গ'ল।
'ban an rau tak pai tiː ha buŋ'
যিটো বাৰে আমি হাবুঙলৈ নাচিবলৈ যাম।

'an rau bau het aː mu uː'

আমি যিটো কাম নকৰো।

২.০ সৰ্বনাম শব্দৰ গঠন ঃ

টাই-আহোম ভাষাত অন্য শব্দৰ দৰে সৰ্বনাম শব্দৰ গঠনৰ বিষয়ে দুই ধৰণে আলোচনা কৰিব পাৰি। যেনে—

- মৌলিক সৰ্বনাম
- সাধিত সৰ্বনাম

অৱশ্যে টাই-আহোম ভাষাৰ সৰ্বনাম শব্দবোৰত গঠনৰ ফালৰ পৰা মৌলিক সৰ্বনামৰ তুলনাত সাধিত সৰ্বনাম অধিক পৰিমাণে ব্যৱহৃত হয়। তলত এনে মৌলিক আৰু সাধিত সৰ্বনামসমূহ উদাহৰণসহ দাঙি ধৰা হ'ল—

২.১ মৌলিক সৰ্বনাম শব্দ ঃ

টাই-আহোম ভাষাত একক অৰ্থবিশিষ্ট সৰ্বনাম শব্দবোৰকে মৌলিক সৰ্বনাম শব্দ হিচাপে ব্যৱহাৰ কৰা হয়। অৱশ্যে টাই-আহোম ভাষাত এনে মৌলিক শব্দ সীমিত। আনহাতে এই ভাষাৰ মৌলিক সৰ্বনাম একৰূপ আৰু দুই ৰূপবিশিষ্ট হয়। উদাহৰণ—

'zim'	অতীত
'lɯn'	পাছত
'ki'	কিমান
'nau'	ভিতৰ
'rem'	কাষত

মৌলিক সৰ্বনাম শব্দৰ প্ৰয়োগ ঃ

'zim mɯu tɯk rɯk puŋ kʰun luŋ kʰun lai' অতীততে খুন লুঙ খুন লাইক ৰজাৰ দায়িত্বভাৰ দি নমাই পঠালে।

'tɯn **lɯn** pʰa tɯu seŋ pʰɒŋ hum zuː tsau bau kʰɯn'

তাৰ পাছত ৰজা হ'ব পৰা দেৱতা কোনো নাছিল।

'rau kɒ saŋ ruː

আমি এই বিষয়ে জানোঁ।

'**kau** bau ruː kʰɒ nai'

মই এই বিষয়ে নাজানো।

'**lɯn** kun kʰau mɯŋ nau maː zau'

পাছত মানুহবোৰ দেশৰ ভিতৰলৈ সোমাই আহিল।

'raː gʰa pʰu ke luŋ tsat maː zu rem nam tiː hɛt tiː an'

ৰাঘ বৰুৱাই টিলাও নদীৰ কাষতে নাওবোৰৰ সৈতে থাকিল।

২.২ সাধিত সৰ্বনাম শব্দ ঃ

টাই-আহোম ভাষাত দুটা বা ততোধিক মৌলিক শব্দ সংযোগত সাধিত সৰ্বনাম শব্দবোৰ গঠন হয়। উদাহৰণ—

মুক্তৰূপ	মুক্তৰূপ	সাধিত সৰ্বনাম শব্দ
'mau' তুমি +	'sau' সন্মান অৰ্থত =	'mau sau' আপুনি
'tsɯu' +	'sau' =	'tsɯusau'
তোমালোক	সন্মান অৰ্থত	আপোনালোক
'man' তেওঁ +	'sau' সন্মান অৰ্থত =	'man sau' তেওঁলোক
'pin' দিশ +	'nai' এইটো =	'pin nai' এইপিনে
'pin' দিশ +	'nan' সেইটো =	'pin nan' সেইপিনে
'mɯu' সময় +	'nan' সেইটো =	'mɯu nan' সেইসময়ত
'mɯu' সময় +	'nai' এইটো =	'mɯu nai' এইসময়
'mɯu' সময় +	'pʰuk' =	'mɯu pʰuk' কাইলৈ
'saŋ' বৰ্তমান +	'nai' এইটো =	'saŋ nai' এতিয়া

সাধিত সৰ্বনাম শব্দৰ প্ৰয়োগ ঃ

'mau sau tak kʰa pʰau pʰan pʰau kɒ kʰau kam'

আপুনি সততাৰ নামত শপত খোৱাব নোৱাৰিব।

'mau sau tak maː tiː gu aaː haː ti'

স্বৰ্গদেউ আপুনি গুৱাহাটীলৈ আহিব।

'saŋ nai tsɯu sau kau bau pʰa tak pin'

এতিয়া মই আপোনালোকৰ ৰজা হ'ব নিবিচাৰো

'kau kɒ pin pʰɒm tsɯu sau aŋ het tsɯk'

মই আপোনালোকৰ সহায় হ'লে যুদ্ধ কৰিব খোজোঁ।

'kau tsɯu sau kʰa auː '

মই আপোনালোকৰ দাস।

'ban rai seu kʰau sau kin zau'

তেওঁলোকে ৰাইচেও দিনা খালে।

'man sau nai kin mɯŋ sam pi lɯŋ pai pet din zau'

তেওঁৰ শাসন কাল এবছৰ আঠ মাহ।

'mɯu nan tun pʰan pʰu kʰau mɒ tɒk zau'

সেইসময়ত মটকজন ফু-খাউ বংশধৰ আছিল।

'hau mɯu nai pʰu ke luŋ zau '

